सूर्योदय 6:38 सूर्यास्त 6:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.4 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 5.1 न्यू | 23.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74332.00 |
| निफ्टी | 22552.00 |
| सोना 88,900 | चांदी 99,500 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in





बुमराह नहीं खेलेंगे शुरुआती आईपीएल मैच

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 9 मार्च 2025 | 26 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 70, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### नेपाल में 4.1 तीव्रता के भूकंप से हिली धरती



**काठमांडू।** नेपाल में शनिवार सुबह दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, काठमांडू से करीब 300 किलोमीटर दूर बागलुंग जिले में सुबह छह बजकर 20 मिनट पर भूकंप आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.1 थी और इसका केंद्र जिले का खुखानी इलाका था।

### हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकी हुसैन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** यूपी एटीएस ने हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी उल्फत हुसैन को मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। यह कश्मीर के पुंछ जिले का रहने वाला है। मुरादाबाद पुलिस में उल्फत हुसैन पर 25000 का इनाम रखा थाज उल्फत 18 साल से फरार चल रहा था। हुसैन हिजबुल मुजाहिदीन का सदस्य रहा है। पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर में ट्रेनिंग लेने के बाद मुरादाबाद में एक बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचा था।



### शाहरुख, अजय देवगन टाइगर श्रॉफ को नोटिस



**जयपुर।** पान मसाला ब्रांड 'विमल' के एक विज्ञापन को लेकर अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस जयपुर स्थित जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम की ओर से जारी किया है। यहां योगेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति ने शिकायत की थी, जिसके बाद फोरम अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने बॉलीवुड कलाकारों को नोटिस जारी करने को कहा। आरोप लगाया कि पान मसाला का यह विज्ञापन भ्रामक है।

### प्रतिनिधियों की नियुक्ति पर सहमत भारत-अमेरिका

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बहुक्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ प्रतिनिधियों को नियुक्त करने पर सहमति जताई है। इस समझौते पर दोनों पक्षों ने फरवरी में सहमति जताई थी। इस समझौते का मकसद बाजार पहुंच को बढ़ाना, शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करना और आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण को गहरा करना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बिझड़ी में स्टेट बैंक की शाखा का वित्तमंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन -पेज 2
- वापस नहीं होगा स्टेट कैडर का फैसला -पेज 3
- सरकाघाट में सड़क पर किया अवैध कब्जा -पेज 9
- गुजरात कांग्रेस के आधे नेता भाजपा से मिले: राहुल -पेज 13
- भारत और न्यूजीलैंड के बीच महामुकाबला आज -पेज 14


# हम विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33% आरक्षण देने के पक्षधर : सुक्खू

## चंबी मैदान में महिला दिवस पर बोले सीएम, पिछले पंचायतीराज चुनाव में चुनी गईं 56 फीसदी महिलाएं

**संजय अग्रवाल, चंबी ( शाहपुर )**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आने वाले समय में हम महिलाओं को विधानसभा चुनावों में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के पक्ष में हैं। पिछले पंचायतीराज चुनावों में 56 प्रतिशत महिलाएं चुनकर आई हैं। सोनिया गांधी ने तय किया कि देश में महिलाओं को विधानसभा, राज्यसभा व संसद में 33 प्रतिशत का आरक्षण मिलना चाहिए। इसके लिए बिल पास किया गया।

यह बात मुख्यमंत्री सुक्खू ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शाहपुर के चंबी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने समाज में महिलाओं को उचित दर्जा मिले, उसके लिए 73वें व 74वें सविधान संशोधन को लेकर आए। पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया। नगर निगम, नगर परिषद व नगर पंचायत में भी 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि पंचायतों में बहुत कम महिलाएं चुनकर आती थीं। जो परिवर्तन आया, यह राजीव गांधी की सोच के साथ आया। आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। ( अनंत ज्ञान )



### कहा-महिलाओं को 1500-1500 रुपए देने का वादा करेंगे पूरा

सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में एक ऐसा कानून था, जिसमें भूमि के आवंटन में बेटे को तो इकाई मान लिया जाता था, लेकिन बेटी को उसके हक से वंचित कर दिया जाता था। हमारी सरकार ने कानून में बदलाव कर महिलाओं को उनका हक दिया। अभी जो पुलिस की भर्ती हो रही है, उसमें महिलाओं को 30 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया, जो पहले 20 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे को बंद कर हमने महिलाओं से 1500-1500 रुपए देने का वादा किया है, उसे पूरा करेंगे।

### अच्छा होता नड्डा करते जयराम सरकार की आंखों का ऑपरेशन

**कहा-हम एक-एक पन्ना जनता की अदालत में लाएंगे**

**सीएम** सुक्खू ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अच्छा होता नड्डा पूर्व में रही जयराम ठाकुर की सरकार की आंखों ऑपरेशन कर उन्हें ठीक करते और उनकी आंखों को रोशनी देते, तो आज प्रदेश की संपदा लुटने से बच जाती। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम एक-एक पन्ना जनता की अदालत में लाएंगे कि किस प्रकार से भाजपा ने गरीब जनता के पैसे को, किसान व महिलाओं के हक को लूटा है। भाजपा के समय से प्रदेश में नशाखोरी बढ़ी। हमने नशा माफिया पर सख्त कार्रवाई की, जिससे नशाखोरी में 30 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में महत्पूर्ण बदलाव कर रहे हैं। इस साल से हर विधानसभा क्षेत्र में 6 स्कूल, जिसमें सभी टीचर होंगे।

### स्कूल ऑफ एजुकेशन नाम का एक ही शिक्षा निदेशालय होगा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि एक ही शिक्षा निदेशालय होगा। इसका नाम स्कूल ऑफ एजुकेशन रखा जाएगा। पहली कक्षा से बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम से अनिवार्य कर दिया है। हमने विधवाओं के लिए इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना लेकर आए, ताकि वे अपने बच्चों को आगे की शिक्षा दे पाएं। बच्चों की शिक्षा का खर्च हमारी सरकार इस वर्ष से वहन कर रही है। हम कानून में बदलवा कर रहे हैं। पूर्व में जयराम सरकार ने एक हजार संस्थान खोल दिए और गुणात्मक शिक्षा के ढांचे को गिराकर चले गए, जिससे पिछड़ गए।

#### जेपी नड्डा ने महिला समृद्धि योजना की लांच

# दिल्ली में महिलाओं को हर माह मिलेंगे 2500 रुपए

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना लांच कर दी। अब दिल्ली की महिलाओं को हर माह 2500 रुपए मिलेंगे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में योजना शुरू करने की घोषणा की। इससे पहले शनिवार सुबह दिल्ली कैबिनेट की बैठक में योजना को मंजूरी दी गई।

दिल्ली में 72 लाख महिला मतदाता हैं। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा। योजना लांच करते हुए नड्डा ने कहा कि मैं सीएम रेखा गुप्ता और अन्य लोगों को बधाई देता हूं कि दिल्ली में इस योजना को लागू करने के लिए 5100 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। योजना तुरंत शुरू की जाएगी। भाजपा की चुनावी सफलता में महिलाओं की भूमिका को स्वीकार करते हुए नड्डा ने कहा कि दिल्ली की जीत महिलाओं के समर्थन के बिना संभव नहीं थी। योजना का बजट अगले साल बढ़ाया जाएगा। नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि इस योजना के शुरू होने से अब दिल्ली में महिला सशक्तिकरण का काम शुरू हो गया है।

### सीएम बोलीं- शर्तें तय करने के लिए कमेटी बनाई

**मुख्यमंत्री** रेखा गुप्ता ने बताया कि हमने एक कमेटी का गठन किया है। इसकी अध्यक्षता मैं स्वयं करूंगी। इसमें मंत्री प्रवेश वर्मा, कपिल मिश्रा और आशीष सूद भी रहेंगे। कमेटी योजना का पोर्टल बनाने, नियम और शर्तें तय करने पर विचार-विमर्श करेगी।

### रजिस्ट्रेशन के लिए अलग पोर्टल

**महिला** समृद्धि योजना का फायदा उठाने के लिए महिलाओं को ई-रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके लिए पोर्टल और मोबाइल ऐप लांच किया जाएगा। महिलाएं इस पर वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र जमा जैसे जरूरी दस्तावेज जमा करके आवेदन कर सकेंगी।

# मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन हिंसा, 1 की मौत

## 16 घायल, कुकी समुदाय के लोगों ने बसें रोक लगाई आग, सुरक्षाबलों ने दागे आंसू गैस के गोले

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर में कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब 2 साल बाद फ्री ट्रैफिक मूवमेंट शुरू होते ही हिंसा भड़क उठी। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोड़ने वाली सड़कों पर शनिवार को जैसे ही बसें चलनी शुरू हुईं, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आवाजाही रोकने के लिए सड़कों पर पत्थर डाल दिए। सड़कों पर पेड़ काटकर गिरा दिए। कई जगह गाड़ियां खड़ी कर सड़कें रोक दीं। बसों, कारों में आग लगा दी। हिंसा कर रहे लोगों को रोकने के लिए सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। जवाब में प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी की।



**रेड जोन वाले इलाकों में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती**

सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में 1 शख्स की मौत हुई है, जबकि 16 गंभीर रूप से घायल हैं। सुरक्षाबलों की ओर से पैलेट गन का इस्तेमाल होने की भी खबर है। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति इलाकों में जा रही सरकारी बसों को सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस की सुरक्षा में चलाया जा रहा है। इसके अलावा रेड जोन वाले इलाकों में जगह-जगह सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। वहीं, रेड जोन वाले इलाकों में भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है।

मणिपुर के मुख्य सचिव पीके सिंह ने कहा कि राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए हम सभी प्रयास कर रहे हैं। राजधानी इंफाल से चुराचांदपुर के बीच हेलिकॉप्टर सेवाएं 12 मार्च से शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक आवागमन में बाधा डालने के किसी भी प्रयास पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### सुप्रीम कोर्ट ने दो आरोपियों को हाईकोर्ट से मिली जमानत को किया रद्द

# सरकारी नौकरी के पद कम, कैंडिडेट ज्यादा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि देश में सरकारी नौकरियों की चाह रखने वालों की संख्या उपलब्ध नौकरियों से कहीं अधिक है। कोर्ट ने सिविल भर्ती परीक्षा की 'पवित्रता से खिलवाड़' करने के आरोपी दो व्यक्तियों को जमानत देने के राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश को रद कर दिया है।



**सिविल भर्ती परीक्षा में धांधली के हैं आरोपी**

इसने कहा कि इस कृत्य से संभवत: कई अन्य लोग भी प्रभावित हुए, जिन्होंने नौकरी पाने की उम्मीद में ईमानदारी से प्रयास किया था। जस्टिस संजय करोल की पीठ ने कहा कि इस तरह के कृत्य से लोक प्रशासन और कार्यपालिका में लोगों का विश्वास संभवत: कम होता है।

पीठ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण ईमानदारी लोगों में इस तथ्य के प्रति विश्वास पैदा करती है कि कतिपय पदों के वास्तविक हकदार ही ऐसे पदों पर नियुक्त किए गए हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार की ओर से प्रदेश के हाईकोर्ट के पिछले साल मई के आदेश को चुनौती देने वाली अपीलों पर अपना फैसला सुनाया।

### अहम टिप्पणी

**पीठ** ने कहा कि वास्तविकता यह है कि भारत में सरकारी नौकरियों की चाह रखने वालों की संख्या उपलब्ध नौकरियों से कहीं अधिक है। चाहे जो भी हो, प्रत्येक नौकरी जिसमें निर्धारित परीक्षा या साक्षात्कार प्रक्रिया के साथ स्पष्ट रूप से परिभाषित प्रवेश प्रक्रिया है, उसे केवल उसी के अनुसार भरा जाना चाहिए।

# 1 .3 करोड़ देकर ललित मोदी ने खरीदी वनातु की नागरिकता

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष और आईपीएल के संस्थापक ललित मोदी को लेकर विदेश मंत्रालय ने एक नया खुलासा किया है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि ललित मोदी ने अपना भारतीय पासपोर्ट जमा कर दिया है। भगोड़े ललित मोदी ने 1.3 करोड़ देकर वनातु की नागरिकता हासिल कर ली है यानी अब उन्हें भारत लाना और भी मुश्किल होगा।

**लंदन में भारतीय उच्चायोग में अपना पासपोर्ट जमा करवाने को किया आवेदन**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ललित ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना पासपोर्ट जमा करने के लिए आवेदन किया है। मौजूदा नियमों और प्रक्रियाओं के तहत इसकी जांच की जाएगी। हम कानून के तहत उनके खिलाफ मामले को आगे बढ़ा रहे हैं।

# हिमाचल में आज से बारिश और बर्फबारी

## 13 फरवरी तक मौसम रहेगा खराब, 10 को भारी बारिश का येलो अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में बारिश और बर्फबारी होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, हिमालय क्षेत्र में शनिवार रात से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। राज्य में 9 से 13 मार्च तक मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। मौसम विभाग ने 9 को बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। वहीं, 10 मार्च को राज्य के चंबा और कांगड़ा जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

वहीं, जनजातीय लाहौल-स्पीति जिले में कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी का येलो अलर्ट भी जारी किया है। विभाग के अनुसार, 10 मार्च को राज्य के कुल्लू और मंडी जिले में भी बारिश होगी और इस दौरान अंधड़ चलने तथा ओलावृष्टि को लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में घूमने आए पर्यटकों को 12 मार्च के बाद ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जाने से पहले सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। विभाग ने कहा कि बारिश और बर्फबारी के दौरान कुछ क्षेत्रों में रास्ते अवरुद्ध हो सकते हैं, इसलिए यात्रा करने से पहले मौसम का अपडेट अवश्य लें। प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान मौसम सामान्य बना रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य या उसके आसपास दर्ज किया गया। कुछ स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

### केलांग-कुकुमसेरी सबसे ज्यादा ठंडे

**हिमाचल** के केलांग और कुकुमसेरी में सबसे ठंडे रहे हैं। न्यूनतम तापमान -6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, ऊना राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते 24 घंटों के दौरान केवल मनाली में 1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम पूरी तरह शुष्क बना रहा।

# पाक-चीन के बीच मिलीभगत से बड़ा खतरा : सेना प्रमुख

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सेना** प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को चीन और पाकिस्तान की करीबी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच काफी हद तक मिलीभगत है। इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान की करीबी का मतलब है कि दोनों मोर्चों पर वास्तविक खतरा है।

उन्होंने भविष्य को लेकर सेना की तैयारी, मौजूदा संघर्षों से सबक, बांग्लादेश और एलएसी और एलओसी की स्थिति पर भी बात की। पाकिस्तान और बांग्लादेश की नजदीकियों को लेकर सेना प्रमुख ने कहा कि आतंकवाद का केंद्र एक खास देश में है, उसका मेरे पड़ोसी देश के साथ संबंध है, इसलिए चिंतित होने की जरूरत है। बांग्लादेश की भूमिका पर कोई फैसला लेना बहुत जल्दबाजी होगा। हालांकि, बांग्लादेश और भारत की सेना के संबंध बहुत मजबूत हैं। हम किसी भी तरह की गलतफहमी से बचने के लिए नियमित आधार पर नोटों का आदान-प्रदान करते हैं।

# ईडी ने हैदराबाद एयरपोर्ट से बिजनेस जेट किया जब्त



**एजेंसी, हैदराबाद**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एक बिजनेस जेट जब्त किया।

ईडी ने हैदराबाद के फाल्कन ग्रुप और उसके प्रमोटरों के खिलाफ मनी लांड्रिंग की जांच कर रही है। मामला साइबराबाद पुलिस की फाल्कन ग्रुप (कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड) के सीएमडी अमरदीप कुमार और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। प्रमोटरों पर निवेशकों से 850 करोड़ रुपए की ठगी करने का आरोप है। आरोप है कि फाल्कन ग्रुप ने धोखाधड़ी वाले इनवॉइस डिस्काउंटिंग निवेश योजना के जरिए निवेशकों से 1700 करोड़ रुपए इकट्ठा किए। कुल फंड में से 850 करोड़ रुपए वापस कर दिए गए। 6,979 निवेशकों को भुगतान नहीं किया गया।

**विडंबना** झूला पुल से जोड़ने की हो रही वकालत, मंडी की संकरी गलियों में अक्सर भूल जाते हैं पर्यटक


# त्रिलोकीनाथ-पंचवक्त्र मंदिर के जुड़े बिना शिवधाम का सपना अधूरा

**अनिल शर्मा, मंडी**

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

**प्राकृतिक,** ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संपदा ही क्षेत्र विशेष को पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ाती है और मंडी नगर इन तीनों से भरपूर है। चारों ओर पहाड़ियों से घिरा नगर अनायास ही पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां के प्राचीन और विश्व प्रसिद्ध मंदिर व ऐतिहासिक इमारतें दिशाहीन होने के कारण विश्व पटल पर विख्यात नहीं हो पाई है।

मंडी में हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के लोगों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन कुछ कारण ऐसे हैं, जो पर्यटकों के कदमों को रोक देते हैं। मंडी के सबसे प्राचीन और अद्भुत संरक्षित त्रिलोकीनाथ व प्रलयकाल में स्थिर रहने वाला पंचवक्त्र मंदिर नदी के आर पार हैं। जो पर्यटक पंचवक्त्र आते हैं, वे त्रिलोकीनाथ नहीं जा पाते और जो त्रिलोकीनाथ आते हैं, वे पंचवक्त्र नहीं जा पाते, क्योंकि दोनों संरक्षित ऐतिहासिक मंदिरों को आने-जाने की दूरी 2 से 3 किलोमीटर है और मंडी की गलियों में पर्यटक अक्सर भूल जाते हैं। जब तक प्राचीन संरक्षित दोनों मंदिर आपस में न जुड़ जाएं, तब तक शिवधाम की परिकल्पना पूर्ण नहीं हो सकती है। ( अनंत ज्ञान )



पंचवक्त्र मंदिर के बीच से नदी पार दिखाई देता त्रिलोकीनाथ मंदिर।

### ऐसे कैसे सार्थक होगी शिवधाम की परिकल्पना

पूर्व भाजपा सरकार कंक्रीट से निर्मित शिवधाम के विकसित कर रही थी और हाल ही में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के शुभारंभ को आए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिवधाम के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। कभी कांग्रेस और मंडी सांसद प्रतिभा सिंह शिवधाम प्रोजेक्ट को कोसती थीं, लेकिन परिस्थितियां बदली और सीएम से शिवधाम के लिए 100 करोड़ देने की घोषणा कर नया दांव खेला।

### ऐतिहासिक हैं दोनों मंदिर

**त्रिलोकीनाथ** मंदिर में शारदा लिपि में एक शिलालेख लगा है, जो 11वीं शताब्दी को इंगित करता है और पंचवक्त्र में भी एक स्तंभ पर दुर्लभ लिपि में कुछ अंकित किया है, जो इनके महत्व और निर्माण समय को कई शताब्दियों पुराना साबित करती है। इसके साथ दोनों मंदिरों की शैली भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। इन मंदिरों में तंत्र शास्त्र में प्रयोग होने वाले चिन्हों और मूर्तियों को भी स्थापित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### देश को आगे बढ़ाने में महिलाओं का योगदान अहम : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित बैरी पंचायत में कार्यक्रम किया गया। इसमें विधायक कै. रणजीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक ने महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि इस देश को समाज को चलाने में महिलाओं का एक बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। इस मौके पर लगभग 20 महिला मंडल, सेल्फ हेल्प ग्रुपों ने भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 300 महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर विधायक ने सभी महिला मंडलों को डस्टबिन वितरित किए। विधायक के साथ पंचायत प्रधान प्रीतम चंद उपप्रधान, टेक्निकल सहायक व अनिल, प्रदीप उपस्थित रहे।

### त्रिशा कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में त्रिशा पब्लिक स्कूल के संचालक अनुकृति शर्मा ने शिरकत की और स्कूल के अध्यापक प्रतिभा शर्मा भी पधारे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर भाषण, पोस्टर मेकिंग, स्किट, मेंडलिंग का आयोजन किया गया। वहीं डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापकों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि अनुकृति शर्मा ने कहा कि वक्त के साथ महिलाएं घर परिवार चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। कार्यकारी प्राचार्य पूनम भारद्वाज ने मुख्य अतिथि अनुकृति शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्य पूनम भारद्वाज, स्टाफ सदस्य तथा डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापक उपस्थित रहे।

### कमलेश ने महिलाओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत महिला मंडल बैरी भट्ठा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, जिसमें पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने भाग लिया और मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के सचिव गजेंद्र ठाकुर और सेंटर हेड संतोष जरियाल एवं कार्यवाहक संजीव भारती ने भाग लिया तथा महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर पर पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया व केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा महिलाएं आजकल हर क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर भाग ले रही हैं। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर भी जोर दिया व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

### दड़ूही में विशेष महिला ग्राम सभा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को ग्राम पंचायत दड़ूही में विशेष महिला ग्राम सभा का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता पंचायत प्रधान उषा बिरला ने की। उन्होंने महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उषा बिरला ने कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और समाज में सहभागिता को सम्मानित करने का दिवस है। बिरला ने कहा कि महिलाएं न केवल परिवार की रीढ़ होती हैं, बल्कि वे देश, समाज और दुनिया के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस दौरान स्थानीय पंचायत प्रधान उषा बिरला ने पंचायत में आंगनबाड़ी कर्मी, आशा वर्कर, महिला हेल्थ वर्कर, शाहिद परिवार जानो सहित उत्कृष्ट महिलाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों सहित आशा देवी, सुमन बाला, किरण बाला, एएनएम सुशीला को निशा राणा, सुमन देवी, सुमन लता, नीलम कुमारी, शारदा देवी, रेणु देवी, रीता देवी सहित अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

### डीएवी भड़ोली में कार्यशाला का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में रचनात्मक और आलोचनात्मक सोच पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। उन्होंने बताया कि स्कूल ने 8-9 मार्च को मिडिल और सीनियर वर्ग के शिक्षकों के लिए 'रचनात्मक और आलोचनात्मक सोच कौशल' विषय पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया है। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र की शुरुआत गायत्री मंत्रोच्चारण व डीएवी गान से की गई। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने पुष्प गुच्छ देकर सीबीएसई विशेषज्ञ स्नेह लता व सुखप्रीत सिंह का स्वागत किया। इस दौरान संसाधन व्यक्तियों ने आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच के मूल सिद्धांतों पर गहनता से चर्चा की। द्वितीय सत्र में शिक्षकों को कक्षा में छात्रों की रुचि पैदा करने के लिए सीआरएपी मॉडल और चार कोने की रणनीति जैसी विभिन्न रणनीतियों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रथम दिवस की समाप्ति शांति पाठ के साथ की गई।

### होली उत्सव के लिए दिए ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर के राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव-2025 की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए लोक कलाकारों के ऑडिशन शनिवार से यहां उपायुक्त कार्यालय में आरंभ हो गए। पहले दिन 160 से अधिक कलाकार ऑडिशन के लिए पहुंचे। इनमें लोक कलाकारों के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी शामिल थे। जिला हमीरपुर के लोक कलाकारों के ऑडिशन रविवार को भी होंगे, जबकि, सोमवार को अन्य जिलों के लोक कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे।

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी निकालेगी रैफल ड्रॉ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी इस वर्ष एक बड़ा रैफल ड्रॉ निकालने की तैयारी कर रही है, जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में बड़ी लग्जरी गाड़ी देने का प्रस्ताव है। इसके अलावा अन्य पुरस्कारों में दोपहिया वाहन, बड़ी एलईडी, ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन, मोबाइल फोन, टैब और कई अन्य आकर्षक पुरस्कार देने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि, अभी इस रैफल ड्रॉ के प्रारूप को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन संभवत: इसे होली उत्सव के अवसर पर लांच किया जा सकता है और इसका ड्रॉ विश्व रेडक्रॉस दिवस पर 8 मई को निकाला जा सकता है। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि सोसाइटी के रैफल ड्रॉ की रूपरेखा तय की जा रही है। इसका उद्देश्य जिला रैडक्रॉस सोसायटी के लिए अधिक से अधिक फंड एकत्रित करना है, ताकि इस धनराशि से गरीब, असहाय एवं जरुरतमंद लोगों की मदद की जा सके।

# हाउस टैक्स पर मिली 10 प्रतिशत छूट

## लोगों को नहीं पहुंचे हाउस टैक्स के बिल, कैसे जमा करवाएं हाउस टैक्स

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार ने 23 दिसंबर को नगर परिषद हमीरपुर को नगर निगम का दर्जा दिया था और अतिरिक्त दंडाधिकारी राहुल चौहान को पहला आयुक्त नियुक्त भी कर दिया था। नगर निगम बनने के बाद अभी नए बनाए गए वार्डों में कोई भी हाउस टैक्स नहीं लगाया गया है जबकि नगर निगम के 11 वार्डों में रह रहे वाशिंदों को पहले की तरह ही हाउस टैक्स देना होगा, लेकिन नगर निगम की ओर से अभी तक हाउस टैक्स का बिल लोगों को नहीं दिए हैं, जबकि लोग इंतजार कर रहे हैं कि इस बार हाउस टैक्स का बिल नहीं आया है।

हालांकि नगर निगम ने अभी तक कोई भी हाउस टैक्स नहीं बढ़ाया है, लेकिन इसकी जानकारी हाउस टैक्स का बिल आने के बाद ही लगती है। नगर निगम के अधिकारी का कहना है कि नगर निगम के 11 वार्डों में हाउस टैक्स से एक करोड़ 47 लाख रुपए का राजस्व एकत्रित होता है और 11 वार्डों में लगभग 4500 ऐसे घर हैं, जिनसे हाउस टैक्स लिया जाता है। लोगों के पास अभी हाउस टैक्स के बिल नहीं पहुंचे हैं, फिर भी लोग नगर निगम कार्यालय में हाउस टैक्स जमा करवाने के लिए आ रहे हैं।




आम तौर पर हाउस टैक्स के बिल देने की प्रक्रिया जनवरी माह से शुरू की जाती है, लेकिन इस बार इस प्रक्रिया को मार्च में शुरू किया गया है। उन्होंने माना कि इस बार हाउस टैक्स बिल देने में

**31 मार्च तक नगर निगम ने लोगों को दी छूट**

काफी देरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने हाउस टैक्स को नहीं बढ़ाया है और लोग अपने आप ही टैक्स जमा करवाने के लिए आ रहे हैं। इसी माह अभी तक 25 से 30 लाख टैक्स के रूप में जमा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नगर निगम में जो नए वार्ड बनाए गए हैं उनमें अभी कोई हाउस टैक्स नहीं लगाया गया है। नए वार्डों में तीन साल बाद हाउस टैक्स लगाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### पुराना हाउस टैक्स ही लिया जा रहा : चौहान

इस बारे में नगर निगम के आयुक्त राहुल चौहान ने बताया कि हाउस टैक्स के बिल देने में देरी हुई है। उन्होंने बताया कि लोगों को हाउस टैक्स के बिल पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक पुराना हाउस टैक्स ही लिया जा रहा है और लोगों को 31 मार्च तक 10 प्रतिशत छूट भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि लोग नगर निगम कार्यालय में आकर पुराने हाउस टैक्स का भुगतान रहे हैं और अभी तक 25 से 30 लाख रूपए हाउस टैक्स के रूप में जमा हो चुका है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इस राशि में और बढ़ौतरी होगी।

## बिझड़ी में स्टेट बैंक की शाखा का वित्तमंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

**एसके ठाकुर, बड़सर**



बड़सर उपमंडल के मुख्य कस्बे बिझड़ी में भारतीय स्टेट बैंक (चंडीगढ़ मंडल) शाखा का वर्चुअल माध्यम से वित्त मंत्री भारत सरकार निर्मला सीतारमण के द्वारा उद्घाटन किया गया, जिससे स्थानीय लोगों में भी खुशी का माहौल है। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने वर्चुअल उद्घाटन के अवसर पर कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भारतीय स्टेट बैंक की भी अहम भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलू शेट्टी भी वर्चुअल उपस्थित हुए। जिला हमीरपुर के रीजनल मैनेजर राजेश कौंडल अन्य वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

बिझड़ी ब्लॉक स्तर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा खुलने से बिझड़ी और आसपास के गांवों के लोगों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलेगा। इस शाखा में खाता खोलने, जमा और निकासी, ऋण, बीमा और अन्य बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध होंगी। भारतीय स्टेट बैंक के जिला हमीरपुर के रीजनल मैनेजर राजेश कौंडल ने कहा कि बैंक का उद्देश्य लोगों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि नई शाखा खुलने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। खास बात यह रही की एक हिस्से में देश भर में 70 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांचो का वर्चुअल उद्घाटन किया, जिसमें अति आधुनिक सुविधाओं से लैस बिजली ब्रांच भी एक है। बिझड़ी पंचायत के प्रधान संजय शर्मा,व्यापार मंडल के प्रधान रणजीत सिंह बब्बी,स्थानीय दुकानदारों और बिझड़ी सहित ढटवाल क्षेत्र के लोगों ने भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बिझड़ी में खुलने पर खुशी जताई हैऔर केंद्रीय सरकार का आभार जताया।

शाखा प्रबंधक अक्षय संधू ने कहा की बैंक प्रबंधन का आभार प्रास किया है तथा कहा कि शाखा में जो भी वरिष्ठ उपभोक्ता लेन-देन करने आएंगे, उनका हमेशा मान-सम्मान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## उपाध्याय ब्राह्मण एकता संगठन धीरड़ भोरंज कार्यालय का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत उपाध्याय ब्राह्मण एकता संगठन धीरड़ भोरंज कार्यालय का उद्घाटन 8 मार्च को किया गया। आगामी वर्ष आज 11 बजे 2025-26 के लिए चर्चा की गई। इसमें गरीब कन्याओं के विवाह सहायता तथा दान राशि दान कार्यों को समाज सेवा सहायता इत्यादि रूप रेखा प्रदान की। इस सभा में वरिष्ठ सलाहकार तिलक राज शर्मा, रोशन लाल, शांति कांत शर्मा, रमेश चंद, प्रधान पंकज शर्मा, उपप्रधान पंडित नरेश, सचिव पंडित नवीन शर्मा, सहसचिव अश्वनी, कोषाध्यक्ष अभिषेक, सदस्य पंडित कमल किशोर, पंडित रजनीश उपस्थित रहे।

## खंगालता गांव में तेंदुए के आतंक से लोग सहमे

**संजीव कुमार, भोटा।** करेर पंचायत के अंतर्गत पड़ने वाले गांव खंगालता में कुछ समय से तेंदुए का आतंक बढ़ता जा रहा है। इस कारण ग्रामीण खेतों और घासनियों से चारा लाने से भी कतरा रहे हैं। गांव के निवासी बांकू राम, संजय चौहान, अशोक कुमार व राकेश कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह लगभग 9 बजे तेंदुए ने राकेश कुमार के पालतू कुत्ते के ऊपर हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में तेंदुए पिछले लगभग एक माह से यहां पर घूम रहे हैं और आए दिन किसी न किसी कुत्ते को अपना शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वजह से इस गांव के किसान न तो खेतों में खेती कर पा रहे हैं और न ही घासनियों से अपने पशुओं को चारा ला पा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि तेंदुए के डर से गांव के लोग सहमे हुए हैं। उन्होंने वन रेंज अधिकारी आघार से यह आग्रह किया है कि इस गांव में शीघ्र एक पिंजरा लगाया जाए ताकि उन्हें तेंदुए के आतंक से निजात मिल सके। इस बारे वन परिक्षेत्र अधिकारी आघार अंकुश ठाकुर ने बताया कि इन दोनों जंगलों में सूखे पेड़ों के कटान का कार्य चला हुआ है जिसकी वजह से इन दोनों तेंदुए जंगल छोड़कर गांवों के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही हमें पिंजरा उपलब्ध हो जाएगा, वैसे ही उसे खंगालता गांव में स्थापित कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## रेडक्रॉस सोसायटी कर रही सराहनीय कार्य : सुरेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस सोसायटी ने शनिवार को भरेड़ी के डीएवी स्कूल परिसर में रेडक्रॉस मेले का आयोजन किया, जिसमें विधायक सुरेश कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मेले के दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, प्रदर्शनियां, राहत वितरण और अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर सुरेश कुमार ने कहा कि भोरंज में उपमंडलीय इकाई की स्थापना के बाद अल्प अवधि में ही रेडक्रॉस सोसायटी ने सराहनीय कार्य किया है।

इसके माध्यम से कई गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की मदद की जा रही है। विधायक ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी एक ऐसी विश्वव्यापी संस्था है, जो कि असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद करती है। उन्होंने बताया कि वह स्वयं भी इस संस्था से जड़े हुए हैं और क्षेत्र के अन्य लोगों को भी इससे जोड़ने के लिए प्रयासरत हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष के 23 लाभार्थियों को लगभग 5.43 लाख रुपए की राशि के चेक और



**भरेड़ी में आयोजित रेडक्रॉस मेले में 150 लोगों का जांचा स्वास्थ्य**

47 जरूरतमंद लोगों को रेडक्रॉस की ओर से आवश्यक सामग्री की किट्स भी प्रदान कीं।

इससे पहले, एसडीएम एवं उपमंडलीय रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष शशि पाल शर्मा ने विधायक, अन्य अतिथियों तथा रेडक्रॉस के संरक्षकों एवं आजीवन सदस्यों का स्वागत किया तथा भोरंज उपमंडल में रेडक्रॉस की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। रेडक्रॉस मेले के दौरान लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 150 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की तथा दवाइयां वितरित कीं। इसके अलावा रक्तदान शिविर में लगभग 40 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व अध्यक्ष राजीव लाल मैहर, खाद्य आपूर्ति निगम के निदेशक मंडल सदस्य विक्रम शर्मा, रोशन लाल शर्मा, चमन लाल शर्मा, प्रवेश ठाकुर, कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी, विभागों के अधिकारी तथा गणमान्य उपस्थित थे।

## काले अंब पंचायत की बैठक में महिलाओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** काले अंब पंचायत की महिला ग्राम सभा प्रधान निर्मला डोगरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें पंचायत के 5 महिला मंडलों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें महिला मंडल गजोह, महिला मंडल भारीं काले अंब, भारीं भलेड़ा व चकलथाल (गाहरा) ने सांस्कृतिक व भाषा प्रतियोगिता में भाग लिया।

**प्रधान ने नारी शक्ति को विश्व की सबसे बड़ी शक्ति बताया**

प्रतियोगिता के मुकाबलों में महिला मंडल गजोह प्रथम, महिला मंडल काले अंब (समिति) द्वितीय तथा महिला मंडल भलेड़ा तृतीय स्थान पर रहा। इसके अलावा महिला मंडल चकथाल को भी सम्मानित किया गया तथा भाषण प्रतियोगिता में गुंजन ठाकुर प्रथम रही इसको भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान निर्मला डोगरा ने सरकार की महिलाओं के कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी देकर जागरूक किया। प्रधान ने नारी शक्ति विश्व की सबसे बड़ी शक्ति बताया और बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए आग्रह किया। इसके अलावा महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचारों व अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति भी महिलाओं को सतर्क रहने की सलाह दी। पंचायत सचिव अजय शर्मा ने भी अपने बच्चों को नशे से दूर रखने की अपील की। बैठक के अंत में सभी महिलाओं को जलेबी व पकोड़े भी दिए गए।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी और कुलसचिव डॉ. अर्चना नानोटी के आह्वान पर उनकी अगुवाई में शनिवार को धौलाधार ब्वॉयज हॉस्टल और नीलकंठ बॉयज हॉस्टल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों, हॉस्टल समिति के सदस्यों और हॉस्टल निवासियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए एसोसिएट डीन छात्र कल्याण डॉ. प्रदीप कुमार, मुख्य वार्डन डॉ. कुलदीप कुमार शर्मा, स्वच्छ भारत अभियान प्रभारी डॉ. राहुल साहा, स्वच्छता प्रभारी डॉ. अरविंद के. गथानिया, वार्डन डॉ. विक्रम वर्मा सहायक वार्डन हम्माद सिद्दीकी और डॉ. टी. गणेश उपस्थित रहे।

इनके अलावा हॉस्टल कर्मचारी तेज कुमार, दविंदर वर्मा, विनोद कुमार और अटेंडेंट कुलभूषण एवं बलविंदर ने भी इस स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। हॉस्टल समिति के सदस्यों ने भी इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम ने कचरा एकत्र किया, फर्श की सफाई की और हॉस्टल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का प्रयास किया।

मुख्य वार्डन डॉ. कुलदीप कुमार शर्मा और एसोसिएट डीन डॉ. प्रदीप कुमार ने इस अवसर पर स्वच्छता को केवल एक दिन की गतिविधि तक सीमित न रखकर इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। हॉस्टल समिति के सदस्यों और अन्य छात्रों के सहयोग से यह स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## मोदी सरकार ने महिलाओं को किया सशक्त : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के चौरी में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेंद्र राणा का समारोह में पहुंचने पर ढोल नगाड़ों के साथ बड़ी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

कार्यक्रम में सभा स्थल भी छोटा पड़ गया। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की योजनाओं की सराहना की और हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार की संकीर्ण सोच इसी बात से जाहिर हो जाती है कि चौरी में आज के सम्मेलन के लिए जो स्थान निर्धारित किया गया था, वहां सम्मेलन करने की अनुमति स्थानीय विधायक के हस्तक्षेप पर सरकार ने रद्द कर दी



**चौरी में आयोजित समारोह में हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया**

ताकि यह सम्मेलन न हो सके, लेकिन इसके बावजूद महिलाओं का उत्साह कम नहीं हुआ और हजारों महिलाओं ने इस सम्मेलन में शामिल होकर सरकार की इस तानाशाही सोच को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने चुनाव से पहले महिलाओं को 1500 रुपए मासिक भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन अब तक इस वादे को पूरा नहीं किया गया। राजेंद्र राणा ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, चाहे वह राजनीति हो, शिक्षा, विज्ञान, खेल, व्यापार या प्रशासन।

मोदी सरकार की योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और कानूनी रूप से मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं महिला सशक्तिकरण के शुरू से ही पक्षधर रहे हैं और उनकी संस्था को यह गौरव हासिल है कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के महिला मंडलों को 7 बार सम्मानित किया गया है और अब आठवीं बार भी सम्मानित करने का ऐलान किया। उन्होंने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी हुई, तो आने वाले चुनावों में जनता इसका जवाब देगी। राजेंद्र राणा ने अपने संबोधन में समाज से भी आह्वान किया कि महिलाओं को सिर्फ योजनाओं का लाभ ही नहीं, बल्कि बराबरी का अधिकार भी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने घरों में बेटियों को बेटों के समान अवसर देने होंगे। हमें उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और स्वतंत्रता का अधिकार देना होगा। इस अवसर पर दोनों मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, पदाधिकारी व हजारों की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**महिला दिवस पर लिया संकल्प**

इस अवसर पर महिलाओं ने भी महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के अंत में राजेंद्र राणा ने कहा, हम एक ऐसे समाज का निर्माण करेंगे जहां महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और गर्व से कह सकें कि हम सिर्फ किसी की बहन, बेटी या पत्नी नहीं, बल्कि इस समाज की नींव हैं। (अनंत ज्ञान)

## हमीरपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत में 2731 केसों का निपटारा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अदालतों में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए शनिवार को हमीरपुर जिले के तीन न्यायिक परिसरों हमीरपुर, नादौन और बड़सर में भी राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। जिला एवं सत्र न्यायधीश और जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष भुवनेश अवस्थी की अध्यक्षता में लगाई गई इन लोक अदालतों में कई केसों की सुनवाई की गई तथा कई मामलों का त्वरित निपटारा कर दिया गया।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान सुनवाई के लिए आए कुल 9400 केसों में 2731 का त्वरित निपटारा कर दिया गया। इन केसों में 1.26 करोड़ रुपए से अधिक की राशि वसूली गई। कुलदीप शर्मा ने बताया कि इनमें से प्री-लिटिगेशन के 883 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें से 156 का निपटारा कर दिया गया। इनमें 4.14 लाख रुपए की राशि वसूल की गई। पोस्ट-लिटिगेशन के 668 मामलों में से 326 का निपटारा कर दिया गया और इनमें 1.12 करोड़ रुपए से अधिक राशि वसूली गई। मोटर वाहन अधिनियम के 7849 केसों में से 2249 केस निपटा दिए गए और इनमें 10.15 लाख रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाती है। लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए। इससे उनके समय और धन की बचत होगी।

**आयोजन** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का बनाल्ट क्रिकेट ग्राउंड ललीण में किया आयोजन

# देश के विकास में अलग भूमिका में नजर आएगी नारी शक्ति : इंदु गोस्वामी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला स्तरीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन बनाल्ट क्रिकेट ग्राउंड ललीण में किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सदर आशीष शर्मा ने की।

इस मौके पर जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष अर्चना चौहान सहित मंडल शहरी के अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा और जिला एवं मंडल भाजपा से विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद इंदू गोस्वामी ने कहा कि नगर निकायों में नारी शक्ति अपनी भूमिका निभा रही हैं, अब आने वाले समय में विधानसभा और संसद में भी 33 आरक्षण के चलते अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी



और निर्णय शक्ति के रूप में कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारों से नारी शक्ति वंचित रही है, अब उन अधिकारों का उपयोग कर देश के विकास में अलग भूमिका में नजर आएगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का सपना देखा है, उस सपने को साकार करने के लिए नारी शक्ति भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि मां, बहन, पत्नी के रूप में नारी ही किसी व्यक्ति को और सशक्त करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जहां महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न कार्य किए, वहीं कांग्रेस सरकार ने भोली-भाली मातृशक्ति के साथ मात्र छल किया है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को 1500 पए देने की गारंटी दी थी, लेकिन आज दिन तक महिलाओं को यह पैसे नहीं मिले। महिलाएं अब प्रदेश की झूठी सरकार को समझ चुकी हैं। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने शहरी भाजपा मंडल हमीरपुर के करीब 130 महिला मंडलों को दरी व दलीचा भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही विधायक आशीष शर्मा की ओर से गरीब बच्चियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत दो बच्चियों को डेढ़ डेढ़ लाख के चेक भेंट कर सम्मानित किया।

नारा पंचायत की 106 वर्षीय वृद्धा मनसा देवी को भी इस मौके पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक बड़सर इंद्रदत्त लखनपाल ने समस्त नारीशक्ति से आह्वान किया कि अगर नशे के कारोबार को प्रदेश से मिटाना है तो अपने बच्चों को नारीशक्ति ही सुधार सकती है। अर्चना चौहान ने अभी अतिथियों का स्वागत किया। विधायक आशीष शर्मा की धर्मपत्नी स्वाति जार ने उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया। समाजसेवी संतोष शर्मा ने भी कार्यक्रम में आई मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजकुमारी ठाकुर, वीना शर्मा, रीना सिपहिया, मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, तेन सिंह सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## अपराध नियंत्रण एवं समाज सुधार संगठन ने किया मेधावियों का सम्मान



**अनंत ज्ञान, धनेटा**

अपराध नियंत्रण एवं समाज सुधार संगठन की मासिक बैठक धनेटा के त्रिमूर्ति शिव मंदिर में संपन्न हुई।

बैठक में संस्था द्वारा आगामी होने वाले सामाजिक कार्यों को अमलीजमा पहनाया गया, जिसमें युवाओं को चिट्टे के सेवन करने से कैसे बचाया जाए और संस्था ने क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में नशा न करने और नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता कैंप लगाने और धनेटा और आसपास के इलाकों में पर्यावरण की स्वछत्ता कैसे संभव हो, इसका प्रस्ताव पास किया। मासिक बैठक के दौरान संस्था की एक तटस्थ एडहॉक कमेटी का गठन किया किया, जिसमें विजय शर्मा, सुरेंद्र वर्मा, योगराज, राजन चैहान मदन शर्मा को कमेटी सदस्य नयुक्त किया गया। संस्था के सदस्यों ने हिमाचल प्रदेश की विश्व विद्यालय स्नातकोर परिणामों में अव्वल रही मनसाई पंचायत की अंजलि शर्मा को भी सम्मानित किया।

संस्था ने बैठक के दौरान बैठक में उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी। बैठक में अनिल गुलेरिया, किशोरी लाल, योगराज, मदन लाल, जगतर परमार, रमेश चंद, राजेश कालिया, संतोष शर्मा, राजकुमार धीमान, निशु ठाकुर, अमरनाथ, पंकु गुलेरिया, शक्तिचंद, राजकमल, मुकेश कुमार सहित अनेक महिलाओं ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### नीलगाय को बचाने के चक्कर में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, ड्राइवर की मौत



**अनंत ज्ञान, जोल।** पुलिस चौकी जोल क्षेत्र में चौकीमन्यार से गांव कैंट गोशाला के पास ट्रैक्टर ट्रॉली के सामने अचानक नील गाय आ गई ड्राइवर ने नील गाय को बचाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। इससे ट्रैक्टर चला रहे व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस चौकी जोल के विनोद कुमार व हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार ने बताया कि चौकीमन्यार से कैंट की ओर शुक्रवार की रात्रि 9.30 बजे ट्रैक्टर शटरिंग से भरा गांव वसाल की ओर जा रहा था। जिसमें चार लोग सवार थे। रात के समय अचानक चढ़ाई पर आगे से एकदम नीलगाय आ गई और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर 60 फीट गहरी खाई में जा गिरा, जिससे चालक एवं ठेकेदार सुरेश शर्मा गांव वसाल की मौत हो गई और बाकी तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें ऊना अस्पताल पहुंचाया गया।

### 221.39 ग्राम चरस व 24 बोतल शराब समेत दो गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** मनाली व पतलीकूहल पुलिस ने दो अन्य मामलों में बड़ी कामयाबी हासिल की है। एक मामले में मनाली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बरान के समीप लिंक रोड पर कमल (32) पुत्र संजू गांव वामीनाला, भुंतर के कब्जा से 221.39 ग्राम चरस बरामद की। उपरोक्त मामले में धारा 20 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है मनाली पुलिस इस खेप का पता लगाने में जुट गई है। एक अन्य मामले में शुक्रवार को ही थाना पतलीकूहल की टीम ने गश्त के दौरान 15 मील पुल के पास बीर सिंह गांव व डाकघर शिरढ से 24 बोतलें अंग्रेजी शराब बरामद हुई हैं। इस संदर्भ में पुलिस थाना पतलीकुहल में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने इस की पुष्टि की है।

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पटवारी-कानूनगो को दो टूक कहा-

# वापस नहीं होगा स्टेट कैडर का फैसला

**अनंत ज्ञान, गगल**

कांगड़ा दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को 11 दिन से हड़ताल पर गए पटवारी-कानूनगो से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि स्टेट कैडर बनाने का फैसला वापस नहीं होगा। मगर स्टेट कैडर की वजह से किसी की प्रमोशन प्रभावित न हो, इस बात का ध्यान रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने पटवारी कानूनगो से काम पर लौटने की अपील करते हुए कहा कि बजट सत्र के बाद वह अप्रैल में उनके साथ मीटिंग करेंगे। इसमें पटवारी कानूनगो से सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी की प्रमोशन प्रभावित न हो, इसके लिए यदि डिस्ट्रिक एस्टेब्लिशमेंट में भी रखना पड़े तो उस पर भी विचार करेंगे।



पटवारी कानूनगो की स्टेट कैडर वापस करने की नोटिफिकेशन पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यदि नोटिफिकेशन वापस करने लग गई तो उसका मतलब क्या रह जाएगा। उन्होंने कहा कि नोटिफिकेशन में सुधार किया जाएगा। इस दौरान पटवारी कानूनगो ने कहा कि छोटे जिलों में जिन कर्मचारियों की अगले एक दो महीने में प्रमोशन ड्यू है, स्टेट कैडर बनने से उनकी प्रमोशन नहीं हो पाएगी।

### हड़ताल खत्म करनी या कंटीन्यू, इस पर कल करेंगे फैसला : चौधरी

**हिमाचल** प्रदेश पटवारी-कानूनगो यूनियन के अध्यक्ष सतीश चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद हड़ताल को लेकर कल यूनियन की मीटिंग बुलाई जाएगी। इसमें हड़ताल खत्म करने को लेकर फैसला होगा। बता दें कि राज्य सरकार ने बीते माह पटवारी-कानूनगो को स्टेट कैडर बनाया है। इसके विरोध में राज्य के 4000 से ज्यादा पटवारी-कानूनगो 25 फरवरी से हड़ताल पर है। इससे हजारों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ है।

### पटवारी-कानूनगो की हड़ताल से लटके ये काम

**पटवार**-कानूनगो सर्किल दफ्तर में ताले लटके हुए हैं। लोगों के डिमार्केशन, इंतकाल, तकसीम जैसे अनेक काम नहीं हो हो रहे। छात्रों को काउंसलिंग, एडमिशन और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विभिन्न प्रकार से सर्टिफिकेट नहीं मिल रहे। वहीं पटवारी कानूनगो भी मांगे पूरी नहीं होने तक हड़ताल से लौटने को तैयार नहीं है। ऐसे में मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद पटवारी कानूनगो हड़ताल को लेकर जल्द फैसला ले सकते हैं।

## हिमाचल में आपदाओं से निपटने के लिए तैयार होंगे 4070 'युवा आपदा मित्र'

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भयानक आपदाओं से सबक लेते हुए हिमाचल सरकार ने आपदा मित्रों को तैनात करने की योजना बनाई है। आपदा मित्र योजना के दायरे में यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है। करीब 4070 युवा आपदा मित्र तैनात किए जाएंगे। बाकायदा इसे लेकर विशेष कार्य योजना तैयार की गई है। राजस्व विभाग के विशेष सचिव स्तर की निगरानी में एक कमेटी गठित की गई है, जो आपदा मित्रों को लेकर कार्य कर रही है।

**पहले चरण में 9 जिले किए शामिल**

आपदा मित्र योजना के तहत पहले चरण में 9 जिलों में 1500 स्वयंसेवकों को आपदा प्रतिक्रिया ऑपरेशन के लिए प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें कांगड़ा में 300, चंबा में 16, उना व शिमला से 200- 200, हमीरपुर, किन्नौर, कुल्लू और लाहौल-स्पति के 100 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है।

दूसरे चरण के तहत सामुदायिक स्तर पर त्वरित आपदा प्रबन्धन के सुदृढ़ीकरण के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के मध्य एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। इस पहल के तहत प्रदेश के 9 जिलों कांगड़ा, चंबा, सोलन, ऊना, शिमला, हमीरपुर, किन्नौर, कुल्लू और लाहौल-स्पिति में युवा आपदा मित्र योजना क्रियान्वित की जा रही है। यह योजना राष्ट्रीय कैडर कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) और भारत स्कॉउट एंड गाइड्स (बीएसएंडजी) के संयुक्त तत्वावधान में चलाई जा रही है।

इस कार्यक्रम के तहत 4070 युवा स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन पर 7 दिनों का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें एनसीसी के 1500, एनएसएस के 750, एनवाईकेएस के 750 और बीएसएंडजी के 1070 स्वयं सेवक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सफल कराने की तैयारी

**जिला** स्तर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण योजना का सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे और एबीवीआईएमएएस और होमगार्ड एंड सिविल डिफेंस प्रशिक्षण केंद्रों में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आपदा मित्र योजना के तहत केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, कोट बल्लभ जम्मू में 20 मार्च तक हिमाचल प्रदेश के 20 स्वयंसेवक तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह मास्टर ट्रेनर आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### 24,500 स्वयंसेवक भी किए गए प्रशिक्षित

राजस्व विभाग के विशेष सचिव डीसी राणा ने बताया कि ये नवीन प्रयास प्रदेश सरकार की आपदा तैयारी एवं प्रतिक्रिया के लिए युवा स्वयंसेवकों की टास्क फोर्स में सहायक साबित होंगे, जिसके तहत अब तक 24,500 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया है। जिससे प्रदेश के आपदा प्रबंधन को मजबूती मिलेगी और इससे निपटने में आसानी होगी।

## नारी है सहनशीलता और स्नेह की मूर्ति : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा शिमला के कालीबाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिरकत की।

उन्होंने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार देश की मातृ शक्ति को समर्पित सरकार है। नारी उत्थान के लिए प्रधानमंत्री पहले दिन से काम कर रहे हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के साथ बेटियों को समान अवसर देने की उनकी पहल का असर आज पूरे देश में दिखाई दे रही है। आज देश की राष्ट्रपति महिला है। देश की वित्त मंत्री जिनके कंधों पर भारत को आर्थिक महा शक्ति बनाने का जिम्मा है, वह भी महिला हैं। दिल्ली मुख्यमंत्री भी महिला है। देश की कैबिनेट में 6 महिला मंत्री हैं। हिमाचल में लोकसभा में चार में एक और राज्य सभा में तीन में से एक सदस्य महिला है। हिमाचल में नारी शक्ति वंदन कानून के तहत ही काम चल रहा है।



### मातृशक्ति के लिए किया हरसंभव प्रयास

**मेरे** मुख्यमंत्री रहते हमारी सरकार ने मातृशक्ति के लिए हर संभव काम किया। महिलाओं को अपना व्यापार शुरू करने के लिए स्वावलंबन जैसी योजना में 10 प्रतिशत अधिक अनुदान दिया। रसोई को धुंआ मुक्त बनाने के लिए उज्वला योजना के साथ गृहिणी सुरक्षा योजना की शुरुआत की और प्रदेश की चार लाख 80 हजार महिलाओं को निशुल्क के सिलेंडर दिया गया।

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं और देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। महिलाओं की इस उपलब्धि के पीछे उनकी मेहनत, लगन और संघर्ष है। मुख्यमंत्री रहते हुए और उसके बाद भी जितने भी कार्यक्रमों में मेरा जाना हुआ हर जगह मैंने बेटियों का ही दबदबा देखा। कई जगह दीक्षांत समारोह में टॉपर की लिस्ट में टॉप टेन में सभी बेटियां ही बेटियां नजर आई। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज बेटियां हर क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर रही हैं और अपने देश, समाज और परिवार का नाम रोशन कर रही हैं। उनकी उपलब्धि का सबसे बड़ा पहलू यह है कि इसके लिए उन्हें कोई अधिमान देने की आवश्यकता नहीं पड़ी बस उन्हें अवसर दिया गया।

## पहाड़ी इलाकों के विकास के लिए 90:10 के आधार पर मानदंड किया जाए तय : विक्रमादित्य



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने केंद्रीय मंत्री से शहरों के पुनर्विकास के लिए शहरी चुनौती निधि में निर्धारित मानदंडों पर पुनर्विचार करने और उन्हें शिथिल करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य के पहाड़ी इलाकों को ध्यान में रखते हुए 90:10 के आधार पर मानदंड तय करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और कम आबादी के कारण राज्य के शहर शहरी चुनौती निधि में निर्धारित मानदंडों से मेल नहीं खा रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राज्य ने राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के तहत 'एक राज्य एक पोर्टल: नागरिक सेवा' शुरू किया है।

### 5 साल के लिए दिया जाए धन

**उन्होंने** 5 साल के लिए योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए 70 करोड़ रुपए की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों से इसके कार्यान्वयन के लिए आवंटित धनराशि मार्च 2025 तक समाप्त हो जाएगी, इसलिए इस पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने और बनाए रखने के लिए भारत सरकार से धन की आवश्यकता है।

### 3.28 करोड़ रुपए की मांग

**उन्होंने** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत देनदारियों को चुकाने के लिए 3.28 करोड़ रुपए की भी मांग की। मंत्री ने हिमाचल प्रदेश के लिए पार्किंग निर्माण और शहरी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए विशेष धनराशि स्वीकृत करने का भी अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने राज्य को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे से कांप उठती है कांग्रेस : नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के हिमाचल दौरे से घबराए कांग्रेस के नेता एवं मंत्री। झूठे आरोप लगा कर जनता को गुमराह कर रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता, दम है तो कांग्रेस को सच बोलना चाहिए। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे से कांग्रेस कांप उठती है, झूठ बोल जनता को गुमराह करती है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में एक लाख करोड़ के कर्ज के आंकड़े पर कांग्रेस के नेताओं ने पहुंचने का काम किया, यह कर्ज खर्च का हुआ यह अभी तक पता नहीं और इतना कर्ज का पैसा वर्तमान कांग्रेस में लिया है उसकी वजह से हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति खराब हुई है। कर्ज का पैसे खर्च कहां हुआ उसकी पूरी



जानकारी जनता के बीच कांग्रेस पार्टी को लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्ज लिया और एक ढेले का विकास कार्य हिमाचल प्रदेश में नहीं किया और फिर भी केंद्र सरकार को कोसने का काम यह कांग्रेस सरकार कर रही है। यहां तक कि प्रदेश में चले चलाए काम बंद हो गए है, हिमाचल में 11000 करोड़ रुपए केंद्र सरकार ने विकास के लिए भेजे, पर इस सरकार से उस पैसे से सैलरी देने का काम किया।

उन्होंने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल प्रदेश के बेटे हैं और उन्होंने हिमाचल प्रदेश की आवाज को केंद्र सरकार के समक्ष हमेशा उठाया है। जब-जब हिमाचल प्रदेश को आर्थिक मदद या आधुनिक सुविधाओं की जरूरत पड़ी है, तब-तब नड्डा ने केंद्र से मदद राशि लाने में अग्रिम भूमि का निभाई है। शायद कांग्रेस के नेता भूल गए हैं कि आपदा के समय अगर केंद्र से 3000 करोड़ की राशि अगर कोई लाया तो वे जगत प्रकाश नड्डा, अनुराग ठाकुर और जयराम ठाकुर हैं। अगर सच में कांग्रेस के नेता अंधे हो गए हैं तो उसे बात का तो हम कुछ नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सैलरी और पेंशन का भुगतान समय पर नहीं हो रहा है। प्रदेश के कोने-कोने में कर्मचारी, आम जनमानस सरकार के खिलाफ सड़कों पर हैं। एक के बाद एक सरकार को अल्टीमेटम मिल रहे हैं, पर सरकार कुछ नहीं कर रही है।

## रेडीमेड गारमेंटस की दुकान से 55.15 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, नादौन**

पुलिस ने नादौन शहर में एक रेडीमेड गारमेंटस की दुकान से 55.15 ग्राम चरस पकड़ने में सफलता हासिल की है। जिसकी नादौन शहर में खूब चर्चा है। पुलिस की इस कार्रवाई से नशे का धंधा करने वालों में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को भनक लगी थी कि इस रेडीमेड गारमेंटस की दुकान में नशे का धंधा भी हो रहा है। पुलिस टीम इस दुकान में जीनस की पेंट खरीदने के लिए गई और दुकानदार को पेंट दिखाने के लिए कहा। जब दुकानदार ने दिखाने के लिए जीनस की पेंट निकाली तो एक पुड़िया नीचे गिर गई। जिस पर दुकानदार छटपटा गया और पुड़िया को



दुकान में कार्रवाई करती पुलिस।

छिपाने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने जब इस पुड़िया को जांचा तो उसमें चरस पाई गई। पुलिस ने चरस को कब्जे में लेकर दुकान में रखा अन्य सामान भी जांच के लिए खंगाला। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपी दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भाजपा सरकार में हमेशा महिलाओं को मिला सम्मान : प्रो. धूमल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने सभी देश और प्रदेश की महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में हमेशा महिलाओं का सम्मान दिया गया है।



उन्होंने बताया कि उनकी सरकार में महिलाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की गई थीं, जैसे कि माता सबरी महिला सशक्तिकरण योजना, जिससे महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिल सके। इसके अलावा महिलाओं को स्थानीय निकाय और पंचायतीराज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि मोदी सरकार ने महिला उज्वला योजना जैसी स्कीमें चलाई हैं और आज भी भाजपा ने दिल्ली में महिला सम्मान निधि का शुभारंभ किया है, जिसमें 5100 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। उन्होंने इसके लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्र सरकार को बधाई दी है।

## नड्डा ने की आम जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. बिंदल ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उर्वरक एवं रसायन मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का दो दिवसीय प्रवास हिमाचल प्रदेश में हुआ। उन्होंने कहा कि यह प्रवास हिमाचल के जनमानस के लिए अत्यंत कल्याणकारी है।

**चिकित्सा के क्षेत्र में आएगी क्रांति, फोरलेन से हो रहा विकास**



उनके मुताबिक इस देवभूमि हिमाचल के अंदर चिकित्सा के क्षेत्र में, सेवा के क्षेत्र में क्रांति आए। इस दिशा में जगत प्रकाश नड्डा का योगदान, चाहे वह चंबा का मेडिकल कॉलेज हो, हमीरपुर का मेडिकल कॉलेज हो, नाहन का मेडिकल कॉलेज हो तीनों के लिए 265-265 करोड़ रुपए देना, अनेक मातृ शिशु संस्थानों के लिए करोड़ों की धनराशि, कैंसर के अनेक संस्थान खोलने की दृष्टि से धनराशि का प्रावधान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा द्वारा किया गया।

बिंदल ने कहा कि इतना ही नहीं लगातार हिमाचल प्रदेश की जनता की पैरवी करते हुए आज अगर फोरलेन हाईवे का विकास होकर यदि हिमाचल दुनिया के नक्शे के ऊपर उभरता हुआ दिखाई देता है, तो यह नरेंद्र भाई मोदी की सरकार की सबसे बड़ी देन है। इसी प्रकार चाहे वह रेलवे का विकास हो, हर घर में नल के माध्यम से जल पहुंचने की बात हो, हिमाचल के लिए मिलने वाली हर प्रकार की सहायता की बात हो आदि के लिए सहयोग हिमाचल प्रदेश को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि दुखदायी पहलू यह है कि नड्डा का हिमाचल प्रवास होता है और कांग्रेस के नेता अपनी ओछी राजनीति से बाज नहीं आते हैं, अनर्गल बयानबाजी करते हैं और उनकी यह बयानबाजी हिमाचल प्रदेश की जनता का नुकसान करती है।

### झूठी गारंटियों से हर वर्ग नाखुश

**बिंदल** ने कांग्रेस के नेताओं से कहा कि सरकार कांग्रेस की है, प्रदेश की जनता के दुख-सुख को संभालना और उनकी सेवा करना कांग्रेस सरकार व कांग्रेस पार्टी का कर्तव्य है। आपने झूठी गारंटियां देकर प्रदेश के युवाओं, माताओं, बहनो, किसानो को बरगलाया उस संबंध में आपकी बोलने की हिम्मत नहीं। सड़कों पर लोग उतरे हैं, हड़तालें चल रही है उसको संभालने की हिम्मत नहीं है।

## जेपी नड्डा प्रदेश के हितों की रक्षा करने में रहे विफल : अनिरुद्ध सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के हाल ही में बिलासपुर जिला के दौरे के दौरान राज्य सरकार और कांग्रेस पार्टी पर निराधार आरोप लगाने के लिए कड़ी आलोचना की है।

उन्होंने कहा कि नड्डा पिछले कई वर्षों से हिमाचल प्रदेश के हितों की अनदेखी कर रहे हैं और एकाएक हिमाचल के प्रति उनका स्नेह जाग रहा है। वह राज्य में वित्तीय संकट पर अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं, जबकि पिछली भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण हुए वित्तीय कुप्रबंधन को वह भूल गए हैं। जब वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सत्ता की बागडोर संभाली तो हिमाचल प्रदेश पर पहले से ही 75,000 करोड़ रुपए का भारी कर्ज था। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारियों के लंबित बकाए के रूप में 10,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त देनदारियां थीं।

उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार की फिजूलखर्ची के कारण उत्पन्न हुई विकट वित्तीय स्थिति पर अब भाजपा के वरिष्ठ नेता वित्तीय प्रबंधन पर ज्ञान दे रहे हैं। प्रदेश में भय और गलत सूचनाओं को हवा देने के बजाय उन्हें भाजपा के कार्यकाल के दौरान प्रदेश के राजस्व को हुई हानि पर आत्ममंथन करना चाहिए। भाजपा नेता गलत सूचनाएं और केंद्रीय फंड के कुप्रबंधन के बारे में झूठ फैला रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र हिमाचल के हक का अनुदान रोक रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के दौरान राजस्व घाटा अनुदान 10,249 करोड़ रुपए था, जिसे लगातार कम किया जा रहा है। अगले वित्त वर्ष के लिए इसे घटाकर सिर्फ 3,257 करोड़ रुपए कर दिया गया है। जिसका सीधा अर्थ है कि राज्य के विकास के लिए मिलने वाले करीब 7,000 करोड़ रुपए में कटौती की गई है। हिमाचल प्रदेश के हितों के रक्षक बने भाजपा नेताओं को यह बताना चाहिए कि केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल की वित्तीय सहायता में कटौती का क्या कारण है।

**जिज्ञासा**

### पठानिया ने सतीश महाना से विधानसभा परिसर के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां कीं साझा

## हिमाचल की विधानसभा इमारत सबसे पहले घोषित हुई थी राष्ट्रीय असेंबली

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से ठीक दो दिन पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा सचिवालय में दस्तक दी और यहां पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की और उनसे मिलकर विधानसभा कार्यवाही के बारीक पहलू की जानकारी हासिल की।

करीब तीन घंटे के आसपास उन्होंने पूरे विधानसभा परिसर का दौरा किया और यहां की कार्य प्रणाली के बारे में जाना। विधानसभा अध्यक्ष महाना पत्नी व पारिवारिक सदस्यों के



साथ हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय पहुंचे। गौरतलब है कि सतीश महाना पिछले 2 दिनों से हिमाचल राज्य के प्रवास पर हैं तथा राज्य सरकार द्वारा उन्हें राज्य अतिथि घोषित किया गया है। विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ने गुलदस्ता भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पठानिया ने अपने कार्यालय कक्ष में महाना को शॉल-टोपी तथा उनकी पत्नी व पारिवारिक सदस्यों को भी शॉल, मफलर तथा स्टॉल भेंट कर सम्मानित किया। महाना पठानिया के निजी मित्र हैं तथा उन्होने राज्यपाल हिमाचल तथा विधानसभा अध्यक्ष के साथ ही शिष्टाचार भेंट करने का कार्यक्रम रखा था। सदन के अवलोकन के दौरान पठानिया ने कहा कि कौंसिल चैंबर एक ऐतिहासिक इमारत है, जिसका निर्माण वर्ष 1920 से 1925 के 10 लाख की लागत से हुआ था। सदन में अध्यक्ष का आसन बर्मीज टीक से बनी कुर्सी वर्ष 1925 में बर्मा सरकार द्वारा तत्कालीन बर्तानिया सरकार को उपहार स्वरूप भेंट की गई थी, जो आज भी ज्यों की त्यों है। (अनंत ज्ञान)

### उत्तर प्रदेश विधानसभा आने का न्योता

**महाना** ने पठानिया का अतिथि सत्कार करने के लिए आभार प्रकट किया तथा उन्हें उत्तर प्रदेश विधानसभा आने का निमंत्रण दिया। महाना ने कहा कि उनका 2 वर्ष पहले पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में पठानिया से परिचय हुआ था। वहीं, महाना ने पठानिया को उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यप्रणाली तथा क्रिया क्लापों की जानकारी दी तथा विधायी कार्य तथा प्रजातांत्रिक प्रणाली पर चर्चा की।



# हिमाचली रंग









## बाबा बड़ोह मंदिर

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित बाबा बड़ोह मंदिर, राधा-कृष्ण और देवी दुर्गा को समर्पित है। यह मंदिर सफेद संगमरमर से बना है और अपने निर्माण में इस्तेमाल की गई इसी संगमरमर की मात्रा के लिए जाना जाता है।

## एकमात्र मंदिर, जहां दो भागों में बंटा है शिवलिंग

कांगड़ा जिले के इंदौरा उपमंडल में काठगढ़ महादेव का मंदिर है। यह विश्व का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां शिवलिंग दो भागों में बंटा हुआ है। शिवलिंग मां पार्वती और भगवान शिव के दो विभिन्न रूपों में बंटा हैं। ग्रीष्म ऋतु में यह स्वरूप दो भागों में बंट जाता है और शीत ऋतु में पुनः एक स्वरूप धारण कर लेता है।





## अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की झलकियां










सुंदर पालकियों में सज-धजकर विभिन्न क्षेत्रों से आए देवी-देवता और जलेब में शामिल होते हुए देवी-देवता।





## ऊना

ऊना जिले में भागवत कथा के दौरान कलश यात्रा निकालती महिलाएं



सदाशिव ध्यौमेश्वर महादेव मंदिर तलमेहड़ा, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश



## हिमाचल की खूबसूरत प्राकृतिक झीलें



### खज्जियार झील

**खज्जियार** झील हिमाचल प्रदेश की सबसे खूबसूरत झीलों में से एक है। यह झील चंबा जिले में है। कहा जाता है कि इस इस झील के किनारे से कैलाश पर्वत का अद्भुत दृश्य दिखाई देता है। खज्जियार को मिनी स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है।



### रेणुका झील

**सिरमौर** जिला मुख्यालय नाहन से लगभग 38 किमी दूर रेणुका झील एक प्राकृतिक झील है। यह झील अपनी सुंदरता और परिवेश के लिए पूरे भारत में प्रसिद्ध है। इस झील में विभिन्न प्रकार की मछलियां और अन्य जलीय जीवों को भी देख सकते हैं।



### डल झील

**कांगड़ा** जिले में मौजूद डल झील हिमाचल की सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत झीलों में गिनी जाती है। यह समुद्र तल से लगभग 1 हज़ार से भी अधिक मीटर की ऊंचाई पर है।



### चंद्रताल झील

**समुद्र** तल से लगभग 4 हज़ार से अधिक मीटर की ऊंचाई पर स्थित चंद्रताल झील हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ पूर्ण भारत में भी फेमस है। यह झील अर्धचंद्राकार आकार की है, जिस वजह से इसे चंद्रताल कहा जाता है। यह लाहौल-स्पीति में मौजूद है और नीले रंग के पानी के लिए भी फेमस है।



### सूरजताल झील

**सूरजताल** झील भारत की तीसरी सबसे बड़ी झील के रूप में प्रसिद्ध है। इस झील को पौराणिक कथा भी है। कहा जाता है कि यह सूर्य देवता की झील है। एक अन्य मान्यता है कि इस झील में डुबकी लगाने से सभी पाप खत्म हो जाते हैं। यह झील प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफरों के लिए स्वर्ग के समान है।



### पराशर झील

**मंडी** शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर पराशर झील एक फेमस झील है। इस झील के बारे में कहा जाता है कि इस झील का पानी क्रिस्टल क्लियर की तरह है। इस झील के पास एक तीन मंजिला शिवालय भी है जहां आप घूमने के लिए जा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### खड़ानाल का राहुल सेना में बना लेफ्टिनेंट



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ तहसील की खड़ानाल पंचायत निवासी अनुज आचार्य के पुत्र बटालियन अंडर ऑफिसर राहुल आचार्य 11 महीनों के कठिन प्रशिक्षण के उपरांत ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी गया (बिहार) से पासआउट हुए। राहुल आचार्य अब सेना की कोर ऑफ इंजीनियर्स में अपनी सेवाएं देंगे। शनिवार को ओटीए गया के कैप्टन एमवी प्रांजल स्टेडियम में हुई पासिंग आउट परेड के बाद राहुल आचार्य के पिता पूर्व सैनिक सेवानिवृत्त प्रवक्ता एवं लेखक अनुज आचार्य और माता वर्षा आचार्य ने बेटे के कंधों पर स्टार्स लगाए और अपने परिवार की तीसरी पीढ़ी को विधिवत भारतीय सेना में राष्ट्र सेवा हेतु समर्पित किया। इससे पहले वीरवार को ओटीए गया में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल सुकृति सिंह दहिया सेना मेडल, वीएसएम ने ऑफिसर्स कैडेट्स के माता पिता को गौरव पदक देकर सम्मानित किया।

### गुना माता मंदिर परिसर के आसपास की सफाई

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर की रोवर रेंजर इकाई, रेड रिब्बन क्लब, ईको क्लब द्वारा संयुक्त रूप से धर्मशाला मैक्लोडगंज स्थित गुना माता मंदिर के लिए एक दिवसीय ट्रैकिंग कैंप आयोजित किया गया। इसमें 21 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनके साथ ही रोवर रेंजर लीडर प्रो. अजय कुमार, प्रो. सुदेश कुमारी भी इनके साथ रहे। इस कैंप में रोवर रेंजर, ईको क्लब के सदस्यों ने जहां इस पर्वतीय क्षेत्र में माता के मंदिर के आसपास के परिसर की साफ-सफाई की। वहीं रेड रिब्बन क्लब के सदस्यों ने नडडी, बल्लआ गांव के ग्रामीणों और मंदिर परिसर के आसपास स्थित दुकानों के दुकानदारों को टीबी महामारी के लक्षणों कारणों और बचाव के तरीकों की जानकारी भी साझा की। इस कैंप के माध्यम से जहां विद्यार्थियों ने नेतृत्व, एकजुटता, सहयोग की भावना सीखी वहीं उन्हें मंदिर की ऐतिहासिक जानकारी भी प्राप्त हुई।

### समान अधिकार देने से होगा नारी सशक्तिकरण

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा मटौर में संस्थान के सामाजिक प्रकल्प संतुलन के अंतर्गत महिला दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। भक्तजनों को संबोधन करते हुए गुरुदेव सर्व आशुतोष महाराजकी शिष्या साध्वी शांभवी भारती ने कहा संस्थान के सामाजिक प्रकल्प संतुलन जो कि महिला सशक्तिकरण व लिंग समानता प्रकल्प है। नारी सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को समाज में समान अधिकार, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करना। यह केवल एक सामाजिक मुद्दा नहीं, बल्कि एक आवश्यक परिवर्तन है, जो समाज की प्रगति और विकास से जुड़ा हुआ है। जब महिलाएं शिक्षित, स्वतंत्र और सशक्त होती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज को आगे बढ़ाने में सक्षम होती। सशक्तिकरण का अर्थ है, जबरन शक्तिहीनता की स्थिति से शक्ति की स्थिति में जाना है। विडंबना यह है कि आज एक तरफ महिलाएं आसमान छू रही हैं, लेकिन दूसरी तरफ उनके खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं।

### हिरण में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए जमीन दान करने वाला परिवार सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** हिरण पंचायत में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए जमीन देने वाले परिवार को विधायक संजय रत्न ने प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक संजय रत्न ने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास भी किया। संजय रत्न ने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए जमीन दान देने वाले परिवार शकुंतला देवी धर्मपत्नी रविंद्र कुमार को शाल टोपी पहनाकर सम्मानित किया। संजय रत्न ने कहा कि सरकार गांववासियों को घर-द्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हिरण पंचायत में आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बन जाने से क्षेत्रवासियों को घर द्वार पर ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो जाएंगी। सरकार ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध है और चरणबद्ध तरीके से स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क आदि मूलभूत सुविधाओं सहित क्षेत्र में नई योजनाएं लाकर जनता को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है।

# सीएम ने शाहपुर में 30.9 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

## 1.16 करोड़ से चंबी स्टेडियम में पवेलियन ब्लॉक का किया जाएगा निर्माण

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला/शाहपुर**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को कांगड़ा जिला के शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में 30.9 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें 11 करोड़ की लागत से ललेटा–बनु महादेव संपर्क मार्ग का निर्माण, 4.41 करोड़ रुपए की लागत से नेशनल हाईवे 154 से धनोटू वाया बड बस्ती संपर्क मार्ग और 19.86 करोड़ रुपए से भनाला–रूलेहड़ सड़क का उन्नयन शामिल है।

**कहा, ग्रामीण सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता**

इसके अतिरिक्त 5.47 करोड़ रुपए से रिड़कमार–कुठारना सड़क का उन्नयन और 1.16 करोड़ रुपए से रैत (चंबी) स्टेडियम के पवेलियन ब्लॉक का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने राजपूत सभा द्वारा निर्मित महाराणा प्रताप भवन में पूजा-अर्चना भी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रोड कनेक्टिविटी में सुधार, स्थानीय विकास को बढ़ावा देने और खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह सभी पहलें बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और राज्य के लोगों के लिए जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करने के सरकार के दृष्टिकोण का हिस्सा हैं।


### महिलाओं को दी आर्थिक सहायता

**मुख्यमंत्री** ने महिला विकास प्रोत्साहन योजना के तहत शिमला के सक्षम क्लस्टर लेवल फेडरेशन बसंतपुर, रिकांगपिओ की डोलमा नेगी, कुमारसेन की पारुल मिन्हास, मंडी से अंशुल मल्होत्रा, कांगड़ा जिला की निकिता को एक-एक लाख रुपये की धनराशि देकर सम्मानित किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 11 जिलों से सर्वश्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के साथ-साथ 12 जिलों से सर्वश्रेष्ठ स्वयं सहायता समूह को भी सम्मानित किया। उन्होंने कांगड़ा जिला से 10वीं और 12वीं की 10-10 मेधावी छात्राओं को भी नकद पुरस्कार वितरित किए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिला कि 16 महिलाओं और एक गैर सरकारी संगठन को उत्कृष्ट कार्य के लिए भी सम्मानित किया।

### महिलाओं को चंबी में भी हाथ लगी निराशा : कमल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर से भाजपा नेता कमल शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की महिलाओं को प्रदेश के मुखिया से देर से ही सही, लेकिन अपनी एक गारंटी पर मुहर लगाने की उम्मीद थी। प्रदेश की महिलाओं को उम्मीद थी कि कांगड़ा के चंबी में आयोजित कार्यक्रम में सीएम उन्हें 1500 रुपए देने की घोषणा करेंगे, लेकिन आज भी कुछ हासिल नहीं हुआ। महिलाओं को ठगने का दो वर्षो से जो सिलसिला चल रहा था, वह आज भी जारी रहा। महिला सम्मेलन में सिर्फ सरकारी महिला कर्मचारियों को बसों में मात्र लाने का काम किया गया था, जिसमें आंगनबाड़ी, आशा वर्कर को सबसे ज्यादा बुलाया गया था। अग कोई अन्य महिला गलती से आ भी गई थी, वह इसी चक्कर में आई थी सरकार आज अपनी 1500 रुपए देने की गारंटी को पूरा करेगा, लेकिन आज फिर उन्हें निराशा ही हाथ लगी। सरकार की आर्थिक हालत कमजोर पड़ती जा रही है, जो आने वाले दिनों में आमजन के लिए खतरे की घंटी नजर आ रही है।

### हैप्पी बर्थडे



आर्दिका धीमान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### नूरपुर कॉलेज में राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** दो दिनों की गहन चर्चाओं, अभूतपूर्व शोध प्रस्तुतियों और सहयोगात्मक आदान-प्रदान के बाद राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीई-2025) के समापन पर पर्यावरण कार्रवाई के लिए एक शक्तिशाली आह्वान गूंज उठा। हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद द्वारा समर्थित, सम्मेलन में भारत भर से लगभग 100 वैज्ञानिक, पर्यावरण पेशेवर, नीति निर्माता और युवा शोधकर्ता पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने और आगे एक स्थायी मार्ग तैयार करने के लिए एकत्र हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में एक पारंपरिक उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिन्होंने भविष्य के पर्यावरण के विशेषज्ञ को आकार देने में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। संयोजक डॉ. राकेश कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और रोजमर्रा की जिंदगी में स्थायी प्रथाओं को एकीकृत करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन में प्रमुख विशेषज्ञों के विचारोत्तेजक मुख्य व्याख्यान शामिल थे।

# मुख्यमंत्री की शाहपुर में सब जज कोर्ट डीएसपी कार्यालय खोलने की घोषणा

## विधायक केवल पठानिया बोले, दो साल में हुआ चहुंमुखी विकास

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को कांगड़ा जिला के शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के चंबी मैदान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए शाहपुर में सब जज कोर्ट, डीएसपी कार्यालय खोलने की घोषणा की। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत को राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल बनाने, गुरु रविदास भवन शाहपुर के निर्माण के लिए 25 लाख रुपए, दरीणी में जल शक्ति विभाग का सेक्शन खोलने तथा रिड़कमार में 2000 लीटर क्षमता का बल्क मिल्क कूलर स्थापित करने की घोषणा की।

**रैत विद्यालय को राजीव गांधी-डे बोर्डिंग स्कूल बनाने का ऐलान**

उन्होंने पीएचसी रिड़कमार को सीएचसी बनाने, सिविल अस्पताल शाहपुर में आक्सीजन प्लांट स्थापित करने, अल्ट्रासाउंड और डायलिसिस की सुविधा प्रदान करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने पीएचसी लंज के भवन निर्माण के लिए धनराशि प्रदान करने, सिविल अस्पताल शाहपुर और पीएचसी नागनपट में डेंटिस्ट, पीएचसी चड़ी में डेंटल हाइजिनिस्ट का पद स्वीकृत करने, राजकीय महाविद्यालय लंच में बीसीए, बीवॉक तथा पीजीडीसीए कोर्स शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने शाहपुर कॉलेज और आईटीआई शाहपुर का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के नाम पर करने, राजकीय उच्च विद्यालय भनाला का नाम शहीद पवन कुमार तथा पक्का टियाला से चैरी सड़क का नाम बदल कर शहीद मिलाप सिंह जम्वाल के नाम पर रखने की घोषणा भी की। इस मौके पर उपमुख्य सचेतक व शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि पिछले दो सालों में शाहपुर विधान सभा क्षेत्र चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है।

# द्रमण सब्जी मंडी से 10 हजार किसानों को होगा लाभ : मोंगरा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को शाहपुर के द्रमण में विनियमित अनाज, फल और सब्जी मंडी का शिलान्यास किया। यूं तो यह मंडी कांगड़ा के साथ चंबा जिला के किसानों का भी बड़ा सहारा होगी, लेकिन मोटे तौर पर 50 गांवों के 10 हजार किसान-बागवान इससे सीधे लाभान्वित होंगे। यह बात एपीएमसी के कांगड़ा जिला चेयरमैन और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने द्रमण सब्जी मंडी का शिलान्यास होने के बाद कही। निशु मोंगरा ने गगल के निकट अपने ऑफिस में जुटे किसानों-बागवानों को बताया कि हजारों फार्मर्ज की मांग पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिला के हजारों किसानों का दर्द समझा है। लंबे समय से किसान इस सब्जी, फल और अनाज मंडी की मांग कर रहे थे। उनकी मांग को अब लोकप्रिय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूरा करके दिखा दिया है कि वह कांगड़ा जिला के लोगों से कितना प्यार करते हैं। एपीएमसी के कांगड़ा जिला चेयरमैन और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने शाहपुर में करोड़ों रुपए का शिलान्यास करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के अलावा कृषि मंत्री चंद्र कुमार, यादविंद्र गोमा, केवल पठानिया आदि नेताओं को साधुवाद दिया। नीशु मोंगरा ने कहा कि जिला में द्रमण की मंडी को मिलाकर अब ऐसी मंडियों की संख्या 15 हो जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में हिमाचल तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# नारी में समाज को बदलने का साहस : तृप्ता पुंज

## श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी कॉलेज पठानकोट में इंटरनेशनल वीमेन-डे बहुत धूमधाम से मनाया गया। इसमें संस्थान की एमडी तृप्ता पुंज मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्टाफ तथा स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि नारी गौरव है, अभिमान है नारी ने ही रचा विधान है। आज का दिन बहुत खास है, जोकि महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्यार प्रकट करते हुए इस दिन को काफी ज्यादा आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता की अच्छी सोच और उनके द्वारा दिए अच्छे गुणों के कारण ही महिलाएं मजबूत और समाज को बदलने का साहस रखती हैं। महिला दिवस तभी कामयाब है, जब महिलाओं को उनके अधिकारों प्रति जागरूक किया जाए। कार्यक्रम में किरण बाला, प्रीत कौर, मीणा देवी, दीपिका, शिवानी, प्रिंसिपल पुनीत सवाल, सिमरनजीत कौर, नीलाक्षी व विद्यार्थी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)



### श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हुई संगोष्ठी

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के उपलक्ष्य में श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी पठानकोट द्वारा कैंसर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध परामर्शदाता जनरल एवं कैंसर सर्जरी विशेषज्ञ, डॉ. मंजोत कौर मुख्य वक्ता रहीं। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और उपचार विकल्पों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत रिया पुंज (उपाध्यक्ष, एसएसजीआई) द्वारा सभी संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों के गर्मजोशी भरे स्वागत के साथ हुई। उन्होंने इस तरह की जागरूकता पहलों के महत्व पर जोर देते हुए महिलाओं को सशक्त बनाने में इनकी भूमिका को रेखांकित किया।

### महिला का देश की राष्ट्रपति होना हमारा सौभाग्य: परमार

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** भाजपा नेता विपिन परमार ने महिला दिवस के उपलक्ष्य पर प्रेस वार्ता के दौरान नारी शक्ति व समाज को इस दिन पर बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य ही है कि भारत जैसे देश की राष्ट्रपति भी एक महिला ही है। इसके अलावा निर्मला सीतारमण, जिन्होंने आठ बार लोकसभा में बजट पेश कर रिकॉर्ड बनाया है। ऐसे ही अनेकों उदाहरण बीजेपी द्वारा महिलाओं के हित में पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि देश में 8 करोड़ के लगभग सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाए गए हैं !जिसमें महिलाओं द्वारा बनाए गए लोकल प्रोडक्ट्स को रेलवे स्टेशनों तथा हवाई अड्डों पर बेचने की योजना सरकार द्वारा बनाई गई है।

# भाजपा को नंबर वन पार्टी बनाने में कार्यकर्ता का अहम रोल : सिद्धार्थन



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

भाजपा जयसिंहपुर विधानसभा के तीनों मंडलों की संयुक्त बैठक शनिवार को होटल पीक बॉन्ड होटल पंचरुखी में हुई। इसमें भाजपा संगठन महामंत्री सिद्धार्थन उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, इसके पीछे भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत हुई थी, जिसमें हिमाचल की चारों लोकसभा सीटें भाजपा द्वारा जीती गई थीं। आने वाले 2027 के चुनावों में भाजपा को हर बूथ पर विजयी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को आज से ही कमर कस लेनी होगी। इस बैठक में कांगड़ा चंबा क्षेत्र के पूर्ण कालिक विस्तारक राजपाल सिंह, पूर्व विधायक रविंद्र धीमान, जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राणा, हनुमत प्रसाद, उषा राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम शर्मा, महामंत्री आदर्श सूद, राजेश सुधा, ओंकार चंद उपस्थित रहे।

### कृषि सहकारी सभा मनोह सिहाल की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर के तहत पड़ती दी कृषि सहकारी सभा मनोह सिहाल की आम बैठक आगामी 9 मार्च को मनोह में आयोजित की जा रही है। इस बारे जानकारी देते हुए सभा प्रधान सरूप सिंह पठानिया ने क्षेत्र के लोगों से आम सभा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है।

### प्राथमिक शिक्षक संघ फतेहपुर का प्रदर्शन आज

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड फतेहपुर 9 मार्च को एसडीएम कार्यालय परिसर फतेहपुर में रोष प्रदर्शन करेगा। इस बारे जानकारी देते हुए संघ प्रधान बलवीर सिंह ने बताया कि कक्षा नर्सरी से लेकर बाहरवीं कक्षा तक सरकार द्वारा एक ही निदेशालय बनाया जा रहा, जिसके विरोध में 9 मार्च को पूरे हिमाचल में शांतिपूर्वक तरीके से रोष प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में फतेहपुर में भी एसडीएम कार्यालय में संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्य रोष प्रदर्शन करेंगे।

### खैर के मोछों से लदी गाड़ी पकड़ी, तस्कर फरार

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** वन परिक्षेत्र रे के तहत पड़ते मानगढ़-पोलियां मार्ग पर बीती देर रात वन विभाग की टीम को एक बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने खैर के मोछों से लदी एक गाड़ी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। टीम ने गाड़ी तो पकड़ ली, लेकिन खैर तस्कर अंधेरे का लाभ उठाते हुए भागने में सफल रहे। इस बारे में शनिवार को जानकारी देते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि बीती रात विभाग की टीम क्षेत्र की गश्त पर थी। इस दौरान मानगढ़-पोलियां मार्ग पर एक निजी गाड़ी को रोककर तलाशी ली तो उसमे खैर के कटे हुए मोछे पाए गए। इतने में ही गाड़ी में सवार कुछ लोग अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकले। मामले में विभाग की छानबीन जारी है।

### राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शोधार्थियों ने पढ़े शोध पत्र

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में पर्यावरण इतिहास पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई, जिसमें समापन समारोह में डॉ धर्म सिंह, प्रधान वैज्ञानिक सीएसआईआर पालमपुर मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर कुलदीप अत्री ने मुख्य वक्ता को सम्मानित किया। डॉ. धर्म सिंह ने पर्यावरण संरक्षण में विज्ञान की भूमिका पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण के लिए सबसे ज्यादा चुनौती पृथ्वी पर बढ़ते हुए प्लास्टिक और कचरा पदार्थ से है। कचरा प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक विधियां बहुत सहायक हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए पर्यावरण विज्ञान विषय के अंतर्गत शोध कार्यों का लाभ उठाना चाहिए। इस कॉन्फ्रेंस में 150 से ज्यादा विद्वानों और शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

### महिला दिवस पर महिलाओं ने किया झमाकड़ा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** ग्राम पंचायत ठारू में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचायत के महिला मंडलों ने कॉर्ड संस्था तपोवन के साथ मिलकर महिला दिवस धूम धाम से मनाया। कार्यक्रम में स्थानीय महिला मंडल की महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए, कार्यक्रम में गद्दयाली नाटी, हिमाचली झमाकड़ा तथा नशे के खिलाफ लघु नाटिका पेश की गई। साथ ही छोटे बच्चों के डांस तथा अन्य प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही, कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रधान अजय भनियारी ने सभी की सराहना करते हुए बताया कि इस तरह के कार्यक्रम पंचायतों में होने चाहिए जिससे महिलाओं को अपनी शक्तियों का ज्ञान हो तथा उनको अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सके

### नगरोटा सूरियां में मनाया महिला दिवस

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण चंद्र रहे। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दौर महिलाओं का है और वर्तमान समय में उनकी भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में समाजशास्त्र विभाग के प्रो. काकू राम मन्हास ने स्त्रियों की स्थिति पर प्रकाश डाला।

### बारी में युवक से 1.79 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शनिवार को सुबह भवारना पुलिस ने बारी में एक युवक से 1.79 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक की पहचान दीक्षित कटोच पुत्र विनय चंद निवासी गांव बारी डाकघर भवारना तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए उपमंडल पुलिस अधिकारी पालमपुर लोकेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि भवारना पुलिस ने शनिवार सुबह एक युवक से 1.79 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। उन्होंने कहा कि आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# विधायक सुधीर शर्मा ने नवाजी उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया। नवजीवन फाउंडेशन द्वारा रक्कड़ में धर्मशाला की महिलाओं के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम में विधायक सुधीर शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। इसके लिए लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री सूर्य सौर घर योजना विशेष रूप से चलाई गई है, जिसके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा भी अन्य दर्जनों योजनाएं महिलाओं के रोजगार और स्वरोजगार के लिये चलाई गई हैं। नवजीवन फाउंडेशन की चेयरमैन शकुन मनकोटिया ने संस्था द्वारा सामाजिक क्षेत्र में विशेषकर महिलाओं के उत्थान के लिये चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इसके अलावा नाटक के माध्यम से कलाकार श्रोहित वोहरा की टीम ने विधायक सुधीर शर्मा द्वारा करवाए गए विकास कार्यों और महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में महिलाओं के ग्रुप ने गद्दी नृत्य प्रस्तुत कर सबका मनोरंजन किया व अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

**संबोधन** ज्वालामुखी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में बोले लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज

# कांगड़ा में पर्यटन विकास के लिए रेल विस्तार जरूरी

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**



ज्वालामुखी के होटल रामाकृष्णा में शनिवार को कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र का जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका दायित्व है कि वह क्षेत्र के विकास के लिए लोगों की खुशहाली के लिए अपनी आवाज बुलंद करें और क्षेत्र के लोगों को बताना चाहता हूं कि उन्होंने न केवल उनके चुनाव क्षेत्र के चार देवियों के मंदिर को वंदे भारत रेल से जोड़ने की आवाज बुलंद की है, बल्कि जोगिंद्रनगर-पठानकोट नेरोगेज रेलवे ट्रैक को ब्रॉडगेज करने की भी मांग उठाई है और उन्हें रेल मंत्री ने आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही इस पर काम शुरू होगा।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा-चंबा लोकसभा लोकसभा क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक यहां रेल कनेक्टिविटी न हो। उन्होंने कहा कि लोग बसों-टैक्सियों में जाने की बजाए रेल मार्ग से आना-जाना

**लोगों को बसों-टैक्सियों में जाने की बजाए रेलगाड़ी से आना-जाना ज्यादा पसंद**

पसंद करते हैं। यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश में रेल कनेक्टिविटी के अभाव में पर्यटन को वह पंख नहीं लग पाए जो लगने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बड़े-बड़े शक्तिपीठ मौजूद हैं परंतु प्रसाद योजना के अंतर्गत किसी को भी नहीं लाया जा सका है हिमाचल में केवल मात्र चिंतपूर्णी मंदिर ही प्रसाद योजना के अंतर्गत आता है और वह प्रयास करेंगे कि उनके चुनाव क्षेत्र के मंदिर भी केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के अंतर्गत आए, ताकि उनके लिए केंद्र सरकार से अतिरिक्त आर्थिक मदद क्षेत्र के विकास और पर्यटन को विकसित करने के लिए उपलब्ध हो सके।

इस मौके पर उनके साथ पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि जिला भाजपा अध्यक्ष अजय खट्टा, ज्वालामुखी भाजपा अध्यक्ष सरोज कुमारी महामंत्री शैलेंद्र गोस्वामी अशोक चौधरी उपाध्यक्ष रामस्वरूप शास्त्री पूजा डोंगर प्रवक्ता एडवोकेट भावना शर्मा भाजपा नेता श्याम दुलारी एडवोकेट अभिषेक उपाध्याय रामलोक धनोतिया मनोहर लाल चौधरी श्रेष्ठ चौधरी कुंदन शर्मा और कई बड़े भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### मंदिरों के चढ़ावे को योजनाओं में उपयोग करने का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने शनिवार को चामुंडा डाड में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में हिमाचल प्रदेश सरकार पर मंदिरों के धन को सरकारी योजनाओं में उपयोग करने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि यह हिंदू मंदिरों पर सरकारी आक्रमण है, विश्व हिंदू परिषद और हिंदू समाज इसे कतई भी सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश की विश्व हिंदू परिषद की प्रांत बैठक जो चामुंडा में आयोजित की गई है उसमें इस कानून की वापसी के लिए एक उग्र आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल हिंदू मंदिरों पर ही अतिक्रमण क्यों करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### नेरवा कॉलेज में होनहार छात्रों को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, नेरवा।** डिग्री कॉलेज नेरवा में वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश संगठन महासचिव रजनीश किमटा ने मुख्यातिथि तथा विश्वप्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉ. जमाल ए. खान ने विषिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए 131, खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 55, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं रेड रिब्बन, इको क्लब, एनएसएस, रोड सेफ्टी क्लब, रोवर एंड रेंजर्स आदि गतिविधियों के लिए 51 पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

### साहित्यिक पत्रिका बिपाशा का अंक तैयार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाषा एवं संस्कृति विभाग की साहित्यिक पत्रिका विपाशा का अद्यतन अंक प्रकाशित हो चुका है। यह अंक हिमाचली महिला लेखक विशेषांक के रूप में प्रकाशित किया गया है जो कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की सभी महिला लेखिकाओं को समर्पित है। विभाग के निदेशक डॉ. पंकज ललित ने बताया कि 248 पृष्ठ के इस अंक में प्रदेश की प्रथम महिला कथाकार मानी जाने वाली संतोष चौहान चंदेल की कहानी से लेकर अन्य प्रतिष्ठित लेखिकाओं व प्रदेश की कई नवोदित महिला लेखिकाओं की कृतियों को सम्मिलित किया गया है।

### डॉक्यूमेंट्री से प्रदर्शित की महिलाओं की स्थिति

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान डाक्यूमेंट्री और शॉट मूवी के माध्यम से महिलाओं की स्थिति से अवगत करवाया गया। इस दौरान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अनुष्का शर्मा ने महिलाओं की स्थिति और सम्मान पर अपने विचार रखे और बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पारखी ने महिलाओं के सम्मान में स्वरचित काव्य पाठ किया। इस दौरान समाजशास्त्र के प्रवक्ता डॉ. दिनेश शर्मा ने काव्य वाचन किया।

### महिला दिवस पर सुन्नी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्या अंजली चौहान उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। महिला प्रकोष्ठ समन्वयक कुसुम लता ने सभी अतिथि एवं छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। प्रो. मोनिका एवं प्रो. ज्योति ने महिला सशक्तिकरण के विषय में छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन प्रश्नोत्तरी के माध्यम से किया। तत्पश्चात मुख्यातिथि प्राचार्या अंजली चौहान ने महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की।

### फैशन डिजाइनिंग और ब्यूटीशियन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** ग्लोबल स्किल डेवलपमेंट संस्थान सुन्नी द्वारा तत्तापानी में स्थानीय युवाओं को कंप्यूटर, फैशन डिजाइनिंग और ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। तत्तापानी में शनिवार को संस्थान की नई शाखा का शुभारंभ एसएमसी अध्यक्ष तत्तापानी हेमा शर्मा द्वारा किया गया। संस्थान द्वारा स्थानीय और आस पास के क्षेत्रों के युवाओं और युवतियों को कंप्यूटर, फैशन डिजाइनिंग और ब्यूटीशियन का कोर्स करवाया जाएगा। संस्थान के एमडी सोहन लाल ने बताया कि संस्थान द्वारा शनिवार को तत्तापानी में केंद्र का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में संस्थान द्वारा कंप्यूटर शिक्षा और प्रशिक्षण, फैशन डिजाइनिंग और गारमेंट निर्माण तथा ब्यूटीशियन और सौंदर्य प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### डीएवी महाविद्यालय कोटखाई में महिला दिवस पर व्याख्यान

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** डीएवी महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. रोशन लाल वशिष्ट की अध्यक्षता में 'महिला दिवस' पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता विजन दत्ता एक्सीलेंस ग्लोबल स्किल ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन दिल्ली के सदस्य उपस्थित रहे। छात्राओं को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करते हुए ज्ञान और कौशल से किस प्रकार लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है तथा वित्तीय साक्षरता के फायदे बताते हुए आमदनी का सही प्रबंधन करना, गैर जरूरी खर्चों में कटौती करना, बचत की आदत डालना के विषय में अवगत कराया।

### गेयटी थियेटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उपायुक्त अनुपम का आह्वान

# महिलाओं को आगे बढ़ने में करें मदद

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य उन विषयों पर बात करने का है जो महिलाओं के लिए समस्या उत्पन्न करते हैं और उनके उज्जवल भविष्य में बाधा बनते हैं। यह हम सबका कर्तव्य है की हम महिलाओं को आगे बढ़ने में हर संभव सहायता करें।

उपायुक्त आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गेयटी थियेटर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में बतौर मुख्यातिथि महिलाओं को सम्बोधित कर रहे थे। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज शिमला शहर में यातायात को सुगम बनाने का जिम्मा महिलाएं संभाल रही हैं जोकि उनकी मजबूती को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, शिमला जिला की दो लड़कियों ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किक बॉक्सिंग में पदक प्राप्त किये हैं। प्रदेश में 1.20 लाख महिलाएं गाड़ियां चला रही है जो उनकी ताकत को दर्शाता है। (अनंत ज्ञान)



### नशे को खत्म करने के प्रयास : एसएसपी

**वरिष्ठ** पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कहा कि वर्ष 2025 में शिमला से चिट्टा को पूरी तरह खत्म करने के प्रयास पुलिस विभाग द्वारा किए जा रहे हैं और इस मुहीम में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। आज के समय में युवाओं में निराशा है जोकि बेहद चिंताजनक है। युवाओं में निराशा को दूर करने के प्रयास करेंगे।

### हर महिला 3 महिलाओं की करे मदद : संतोष

**बाल** संरक्षण समिति की अध्यक्ष संतोष शर्मा ने कहा कि हर महिला को अपने अधिकारों की जानकारी रखनी होगी तभी हमारा समाज बेहतर बनेगा। इसके अतिरिक्त, हर महिला को कम से कम 3 महिलाओं की मदद करनी चाहिए।

### लोगों को सोच बदलने की जरूरत : ज्योति

**अतिरिक्त** जिला दंडाधिकारी ज्योति राणा ने कहा कि महिलाओं के प्रति लोगों को अपनी सोच बदलने की आवश्यकता है। आज महिला और पुरुष सब सामान है और जब सभी मिलकर चलेंगे तभी समाज सशक्त होगा।

### महिलाओं को एआई का प्रशिक्षण देना जरुरी : मीनाक्षी

**प्रिंसिपल** डिपार्टमेंट ऑफ़ इवनिंग स्टडीज एचपीयू मीनाक्षी पॉल ने कहा कि अभी भी हमें लैंगिक हिंसा को खत्म करने की दिशा में काम करने की जरूरत है। इसके अतिरिक्त, महिलाओं और बेटियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण प्रदान करना भी जरूरी है ताकि आधुनिक समय में वह और सशक्त बने।

### इन्हें किया सम्मानित

**जन्म** के समय सर्वश्रेष्ठ पंचायत बाल लिंग अनुपात में मशोबरा की धरभोग पंचायत, ननखड़ी की जाहु पंचायत, रोहड़ू की कटलेह पंचायत, नाभा पंचायत तथा सतोग पंचायत को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ पंचायत लिंग अनुपात में कुमारसैन की जदून पंचायत, खामडी पंचायत, जगोथी पंचायत, शांति विहार पंचायत तथा कुठार पंचायत को सम्मानित किया गया। बसंतपुर से आंगनबाड़ी सहायिका निर्मला देवी, विद्या देवी, सुपरवाइजर मीरा वर्मा, सहायिका प्रिया, कार्यकर्ता शारदा देवी, सुपरवाइजर अंजु, सहायिका कांता, कार्यकर्ता सविता, सुपरवाइजर सत्या मांटा, सहायिका अनिता, कार्यकर्ता कांता देवी, सुपरवाइजर नवीन, सहायिका कमलेश, कार्यकर्ता प्रियंका, सुपरवाइजर अंजना, सहायिका प्रोमिला, कार्यकर्ता पार्वती, सुपरवाइजर कौशल्या, सहायिका कुशला, कार्यकर्ता नीना, सुपरवाइजर मालती राणा, सहायिका संतोष, कार्यकर्ता देवकली, सुपरवाइजर योग राज केदारता, सहायिका कुसुम लता, कार्यकर्ता जमीनता देवी, सुपरवाइजर निर्मला चौहान तथा सहायिका प्रोमिला, कार्यकर्ता आरती, सुशीला को सम्मानित किया गया।

## महिलाओं को बताए उनके सामाजिक और राजनितिक हक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल युवा कांग्रेस द्वारा शिमला स्थित राजीव भवन में राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।

युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष अमला कश्यप और पूनम चोपड़ा की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और उनके योगदान को समाज में बड़े स्तर पर पहचान दिलवाने का प्रयास किया गया।

समारोह में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह उपस्थित रही और युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष छतर ठाकुर व नगर निगम शिमला की उप महापौर उमा कौशल ने इस आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

## सुन्नी के रुचित चौहान बने लेफ्टिनेंट

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**



सुन्नी के रुचित चौहान भारतीय सेना में प्रशिक्षण प्राप्त कर लेफ्टिनेंट बने है। रुचित चौहान की प्रारंभिक शिक्षा हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी से हुई है। तदोपरांत अगले सत्र की शिक्षा उन्होंने सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा से उत्तीर्ण की और राजकीय महाविद्यालय सुंदरनगर से बी टैक की शिक्षा प्राप्त कर सैन्य परीक्षा उत्तीर्ण। रुचित ने उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, परिवार एवं गुरुजनों को दिया है। (अनंत ज्ञान)

## रामपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर करवाया कार्यक्रम



**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

रामपुर के रैन बसेरा परिसर में महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। स्थानीय नेताओं में पूर्व भाजपा प्रत्याशी कॉल सिंह नेगी, बीजेपी मंडल अध्यक्ष नरेश चौहान, महेंद्र सिंह, जियालाल नंबरदार, दिनेश खमराल, महिला मोर्चा अध्यक्ष बिशना भंडारी व तमाम भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर उन्होंने लोगों से अपील की कि आने वाले चुनाव में वे भाजपा के कॉल सिंह नेगी को समर्थन दें। (अनंत ज्ञान)

## नशे की रोकथाम को आगे आए हर वर्ग : सुशांत

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा की अध्यक्षता में व्यापार मंडल नेरवा, नगर पंचायत नेरवा एवं स्थानीय लोगों के साथ नेरवा थाना में सड़क सुरक्षा एवं नशा निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। व्यापार मंडल नेरवा के अध्यक्ष राजीव भिख्टा, नगर पंचायत नेरवा की अध्यक्ष बबिता एवं नेरवा के व्यापारी मौजूद रहे।

बैठक में नेरवा बाजार में लगने वाले जाम, सड़क सुरक्षा और नशे की रोकथाम को लेकर चर्चा की गई। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने कहा कि सड़क पर वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। नेरवा में लोडिंग और अनलोडिंग का समय भी निर्धारित किया गया। नेरवा बाजार में लोडिंग अनलोडिंग पर पहले की तरह सुबह नौ से दस बजे तक प्रतिबंध रहेगा, जबकि शाम को साढ़े तीन से पांच बजे तक वाहनों से लोडिंग और अनलोडिंग पर प्रतिबंध रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## चौपाल की गोशालाओं में व्यवस्था सुधारने के आदेश

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

उपमंडल चौपाल के अंतर्गत चल रही सभी गोशालाओं का एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान गोशालाओं में व्यवस्था जायजा लिया और गायों की देखभाल और सुरक्षा के संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम ने पशुओं के चारे, पानी और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी जुटाई और पशुपालन विभाग को गोशालाओ की तरफ अधिक ध्यान देने की सलाह दी। वही एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान कहा की जो भी पशु स्वास्थ्य या खान पान की व्यवस्था से जूझ रहे हैं उनके लिए उचित प्रबंध किए जाए जिसमें की प्रशासन के द्वारा हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कोई भी पशु सड़कों पर आवारा नहीं घूमना चाहिए ताकि वह इस कड़कती ठंड व जंगली जानवरों का शिकार न हो जाएं। उन्होंने गोसदन संचालकों को कहा की मौसम खुलते ही टेग लगे पशुओं की पहचान की जाएगी, जिस के लिए पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि पशुओं की पहचान कर असली मालिक को पशु सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा की इससे गोशालाओं में आवारा पशुओं की संख्या कम हो जाएगी जिससे की उन्हें अधिक चारा और अन्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

## सरकार को एसडीएम कसौली से लगाव क्यों : डेजी ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सोलन, भाजपा प्रदेश सचिव एवं पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष डीजे ठाकुर ने



सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा नगर परिषद परमाणु में जिस प्रकार से कार्यकारी अधिकारी की नियुक्तियां की जा रही है उससे वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्न चिन्ह उठना है।

उन्होंने कहा कि ईमानदार अफसर जो इस पद पर लगाए गए थे उनका तबादला कर कुल्लू एवं रामपुर भेज दिया गया। जनता ने सरकार से गुहार लगाई की एसडीएम कसौली अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर पा रहे हैं।

## एचएएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर जितेंद्र सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के द्वारा एचएएस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर जितेंद्र चंदेल को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कटवाल ने कहा कि जितेंद्र चंदेल ने इस परीक्षा को पास करके न केवल अपना बल्कि अपने माता-पिता व पूरे जिले का नाम रोशन किया है। जितेंद्र चंदेल संतोष सिंह चंदेल और कमलेश लता के पुत्र हैं और वह गांव घुमानी, तहसील घुमारवीं से संबंध रखते हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सीनियर सेकेंडरी स्कूल कंदरौर से सन 2011 तक और प्लस वन तथा प्लस टू मिनर्वा पब्लिक स्कूल घुमारवीं से पास किया है। उन्होंने सन 2014 से 2017 तक बिलासपुर महाविद्यालय से बीएससी जूलॉजी और एमएससी पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से वर्ष 2019 में पूरी की है। उन्होंने अपने बारे में बताते हुए कहा कि उनसे पहली दो बार प्री परीक्षा में पास नहीं हुई। तीसरी बार मेरा प्री क्लियर हुआ और उसके बाद मेन्स और इंटरव्यू मेरा पहली बार में क्लियर हो गया। उन्होंने छात्रों के लिए संदेश देते हुए कहा कि हार्ड वर्क के साथ-साथ स्मार्ट वर्क भी जरूरी है और सबसे बड़ी बात मोटिवेशन बहुत जरूरी है और मुझे मोटिवेशन मेरे माता-पिता, मेरे भाइयों और मेरी मंगेतर से मिली। मुझे हमेशा ही मेरे परिवार का सहयोग मिला जिसकी वजह से मैंने कभी भी हार नहीं मानी और आज उन्हीं के आशीर्वाद और ईश्वर की कृपा से मैं यहां तक पहुंचा हूं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने कहा कि हमें बहुत ही गर्व है कि हमारे महाविद्यालय से एक ऐसा हीरा निकला है जो हर तरफ अपनी चमक फैला रहा है।

**बिलासपुर कॉलेज में दिया गया सम्मान**

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लाडली फाउंडेशन ने करवाई साहित्य संगोष्ठी

# नारी को सम्मान देने वाला समाज बढ़ेगा आगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**




लाडली फाउंडेशन एवं रेनबो स्टार क्लब द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत नौणी के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण साहित्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मला राजपूत एवं सुमन चड्ढा द्वारा की गई। इसमें बतौर मुख्यातिथि लाडली फाउंडेशन की राज्य उपाध्यक्ष मोनिका शर्मा ने शिरकत की। हिमाचली परंपरा अनुसार मुख्यातिथि लाडली फाउंडेशन के राज्य उपाध्यक्ष मोनिका शर्मा को निर्मला राजपूत,आरती ठाकुर सुमन चड्ढा, दीक्षा देवी ठाकुर ने स्मृति चिन्ह एवं हिमाचल टोपी से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए मोनिका शर्मा ने कहा कि नारी घर की रौनक है, दुनिया की रोशनी है, हौसले की उड़ान हो तुम, जहां नारी को सम्मान मिलेगा, वहां समाज आगे बढ़ेगा।

सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं लाडली फाउंडेशन जिला बिलासपुर के महासचिव सुमन चढ़ा ने कहा कि जिसके कदम धरती ही न, आकाश में भी तुझको मिले। नारी ने तुझको जन्मा है, नारी की गोद में तू पलता है, मत सोच ये की नारी को दुख से लड़ना न आता है, हर मुश्किल से उसको लड़ना, और सघर्षों से टकराना आता है। आरती ठाकुर ने कहा कि नारी शक्ति का प्रतीक है, जो समाज को संवारने और आगे बढ़ाने की क्षमता रखती है। इस मौके पर महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर रेनबो स्टार क्लब के प्रधान अजय कौशल, लाडली फाउंडेशन के पदाधिकारी दीपिका, शालिनी, वर्षा,दीक्षा, शालू, निर्मला, सोनू, रीटा, विमला, माया, आशा, मीना, सपना, विनीता इत्यादि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मेहंदी प्रतियोगिता में नेहा ने हासिल किया पहला स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के जिला बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त के आदेशानुसार एवं जिला एड्स कंट्रोल प्रोग्राम अधिकारी डॉ. तहसीन के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन महिला मंडल दगराह में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मंडल प्रधान प्रेम लता ने की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल राम अवतार व मस्त राम उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिक्षक राम अवतार ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में घोषित किया गया था जिसे विश्वभर में महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ सुरक्षा और अधिकारों पर चर्चा की गई। स्वास्थ शिक्षक मस्त राम ने महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान अनिमीय मुक्त भारत अभियान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और सहारा जैसी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने एच आई वी/ एड्स सर्वाकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर जैसी बीमारियों के बारे जागरूक किया और इनसे बचाव के बारे में जनकारी दी। इस अवसर पर महिलाओं के लिए मेहंदी व चार्ट मेकिंग तथा गिद्दा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान नेहा, मंजीत कौर, अनिता व चार्ट प्रतियोगिता मे पहला, दूसरा व तृतीय स्थान कमशः मजू, कुलविंद्र कौर व मंजू, गिद्दा प्रतियोगिता में पहला स्थान महिला मंडल दगड़ाहान द्वितीय स्थान महिला मंडल रौणा ज्योर तथा तृतीय स्थान लक्ष्मी महिला मंडल ज्योर ने प्राप्त किया विजेताओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। स्वास्थ शिक्षक राम अवतार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाना और समाज में उनकी सुरक्षा एवं समान को सुनिश्चित करना स्वास्थ विभाग द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने में स्वास्थ्य विभाग निरंतर समय समय पर प्रयास करता रहेगा।

### आतमा परियोजना के तहत झंडूता में किया किसान संगोष्ठी का आयोजन

# किसानों से की प्राकृतिक खेती करने की अपील

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

आतमा परियोजना के अंतर्गत झंडूता में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस किसान संगोष्ठी की अध्यक्षता आतमा परियोजना के चेयरमैन मानेंद्र सिंह चंदेल ने की। वहीं, इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस किसान संगोष्ठी में कृषि विभाग, मत्स्य विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद रहे। विवेक कुमार ने इस दौरान लोगों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कृषि को लेकर अधिकतर लोगों द्वारा नए-नए कैमिकल का प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन यह बेहद ही हानिकारक होते हैं, जिसके चलते लोगों को प्राकृतिक खेती अपनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कैमिकल का प्रयोग करने से कई तरह की बीमारियां बढ़ने का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा इस दौरान प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुखबिंद्र सिंह की अगवाई में किसानों के लिए कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। जिनका लाभ किसान वर्ग को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। विवेक कुमार ने प्रदेश सरकार ने अन्य सभी वर्गों के लिए भी योजनाएं चलाई। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

इस मौके पर बीडीओ झंडूता संजीव पूरी,ब्लाक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सतीश चंदेल, राज कुमार कौशल, जिला परिषद सदस्य प्रोमिला वसू, रणवीर ठाकुर, चंद्र शेखर, सुदर्शन चंदेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा को दिया एडवोकेट एक्ट-1961 के संशोधन को वापस लेने का श्रेय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एचपी एडवोकेट कोर्डिनेशन कमेटी ने एडवोकेट एक्ट 1961 के संशोधन को वापस लेने पर श्रेय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को दिया है, जिसके लिए एडवोकेट कोर्डिनेशन कमेटी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार जताया है। यहां पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए एचपी एडवोकेट कोर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन अधिवक्ता लेख राम नड्डा ने कहा कि एडवोकेट एक्ट 1961 के संशोधन को वापस लेने के मुद्दे पर 28 फरवरी को आंदोलन शुरू हुआ था। इसके चलते पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं ने एडवोकेट कोर्डिनेशन कमेटी के आह्वान पर दो मार्च से लेकर छह मार्च तक अदालती कामकाज से दूरी बनाई रखीं। इस मुद्दे पर एडवोकेट कोर्डिनेशन कमेटी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा व सांसद अनुराग ठाकुर को ज्ञापन प्रेषित किया था। गत छह मार्च को डवोकेट कोर्डिनेशन कमेटी ने इस मुददे पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मंत्री जेपी नड्डा से मिले। करीब एक घंटा तक चली वार्ता के उपरांत केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने देश के कानून मंत्री से बातचीत की और इस संशोधन एक्ट को वापस लेने का ऐलान किया। केंद्र सरकार ने एडवोकेट एक्ट 1961 के संशोधन को वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने इस बात का आश्चवासन दिया है कि भविष्य में इस तरह के मसले पर पहले अधिवक्ताओं से चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक व अधिवक्ता केके कौशल, होशियार सिंह ठाकुर, श्याम लाल ठाकुर, बार संघ के प्रधान विजय ठाकुर, डीआर शर्मा और सरपाल ठाकुर सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### झंडूता में बताई समाज में महिलाओं की भूमिका

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा ठाकुर ने शिरकत की, जबकि झंडूता के विधायक जीत राम कटवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर झंडूता क्षेत्र के विभिन्न महिला मंडलों की सदस्याएं कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचीं। महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सशक्तिकरण और समाज में उनकी भागीदारी को लेकर जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि सीमा ठाकुर ने महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत कदम उठा रही हैं। विधायक जीत राम कटवाल ने भी अपने संबोधन में महिलाओं के योगदान को सराहते हुए उनके उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की कई गणमान्य हस्तियां और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

### घुमारवीं कॉलेज में मनाया विश्व महिला दिवस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ और जेंडर चैंपियन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर अपनी सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. अंजना ने स्वागत भाषण दिया तथा महिला प्रकोष्ठ की सदस्य प्रो. मनोरमा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. रीना शर्मा ने अपनी वक्तव्य में कहा इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमे जेंडर चैंपियन क्लब की सदस्य सिमरन ने भाषण दिया, छात्रावास, बीबीए, बीसीए, अंग्रेजी विभाग और जेंडर चैंपियन क्लब के विद्यार्थीयों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। एमएससी जीव विज्ञान की निधि ने गीत, जेंडर चैंपियन संजना ने जेंडर चैंपियन क्लब के बारे में जानकारी दी। वहीं बीबीए, बीसीए और कॉलेज महिला शिक्षिकाओं द्वारा भी सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं।

### महिला सशक्तिकरण पर दिया व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूत्ता में वीमेन सेल और रेड रिबन क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने की। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोनिका हेल्थ एजुकेटर घुमारवीं से उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने वक्तव्य में महिला सशक्तिकरण के बारे में व्याख्यान दिया। इस दौरान कई प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता में भावना शर्मा ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय तथा मोनिका और अक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रीति ने, द्वितीय स्थान भावना तथा तृतीय स्थान शुभांगी ने प्राप्त किया। नाट्य प्रतियोगिता में शालिनी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा मुस्कान की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रेशम, अनु तथा कोमल ने क्रमशः प्रथम द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान काजल, अनुपमा, अंजली ने प्राप्त किया तथा आरती, भारती, साक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में रेशम ने प्रथम तथा मुस्कान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिला और पुरुष एक ही सिक्के के दो पहलू हैं दोनों को एक दूसरे का आदर सम्मान करना चाहिए तथा महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर में महाविद्यालय का समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग भी उपस्थित रहा।

### महिला दिवस पर आंगनबाड़ी वर्कर्स सम्मानित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जेजवीं के गांव खेड़ी छंजोटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीडीपीओ पवन कुमार ने की। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत बेहतर कार्य करने पर आंगनबाड़ी कुठेड़ा-3 की वर्कर सीमा देवी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सुलोचना देवी, कुसुमलता छंजोटी आंगनबाड़ी, अनीता सुन्हाणी आंगनबाड़ी केंद्र, नीना देवी लग आंगनबाड़ी केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र सुन्हाणी-1, आंगनबाड़ी केंद्र झंझणू की वर्कर मीनू देवी सहित अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू में करवाई जीवन कौशल कार्यशाला

**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू में 5 व 6 मार्च को जीवन कौशल प्रेरणा और पारस्परिक गुण पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इसके साथ ही 6 मार्च को राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के अवसर पर फार्मा अन्वेषण-2025 का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास, प्रेरणा, पारस्परिक गुण और संचार कौशल को बढ़ावा देना था। इस कार्यशाला में हॉरिजोन इन्फोसिस शिमला से विभूति दुबे और पंकज नेगी ने संसाधन व्यक्तियों के रूप में भाग लिया। महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. विनीत मेहता ने कार्यशाला समन्वयक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। कार्यशाला का उद्घाटन 5 मार्च को सुबह 10 बजे महाविद्यालय सभागार में संस्थान के प्राचार्य प्रो. विवेक कुमार शर्मा द्वारा संसाधन व्यक्तियों के स्वागत से किया । संस्थान के प्राचार्य प्रो. विवेक ने विभूति दुबे और पंकज नेगी का विशेष धन्यवाद किया और इस कार्यशाला को सफल आयोजन के लिए डॉ. विनीत मेहता व अन्य स्टाफ का भी धन्यवाद किया । उन्होंने राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस का सफल आयोजन के लिए पीसीआई-प्रभारी व मीडिया-प्रभारी रनीव ठाकुर का भी धन्यवाद किया। इस उपलक्ष पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)

### पीरन में धूमधाम से मनाया महिला दिवस

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** जुन्गा तहसील की ग्राम पंचायत मुख्यालय पीरन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम और महिला सशक्तिकरण पर गहनता से चर्चा की गई । सेवानिवृत मुख्यापक प्रकाश वर्मा ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की । जबकि ग्राम संगठन की प्रधान बिमला वर्मा और महिला मंडल की प्रधान अनिता मेहता ने बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रही । प्रकाश वर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरूषों से आगे बढ़ रही है जोकि गौरव का विषय है । उन्होने महिलाओं से आग्रह किया कि बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि वह आत्मनिर्भर राष्ट्र व समाज की सेवा कर सके। बिमला वर्मा ने इस मौके पर महिलाओं को स्वाबलंबी बनने की सलाह दी।

### मुस्लिम महिलाएं भी समाज निर्माण में दे रही योगदान

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** महिला दिवस के अवसर पर ऑल हिमाचल मुस्लिम वैलफेयर सोसाईटी के मुख्य सलाहकार नसीम दीदान, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष वकील शकील अहमद शेख एवं जिला सिरमौर मुस्लिम वैलफेयर कमेटी के अध्यक्ष कैप्टन सलीम अहमद ने प्रदेश की समस्त महिला शक्ति को बधाई देते हुये कहा कि समाज के लिए यह अति प्रसन्नता की बात है कि आज हर क्षेत्र, समुदाय में सभी समाज विरोधी पुरानी रुढ़िवादी कुरीतियों को त्याग कर महिलाएं उच्च कोटी की शिक्षक, साहित्यकार, संगीतकार नामी राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय उच्च कोटी की कम्पनियों में ऊंचे पद प्राप्त करके देश प्रदेश में समाज को अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। दीदान ने कहा कि प्रदेश मुस्लिम सोसाईटी के अस्तित्व में आने से पहले मुस्लिम महिलाओं में जागरूकता का अभाव था लेकिन सोसायटी द्वारा इस दिशा में पदाधिकारियों ने महिलाओं को प्रोत्साहित व जागरुक किया तथा महिला मण्डलों का निर्माण व रचना करके मुस्लिम महिला मंडल बनाए गए।

### महिलाओं को सेहत के प्रति सचेत रहने को किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ द्वारा 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सामान्य स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के साथ ही वर्तमान स्त्रीरोग संबंधी चिंताएं विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सत्र का संचालन सिविल अस्पताल, रोहड़ू की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पवित्रा मेटान द्वारा किया गया। जिन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता, नियमित जांच, रोकथाम संबंधी देखभाल और स्त्रीरोग से जुड़ी आम समस्याओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने महिलाओं को अपनी सेहत के प्रति सचेत रहने और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया। सत्र की सफलता के उपरांत, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

### चेवड़ी पंचायत में लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

**अनंत ज्ञान सुन्नी।** सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड फाउंडेशन और चेवड़ी पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में महिला दिवस के उपलक्ष्य में तहसील सुन्नी की ग्राम पंचायत चेवड़ी में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान पेट रोग, नेत्र रोग और सामान्य रोग विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की जांच की गई और निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई । शिविर का शुभारंभ एस जे वी एन एल के महा प्रबंधक विपुल ठाकुर ने किया । इस दौरान उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए 20000 रुपए भी भेंट किए । चिकित्सा शिविर के दौरान स्थानीय ग्रामीणों सहित आस पास के क्षेत्रों के लभभग 180 रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और दवाइयां वितरित की ।

### नशे के खिलाफ महिलाओं ने निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में महिला दिवस नशा मुक्तिदिवस के रूप में मनाया और शहर में नशे के खिलाफ प्रभावशाली रैली निकाली जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और सरकाघाट को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए जिसमें कार्यकर्ताओं, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी व आशा वर्करों तथा विभिन्न संगठनों के जुड़े लोगों ने भाग लिया और एकजुट होकर नशे को रोकने का संकल्प लिया। रैली के बाद सरकाघाट उचित भवन में विधायक दिलीप ठाकुर ने अपने सबोधन मे कहा कि नशा समाज की सबसे बड़ी समस्या बन गई है और इसे रोकने में माताओं, बहनों और बेटियों को महिला दिवस पर ये सँकल्प लेना होगा कि वे नशे के खिलाफ गांव गांव में मोर्चा संभालेंगी और इसे रोकने में कामयाबी हासिल करेंगी। आज का युवा मोबाइल फोन में ही डूबा रहता है और व समाज, गांव व परिवार से कटता जा रहा है ।

# बनीखेत के होटल में लगी भीषण आग

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

डलहौजी के उपमंडल के तहत आने वाले बनीखेत गांव में स्थित निजी होटल सनबीम में शनिवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लगने की घटना सामने आई। इस हादसे में करीब 20 से 25 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि समय रहते सभी पर्यटकों और होटल स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे किसी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह होटल की ऊपरी मंजिल में ठहरे कुछ पर्यटक जब सोकर जागे, तो उन्होंने अपने कमरों में धुआं और घुटन महसूस की। पहले तो उन्होंने इसे सामान्य समझा, लेकिन जैसे ही उन्होंने खिड़की से बाहर देखा तो पाया कि होटल के एक हिस्से से काले धुएं का गुब्बार उठ रहा था। स्थिति को गंभीर देखकर पर्यटकों ने तुरंत मदद के लिए शोर मचाना शुरू किया। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और देखा कि होटल के ऊपरी हिस्से में आग तेजी से फैल रही थी। उन्होंने तत्काल अग्निशमन विभाग और स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना दी। जैसे ही अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना मिली, दमकल कर्मियों की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। लेकिन तब तक होटल की दो मंजिलें पूरी तरह से आग की चपेट में आ चुकी थीं।



### दमकल विभाग के कर्मियों ने पर्यटकों और स्टाफ को सुरक्षित निकाला बाहर

स्थानीय लोग आग बुझाने में जुट गए और दमकल विभाग के कर्मियों के साथ मिलकर होटल से पर्यटकों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक होटल को भारी नुकसान हो चुका था।(अनंत ज्ञान)

### एसडीएम ने किया घटनास्थल का दौरा

इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया। डलहौजी के उपमंडलाधिकारी नागरिक (एसडीएम) अनिल भारद्वाज ने घटनास्थल का दौरा किया और होटल मालिकों को हुई क्षति पर संवेदना व्यक्त की। होटल के मालिक शर्मा परिवार इस घटना से बुरी तरह से सहमा हुआ है। उन्होंने बताया कि यह होटल उनकी कई वर्षों की मेहनत का परिणाम था और इस नुकसान की भरपाई करना उनके लिए आसान नहीं होगा।

### आग लगने से हुआ 25 लाख का नुकसान

प्रशासन के मुताबिक, इस आगजनी में लगभग 20 से 25 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। होटल का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह जल चुका है और इमारत को भी भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि होटल मालिक को हर संभव मदद दी जाएगी और घटना के कारणों की जांच की जाएगी।

अभी तक आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि यह हादसा बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ होगा। हालांकि, दमकल विभाग ने इसकी विस्तृत जांच शुरू कर दी है और जल्द ही सही कारणों का पता चल सकेगा। यह घटना डलहौजी के पर्यटन स्थलों में अग्नि सुरक्षा की ओर ध्यान देने की जरूरत को दर्शाती है। प्रशासन और होटल मालिकों को चाहिए कि वे होटलों में आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

हालांकि, दमकल विभाग और स्थानीय लोगों की तत्परता ने इस हादसे को एक बड़ी त्रासदी में बदलने से बचा लिया। अब प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह होटल मालिकों की मदद करे और सुनिश्चित करे कि आगजनी की ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# ऐतिहासिक धरोहर भूरी सिंह म्यूजियम में मनाया चंबा दिवस





**आरके सहगल, चंबा**

ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रतीक 'चंबा दिवस' का भव्य आयोजन भूरी सिंह म्यूजियम, चंबा में किया गया। इस विशेष अवसर का उद्घाटन चंबा सदर विधायक नीरज नैय्यर द्वारा किया गया। यह आयोजन चंबा की समृद्ध कला, परंपरा और ऐतिहासिक धरोहर को नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

इस आयोजन में उन व्लॉगर्स को सम्मानित किया गया, जिन्होंने चंबा की विख्यात और अनदेखी प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक स्थलों और संस्कृति को अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से देश-दुनिया तक पहुंचाया। विधायक ने व्लॉगर्स के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा, डिजिटल युग में व्लॉगर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। (अनंत ज्ञान)

### चंबा की प्रसिद्ध चुख पर विशेष ध्यान

**चंबा** की पारंपरिक चुख (खट्टी-मिट्ठी मिर्च की चटनी) पर भी विशेष चर्चा हुई, जो अपने अद्भुत स्वाद और औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने चुख को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने की सराहना की।

### चंबा की विरासत को मिलेगा नया आयाम

**विधायक** नीरज नैय्यर ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से चंबा की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को नई पहचान मिलेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में सरकार स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों और पारंपरिक व्यवसायों को अधिक समर्थन देगी, जिससे चंबा की धरोहर और अधिक समृद्ध होगी।

# चंबा पुलिस का नशे के खिलाफ कड़ा प्रहार, अपराधियों में मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सदर थाना चंबा पुलिस ने एसएचओ सदर थाना चंबा के नेतृत्व में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर शिकंजा कसा है। हेड कांस्टेबल हेम राज, हेड कांस्टेबल अमित, हेड कांस्टेबल दिलीप और कांस्टेबल अजय की टीम की सतर्क निगरानी और मुस्तैदी से अपराधियों के मंसूबे नाकाम हो गए।

चंबा पुलिस लगातार गश्त और औचक निरीक्षण कर रही है ताकि नशे का नेटवर्क जड़ से खत्म हो। एसएचओ सदर थाना चंबा ने कहा, हमारा लक्ष्य समाज को नशे से मुक्त करना है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### सुरक्षा और जागरूकता पर जोर



- बस स्टैंड, होटलों और संवेदनशील इलाकों में औचक निरीक्षण।
- संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर।
- नशे के दुष्प्रभावों को लेकर अभियान।
- अपराधियों पर सख्त धाराओं में मुकद्दमे।
- सहयोग करें, नशामुक्त चंबा बनाएं।

### लोग नशे की रोकथाम में करें सहयोग

**चंबा** पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपराध रोकथाम में सहयोग करें और नशे की किसी भी सूचना को पुलिस तक पहुंचाएं। आपकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

# शिक्षकों का डिजिटल सशक्तिकरण की ओर बड़ा कदम

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बीआरसीसी ऑफिस चबा में आयोजित तकनीकी वृद्धि कार्यशाला के पांचवें बैच का भव्य समापन समारोह आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चंबा की कार्यकारी प्रधानाचार्य श्रीमती नम्रता शर्मा ने की। कार्यशाला में चबा ब्लॉक, कियाणी, कल्हेल, तिस्सा, गेहरा और मेहला सहित विभिन्न खंडों से आए लगभग 170 शिक्षकों ने भाग लिया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर तकनीक को बढ़ावा देना और शिक्षकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना था। आईसीटी जिला चंबा के समन्वयक श्री विशाल शर्मा ने बताया कि टीजीटी और सीएडवी अध्यापकों के लिए कंप्यूटर एवं केयान की जानकारी अत्यंत आवश्यक है, ताकि प्रत्येक शिक्षक अपने स्तर पर डिजिटल संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग कर सके।

इस समापन समारोह को विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भी मनाया गया। इस दौरान सभी महिला शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया गया। इस कार्यशाला के सफल आयोजन ने सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा के भविष्य को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रखा है। शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बेहद उपयोगी बताया और इसे आगे भी जारी रखने की मांग की।

कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में अभिमन्यु ठाकुर, मनोज कुमार, इमरान खान, आशिश कोमराय और भव्या शर्मा ने शिक्षकों को डिजिटल कौशल सिखाए। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, पॉवरपॉइंट, एक्सेल और कैनवा टूल की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में हेम लता प्रथम

**अनंत ज्ञान, चंबा**



ग्राम पंचायत मैहला के पंचायत भवन में आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं चंबा दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से किया गया, जिसमें समाज की प्रबुद्ध एवं सशक्त महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हितेश शर्मा, जो डाक विभाग से सेवानिवृत्त एवं राष्ट्रीय स्तर की स्वर्ण पदक विजेता धाविका हैं, को पंचायत प्रधान राधा देवी द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में महिषा और कविता पाठ में महक ने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। महिलाओं के सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए ललिता ठाकुर ने जागरूकता संदेश दिया। वहीं, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में हेम लता ने प्रथम और जयता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत पूर्वी ने शानदार नृत्य प्रदर्शन कर सभी का मन मोहा।

### मैहला पंचायत में महिला दिवस एवं चंबा दिवस का भव्य आयोजन

इस आयोजन सहायता समूह, सरस्वती माता स्वयं सहायता समूह, शिव भोले स्वयं सहायता समूह एवं राधा कृष्ण स्वयं सहायता समूह की लगभग 80 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सरस्वती स्वयं सहायता समूह की सचिव अनुराधा शर्मा ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। पंच इच्छया देवी, वार्ड पंच अनीता देवी एवं पंचायत उप प्रधान भुवनेश सिंह कटोच भी उपस्थित रहे। उन्होंने मातृ शक्ति से अपने स्वास्थ्य, स्वच्छता और गांव की सफाई पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

# महिला दिवस पर लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** महिला दिवस की अवसर पर आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला न्यायिक परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश जसवंत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

उन्होंने महिला दिवस की बधाई देते हुए महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं का योगदान किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कहीं ज्यादा ही होता है। शिविर में जिला बार एसो. के अध्यक्ष मदन रावत और वरिष्ठ अधिवक्ता किरण सिंह महिलाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध करवाई जाने वाली विभिन्न निशुल्क सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

# भरमौर की पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे और स्पीकर बने चर्चा का विषय

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर विकास खंड की ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे, एलईडी टीवी और स्पीकर सिस्टम स्थापित किए जाने को लेकर अनियमितताओं की आशंका सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है। इन उपकरणों की खरीद प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि न तो पंचायत प्रधानों को और न ही पंचायत सचिव इस संबंध में स्पष्ट जानकारी दे रहे हैं। पुष्ट सूत्रों के अनुसार, प्रत्येक ग्राम पंचायत को तीन-चैनल सीसी कैमरा के लिए प्रति पंचायत लगभग एक लाख रुपए यानि कुल लगभग इकतीस लाख रुपए खर्च होंगे। सूत्र बताते हैं कि पंचायतें यह राशि बैंक में जमा उनकी राशि पर मिलने वाले ब्याज से खर्च किए जाने की योजना है। जानकारी अनुसार इस वर्ष जनवरी माह में ग्राम पंचायतों द्वारा इन उपकरणों की खरीद के प्रस्ताव पारित कर खंड विकास अधिकारी को भेजे गए थे। पंचायतों का तर्क था कि ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी व वायरलेस स्पीकर सिस्टम की आवश्यकता है।

मगर पता नहीं कोई आया और ग्राम पंचायत कार्यालयों में क्लोज सर्किट कैमरे, एलईडी टीवी व स्पीकर सिस्टम स्थापित कर चला गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुलबीर ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है, और न ही कोई शिकायत उनके पास आई है,अगर कोई शिकायत आएगी तो मामले की जांच की जाएगी।

### सूडोकु नवताल- 7364

***** कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7363 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# कांग्रेस ने महिलाओं के उत्थान के लिए उठाए कई महत्वपूर्ण कदम : दिनेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया प्रभारी व पैनेलिस्ट डॉक्टर दिनेश कुमार ने सभी महिलाओं को बधाई देते हुए बताया कि देश की आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं के उत्थान के लिए कई व्यापक महत्वपूर्ण कदम उठाए है जिस कारण आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रहीं हैं, आज सरकारी सेवा के साथ-साथ प्राइवेट सेवा क्षेत्र मे भी महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की अहम भूमिका ने प्रगति के नए पथ खोले है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने महिलाओं के विकास व आत्मनिर्भरता के लिए कई अहम कदम उठाए हैं।

# पांगी में दिसंबर में ही हो बोर्ड की परीक्षाएं : रजनी

**ओपी शर्मा, भरमौर**



जनजातीय क्षेत्र पांगी में दिसंबर माह में ही कक्षा दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं करवाने की मांग लोगों ने की है।

यहां के लोगों का तर्क है गत दिनों में हुई भारी बर्फबारी के कारण पांगी में स्कूल शिक्षा बोर्ड को मार्च माह में होने वाली परीक्षाओं को रद्द करना पड़ा और समूचा प्रशासन परेशान रहा । कभी परीक्षा सामग्री को लेकर तो कभी विद्यालयों के संचालन को लेकर। आदिवासी कांग्रेस की स्टेट कोऑर्डिनेटर रजनी पठानियाँ ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्खू शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर एवं सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड हिमाचल प्रदेश से यह मांग करते हुए कहा है कि जनजातीय क्षेत्रों में दिसंबर माह में ही कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं करवाई जाए।

यह पहली बार नही इससे पहले भी वर्ष 2005 में दिसंबर महीने में वार्षिक परीक्षाएं करवाई गई है। चूंकि दिसंबर में मौसम इतना विपरीत परिस्थितियों में नहीं रहता है। विद्यार्थी पढ़ाई सुचारू रूप से चलाते हैं और इस महीने में परीक्षाओं का होना विद्यार्थी हित में है।

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

9 मार्च, 2025, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** फाल्गुन, **तिथि** दशमी (07:47): **नक्षत्र** पुनर्वसु (11:56), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** सौभाग्य (02:57) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:08-12:55), **राहुकाल** (04:57-06:25)।

### विशेष दिन

- 09 मार्च : नंदगांव में आज मनाई जाएगी लठमार होली।
- 10 मार्च : आमला एकादशी कल।

**मेष:** कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**वृषभ:** बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। चिंताएं भी कम होगी।

**मिथुन:** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**कर्क:** खान-पान में सावधानी रखें। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**सिंह :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कन्या :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बुरी संगति से बचें

**तुला:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी।

**वृश्चिक:** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**धनु:** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**मकर :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कुंभ :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगी। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**मीन :** अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

# आत्मनिर्भर भारत की ओर एक ऐतिहासिक यात्रा : शिशु गुप्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से 2024 तक भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। इस दशक में आर्थिक सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, और सामाजिक कल्याण की दिशा में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए, जिसने भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति बनने की राह पर आगे बढ़ाया। यह बात भाजपा के जिला चंबा मीडिया प्रभारी शिशु गुप्ता ने कही।

वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन मिले, जबकि आयुष्मान भारत योजना से 50 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने किसानों को सालाना 6,000 की आर्थिक सहायता दी, और ई-नाम पोर्टल ने कृषि बाजार को डिजिटल बनाया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व



**2016** की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक ने भारत की आतंकवाद विरोधी नीति को स्पष्ट किया। अग्निपथ योजना और वन रैंक, वन पेंशन से सेना को मजबूती मिली। 2023 में ₹20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी और सक्रिय भागीदारी ने भारत की वैश्विक साख को ऊंचाई दी।

### सांस्कृतिक पुनरुद्धार

**500** वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण पूरा हुआ। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम का पुनर्निर्माण किया गया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सरदार पटेल की विरासत को सम्मानित करता है।

### महिला सशक्तिकरण और शिक्षा सुधार

**महिला** आरक्षण विधेयक (2023) ने संसद और विधानसभा में 33त्न आरक्षण सुनिश्चित किया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना से लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहन मिला, जबकि तीन तलाक कानून ने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाया। नई शिक्षा नीति से शिक्षा प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाव लाया गया।

### देश बना आत्मनिर्भर

**मोदी** सरकार के 10 वर्षों में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों ने भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ाया है। ये स्वर्णिम दशक भारत के विकास की मजबूत नींव रखता है और एक नए भारत के निर्माण की ओर अग्रसर है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिक्कर**
**विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**पत्र संख्याः** **दिनांक 06/03/2025**

आज दिनांक 06/03/2025 को ग्राम पंचायत टिक्कर की विशेष ग्राम सभा बैठक प्रधान श्रीमति रजनी देवी जी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें उपस्थिति 7/7 रही।

**प्रस्ताव संख्या : 05**

**ग्राम पंचायत टिक्कर में वर्ष 2025-26 के लिए विकास कार्यों को करवाने हेतु निविदाएं आमंत्रित करने बारे विमर्शः-**

ग्राम पंचायत टिक्कर की मासिक बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव रखा गया है कि पंचायत के विकास कार्यों के लिए Sand Crusher, Aggrigate, Boulder, Pukki Eat (Bricks), Samgri Dhulan (Cement), JCB, Shattering, Shattering Slab, Sand Khadd, Agg. Khadd, Sand Plant, Cut Stone, JCB Breaker, Sign Board के लिए वर्ष 2025-26 के लिए निविदाएं आमंत्रित की जानी हैं। इच्छुक सप्लायरों द्वारा निविदाएं पंचायत कार्यालय में 24/03/2025 सांय 5:00 बजे तक जमा करवानी होगी। सभी निविदाएं आगामी पंचायत बैठक में उपस्थित सदस्यों के समक्ष खोली जाएंगी। अतः प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित व पास है।

**नियम व शर्तेंः-** (1) निविदा देने वाले के पास अपना जीएसटी नं. होना चाहिए। (2) सामग्री गाड़ी में जहाँ तक जा सकती है पहुंचानी होगी। (3) पंचायत के सप्लाई आदेश पर ही सामग्री दी जायेगी। (4) यदि सामग्री में सही गुणवता नहीं पाई जाती है या समय पर सप्लाई नहीं दी जाती जिसके कारण यदि कार्य में बाधा पैदा होती है तो आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा एक माह का नोटिस देने पर किसी भी समय निविदा रदद की जा सकती है (5) निविदा स्वीकृत या रदद करने का अधिकार निविदा कमेटी को होगा (6) यदि निविदा किसी व्यक्ति या फर्म की स्वीकृत होती है तो उस व्यक्ति या फर्म को निविदा 20000/- रूपये धरोहर राशि के रूप में पंचायत में जमा करवाने होगें। (7) निविदा खुलने वाली तिथि को जिस भी व्यक्ति या फर्म ने निविदा हेतू अपना आवेदन पंचायत को किया है निविदा खुलते समय उपस्थित होना अनिवार्य है। (8) निविदा में मांगी गई प्रत्येक सामग्री वस्तु का मूल्य व जीएसटी प्रत्येक सामग्री में निर्धारित दर से अलग बिल में दर्शाना होगा। (9) निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकर्ता को सप्लाई की गई सामग्री (वस्तु) के साथ एम-फार्म जमा करवाना अनिवार्य है । (10) निविदा स्वीकृत होने पर व्यक्ति या फर्म को अपने दस्तावेज जैसे- जीएसटी न0, आधार कार्ड, बैंक पास बुक की फोटो कापी जमा करवानी होगी।

**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत टिक्कर विकास खंड गोपालपुर, जिला मंडी**

> **जीवन** एक मुश्किल खेल है। आप इंसान होने के अपने जन्मजात अधिकार को बरकरार रखते हुए ही इसे जीत सकते हैं। - **एपीजे अब्दुल कलाम**

## संपादकीय

# शिक्षा में सुधार

हिमाचल की सुक्खू सरकार शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में काफी तेजी से काम कर रही है। हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था देश के अन्य हिस्सों की तुलना में कुछ हद तक अलग है, लेकिन इसे सुधारने की अभी भी बहुत ज्यादा आवश्यकता है। प्रदेश का शिक्षा क्षेत्र, जो पहले कई राज्यों से बेहतर माना जाता था, अब विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है। शिक्षा व्यवस्था में कई ऐसे पहलू हैं जिन पर काम किया जा सकता है, ताकि यहां के छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके और प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का आधार प्राथमिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा है। सकारात्मक बात यह है कि प्रदेश में स्कूलों की अच्छी संख्या है, खासकर प्राथमिक स्तर पर। राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाओं की शुरुआत की है, जैसे कि स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती, छात्रवृत्तियों की व्यवस्था और शिक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार। इन योजनाओं से काफी लाभ भी हो रहा है।

सरकारी और निजी स्कूलों की संख्या में बढ़ोतरी भी हुई है, जो एक शुभ संकेत है। हालांकि, सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या अधिक है, लेकिन संसाधनों की कमी और शिक्षकों की अपर्याप्तता एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है। वहीं, निजी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर है, लेकिन उनकी फीस संरचना कई परिवारों के लिए बोझिल हो सकती है। कई सरकारी स्कूलों में योग्य शिक्षकों की कमी है। इसके साथ ही, जो शिक्षक हैं, उनका प्रशिक्षण भी आधुनिक शिक्षा पद्धतियों के अनुरूप नहीं होता। परिणामस्वरूप, छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त नहीं हो पाती। कई स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है। जैसे कि पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, खेल मैदान आदि, जो छात्रों की शिक्षा को समृद्ध बनाने के लिए जरूरी हैं। दुखद यह है कि डिजिटल शिक्षा और तकनीकी संसाधनों का उपयोग कम हो रहा है। हालांकि, कुछ स्थानों पर इसे लागू किया गया है, लेकिन यह अभी भी पूरे राज्य में सामान्य नहीं है।

प्रदेश में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में काफी फर्क है। शहरी क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति बेहतर है, जबकि ग्रामीण इलाकों में कई स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता से संबंधित समस्याएं हैं। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए सरकार को शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि शिक्षक नवीनतम शैक्षिक पद्धतियों और तकनीकी उपकरणों से वाकिफ हों। इसके लिए समय-समय पर वर्कशॉप और सेमिनार आयोजित किए जा सकते हैं। सरकारी स्कूलों में अधिक योग्य और प्रशिक्षित शिक्षकों की भर्ती की जानी चाहिए। भर्ती प्रक्रिया को जितना पारदर्शी बनाया जाएगा, उसका आने वाले समय में उतना ही फायदा शिक्षा के क्षेत्र में होगा। योग्यता के आधार पर भर्ती करना बेहद जरूरी है। हालांकि, इस काम में सरकार पूरी सावधानी बरतती है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की नियुक्ति पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि हर स्कूल में पर्याप्त शिक्षक हों। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल प्रदेश में स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूमों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। यह छात्रों को तकनीकी दृष्टिकोण से बेहतर शिक्षा देने में मदद करेगा। साथ ही, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों और शिक्षा सामग्री का उपयोग बढ़ाना चाहिए। स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का सुधार किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी स्कूलों में पुस्तकालय, खेल के मैदान, स्वच्छ शौचालय, विज्ञान प्रयोगशाला जैसी सुविधाएं उपलब्ध हों। इन सुविधाओं से छात्रों का समग्र विकास संभव होगा।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विशेष योजनाएं बनाई जानी चाहिएं। इन क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए स्थायी शिक्षक नियुक्त किए जाएं। इसके अलावा, बच्चों को स्कूल भेजने के लिए ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य सरकार को स्कूलों की नियमित निगरानी और मूल्यांकन करना चाहिए। ध्यान देने योग्य यह है कि शिक्षा का स्तर हर स्कूल में एक समान हो। ऐसे में शिक्षा के क्षेत्र में सार्वजनिक और निजी भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए। सरकारी और निजी संस्थानों के बीच साझेदारी से शिक्षा की गुणवत्ता को और बढ़ाया जा सकता है। इससे छात्रों को बेहतर संसाधन और शिक्षा मिल सकती है। सरकार को विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए भी तैयार करना चाहिए। इसके लिए स्कूलों में कौशल विकास कार्यक्रमों की शुरुआत काफी फायदेमंद हो सकती है, जिससे छात्रों को न सिर्फ पारंपरिक शिक्षा मिलेगी, बल्कि व्यावसायिक शिक्षा भी प्राप्त होगी। प्रदेश सरकार को शिक्षा के क्षेत्र में उपयुक्त कदम उठाकर इस दिशा में सुधार करना चाहिए। यदि सरकार इन सुधारों को लागू करती है, तो हिमाचल प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में एक मॉडल राज्य बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रहेगी। ■

# ट्रंप व्यापार के नए नियम बनाना और उन्हें चलाना चाहते हैं



लेखक : विक्रम उपाध्याय
वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया तेजी से बदलती है और उससे भी ज्यादा तेजी से बदलते हैं वे देश, जो अपने हित के लिए पूरी व्यवस्था बदलने का माद्दा रखते हैं। अमेरिका इस मामले में अकेला देश है, जो खेल का नियम अपने लाभ के लिए बनाता है। राष्ट्रपति ट्रंप अकेले उदाहरण नहीं हैं। कुछ लोग भले ही उनको सनकी मान रहे हों, पर इसके पहले भी अमेरिका फर्स्ट के नारे को साधने के लिए नियमों के साथ खिलवाड़ अमेरिकी हुक्मरानों ने किया है। पिछले चार दशकों में अमेरिकी मनमानेपन के शिकार कई देश हुए हैं। इराक, अफगानिस्तान, ईरान जैसे देश कुछ तो अपने कारण और बहुत कुछ वाशिंगटन नीति के कारण ही तबाह हुए।

पिछली सदी के 90 के दशक में यह अमेरिका और उसके साथ जुड़े कुछ खास दोस्त ही थे, जिन्होंने डंकल प्रस्ताव लाकर पूरी दुनिया के व्यापार को एक साथ अपने इशारे पर चलने का कुचक्र रचने का सफल प्रस्ताव किया, कृषि पर ट्रिप्स और व्यापार पर ट्रिम्स लागू कर सभी देशों को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश की गई। ट्रिप्स प्रावधानों में यहां तक ज्यादती की गई, कि इन समझौतों पर हस्ताक्षर करने वाला देश अपने गरीब किसानों को कोई सब्सिडी न देने पाएं।

एक तरफ अमेरिका और यूरोप अपने उत्पादों को दुनिया के बाजार में आसानी से उतारने के लिए अपने यहां भारी इनसेंटिव दे रहे थे और दूसरी तरफ भारत जैसे विकासशील देशों पर तरह के प्रतिबंध लगा रहे थे। जब देश में प्रधानमंत्री के रूप में भाजपा के सर्वशक्तिमान नेता अटल बिहारी वाजपेयी विराजमान थे, तब अमेरिका ने मात्रात्मक प्रतिबंध नियमों के बहाने कई वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। तब मदनलाल खुराना संसदीय कार्य मंत्री थे। उन्होंने मात्रात्मक प्रतिबंध का अमेरिकी फैसले का पुरजोर विरोध किया था, तब उनको अपना पोर्टफोलियो खोना पड़ा था। अमेरिका तब पाकिस्तान के प्रेम में था और अपना प्रभाव पाकिस्तान को भारतीय कोप से बचाने में भी करता था। तब जार्ज बुश ने पाकिस्तान को तो अपने हित साधने के लिए एफ 16 युद्धक विमान दे दिए, लेकिन भारत के लिए इनकार कर दिया। राष्ट्रपति ट्रंप व्यापार के नए नियम बनाना और चलाना चाहते हैं। उनके लिए कोई देश उनका अपना नहीं है, भारत भी नहीं। तमाम विशेषज्ञों ने ये दावे किए थे कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों को निभाते हुए ट्रंप भारत के खिलाफ कोई आक्रामक रुख अख्तियार नहीं करेंगे, पर ये सारे कयास धरे के धरे रह गए।

जो व्यवहार ट्रंप ईर्ष्यावश मैक्सिको के साथ कर रहे हैं, वही व्यवहार वह भारत के साथ भी करते दिख रहे हैं। जिस तरह से अमानवीय व्यवहार भारत के गैरकानूनी प्रवासियों के साथ ट्रंप प्रशासन ने किया, उसके बाद यह अपेक्षा बेमानी है कि ट्रंप, मोदी सरकार को कोई विशेष छूट देने की सोच भी रहे हैं। वह कोई मौका नहीं चूक रहे हैं, जहां भारत को लेकर चेतावनी वाले लहजे की गुंजाइश बनती हो।



वह प्रधानमंत्री मोदी को अपने से ज्यादा हार्ड बार्गेनर तो बताते हैं, लेकिन यह कहना भी नहीं चूकते कि वह जल्दी ही इंपोर्ट ड्यूटी नई दिल्ली के खिलाफ भी लगाने जा रहे हैं। ट्रंप की नजर में भारत का ऑटो सेक्टर, इंजीनियरिंग सेक्टर, केमिकल इंडस्ट्री और कपड़ा इंडस्ट्री चुभ रही है। वह इन सभी क्षेत्रों पर अलग ड्यूटी बढ़ाने की धमकी दे रहे हैं। यह धमकी सच साबित हुई तो, संभव है कि भारत का निर्यात 30 प्रतिशत तक घट जाए। यह एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। अगले साल तक भारत की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन की बनाने की मोदी की योजना को भी झटका लग सकता है।

ट्रंप की एकतरफा कार्रवाई, अमेरिका के लिए कितनी लाभकारी होगी, इसे लेकर बहुत सारी आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। ट्रंप ने जो भी कदम उठाए हैं, वे अभी तक फलीभूत नहीं हो पा रहे हैं। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि सभी फैसले बिना सोच विचारे किए जा रहे हैं। किसी भी देश के साथ ट्रेड ड्यूटी या शुल्क को लेकर ट्रंप प्रशासन ने कोई वार्ता या समिट भी नहीं की है। इसलिए जिन देशों के खिलाफ ट्रेड ड्यूटी बढ़ाई गई हैं, वे भी अब अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तैयारी में हैं।

कनाडा ने तो अमेरिका के कई प्रांतों को अपने यहां से दी जा रही बिजली रोकने की धमकी दी है। चीन भी अमेरिका को परेशान करने वाले कदमों की तैयारी कर रहा है। ट्रंप चाहे जितना शोर मचा ले, अंत में अकेले रहने का जोखिम नहीं उठा सकते। भारत में मोदी सरकार अभी खामोशी अख्तियार किए हुए है। सभी संदर्भित मंत्रालय अपनी-अपनी तैयारी में लगे हैं। एक कूटनीतिक प्रयास के तहत देश के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ बातचीत में जुटे हुए हैं। इन सबसे अलग मोदी इस बात से आश्वस्त हैं कि यदि ट्रंप सरकार, चीन को अपना प्रमुख प्रतिद्वंद्वी मानती है और कोई अलायंस बनाती है तो भारत को अनदेखा नहीं कर सकती है।

हालांकि युक्रेन को झटका और रूस के साथ नजदीकियां ट्रंप के लिए एक नया विकल्प हो सकता है। युक्रेन से अमेरिकी मदद हटाने के एवज में रूस, वाशिंगटन के नजदीक जाने से इनकार नहीं कर सकता और संभव है कि चीन के साथ अपने रणनीतिक संबंधों में भी फेरबदल करने को तैयार हो जाए, पर भारत की स्ट्रेजिक लोकेशन और चीन की काट के लिए बनाए गए रणनीतिक गठबंधन को अमेरिका नकार भी नहीं सकता। फिर भारत इस समय पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और खुद मोदी का कद बहुत ऊंचा हो चुका है। ऐसे में कोई भी देश भारत को सीधा अपने खिलाफ करने से गुरेज करेगा और ट्रंप भी भारत को नाराज नहीं करना चाहेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# नशा मुक्ति के लिए एक प्रखर सामाजिक आंदोलन की आवश्यकता



लेखक : डॉ. रिंकू योगा
असिस्टेंट प्रोफेसर, हमीरपुर

राष्ट्रीय जनगणना आकलन रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। किसी भी देश की तरक्की युवा शक्ति पर निर्भर करती है। युवा शक्ति को राष्ट्र शक्ति भी माना जाता है। किसी शायर ने कहा था 'तलवारों की धारों पर इतिहास हमेशा बनता है जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है' परंतु जब मेरे देश की युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसी हो तो देश का भविष्य अंधकारमय दिखाई देता है। आज समाज के सभी वर्गों में नशे की लत बुरी तरह घर कर गई है, विशेष रूप से युवा वर्ग खतरनाक हद तक इसकी लपेट में आता जा रहा है।

वर्तमान समय में नशाखोरी विशेषकर (चिट्टा और वैपिंग) की समस्या एक अति संवेदनशील मुद्दा बन गया है, जिसका गंभीरता से विश्लेषण करने की जरूरत है। वास्तविकता यह है कि नशीले पदार्थों का व्यापार वैश्विक स्तर पर हो रहा है। इसमें स्थानीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अति आधुनिक तकनीकें उपुक्त हो रही हैं। यह कारोबार न केवल पूरी तरह संगठित है, बल्कि आधुनिक हथियारों से भी लैस है। इसमें राजनीतिक अपराधी, माफिया नेटवर्क, अंतरराष्ट्रीय ट्रांजिट प्रणालियां अनेक ढंगों से और अनेक स्तरों पर संलिप्त हैं। मैक्सिको, ब्राजील, भारत, चीन, अमेरिका, रूस, यूरोप, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, अफ्रीका, नाइजीरिया, श्रीलंका इत्यादि देशों की सीमाओं और अंदरूनी केंद्रों पर यह कारोबार फैला हुआ है।

पुलिस, कर्मचारी, नेता, प्रशासनिक अधिकारी व विचोलिये इस तंत्र में संलिप्त हैं। औपनिवेशककाल में अंग्रेजों ने बहुत गहरी साजिश के अधीन यहां के नौजवानों को नशेड़ी बनाकर कमजोर करने का लंबे समय तक प्रयास किया। हम आज भी इसका परिणाम भुक्त रहे हैं और पता नहीं आगे कब तक भुगतेंगे। नशे के बारे में राष्ट्रपिता



महात्मा गांधी ने कहा था 'मदपान मनुष्य को क्षणभर दीवाना बनाता है, मद उसे खा जाता है और उसे पता भी नहीं होता। मुझे यदि एक दिन के लिए शासन मिले तो मैं तत्काल सारे देश में नशाबंदी लागू कर दूं। वैसे तो सभी सरकारें देशभक्त और गांधीवादी होने का दावा करती हैं लेकिन नशे पर रोक लगाने में पूरी तरह नाकाम रही हैं। इस समस्या पर सिर्फ भाषणों का उद्योग पनपा है।

आजकल विनाशकारी नशीले पदार्थों का अखबारों और टेलीविजन के माध्यम से प्रचार हो रहा है, हमारे फिल्मी सितारे और सुपरस्टार खिलाड़ी मात्र कुछ पैसों के लिए अपनी दिलकश अदाओं से इन पदार्थों की विज्ञापनबाजी करते हैं, हमारी चुनी हुई सरकारें इस विज्ञापनबाजी पर प्रतिबंध लगाने में विफल रही हैं। शराब की बोतल, गुटका, तंबाकू, सिगरेट इत्यादि की डिब्बियों पर लिखा होता है 'इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है'। इतना लिखकर कंपनियां अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाती हैं।

हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे से प्रांत के छोटे-छोटे कस्बे, गांव और शहर नशीले पदार्थों के गढ़ बन चुके हैं। रेव पार्टियों में हर रोज हजारों युवक-युवतियां नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं, रही सही कसर अब चिट्टा, स्मैक, कोकीन, हेरोइन, स्नेक वाइट, भांग और टीके पूरी कर रहे हैं। युवा पीढ़ी आर्थिक, वौदिक के साथ -साथ स्वास्थ्य से भी बर्बाद हो रही है। इस हृदयविदारक स्थिति से निपटने के लिए एक प्रखर सामाजिक आंदोलन की आवश्यकता है। आत्मकेंद्रित सोच के कारण हम ऐसी समस्याओं पर मूकदर्शक बन कर नहीं रह सकते। भारत के युवा वर्ग को बर्बाद करने की इस सुनियोजित साजिश को असफल बनाने के लिए सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों, संप्रदायों, सरकारी व गैर - सरकारी संस्थाओं को आपसी गिले शिकवे भुलाकर नशे के विरुद्ध जागरूकता आंदोलन शुरू करना चाहिए।

सामाजिक सम्मेलनों, सेमिनारों, नाटकों, मेलों और मीडिया में भी जोरदार प्रचार अभियान चलाया जाना चाहिए। नशा माफिया के खिलाफ सरकार और पुलिस प्रशासन का हर प्रकार से सहयोग करना होगा। हमारे शास्त्रों में लिखा है कि 'बुद्धि लुम्पति यद द्रव्यम मद्कारी तद उच्चते' यानि जिस पदार्थ के सेवन से बुद्धि का विनाश हो जाता है, उसे मद्कारी द्रव्य कहते हैं। पशुओं और मनुष्यों में मात्र बुद्धि और विवेक का ही अंतर है। लोगों को मानसिक तौर पर नशाखोरी के विरुद्ध तैयार करना होगा। लोगों को बताना होगा कि नशा कभी अकेला नहीं आता। यह अपने साथ भुखमरी, गरीबी, हिंसा, मारपीट, अपराध, बीमारी, योनाचार और अंत में मौत भी लेकर आता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**मुख्यमंत्री** ने पुलिस विभाग को प्रदेश में मादक पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए अगले छह माह तक व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि उनकी सरकार मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यह कदम निश्चित रूप से राज्य में मादक पदार्थों की समस्या से निपटने में मदद करेगा और नागरिकों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगा। पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों को मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना बेहद लाजिमी है। नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। नशा हमारे समाज को कई तरह से खोखला कर रहा है। दरअसल, नशा इस कदर हिमाचल की शांत वादियों में कोलाहल मचा रहा है, जिसकी चर्चा अब हर घर में होने लगी है। चर्चा जरूर हो रही है, लेकिन आमजन में नशे के खिलाफ उठ खड़ा होकर लड़ने की कुव्वत अभी पैदा नहीं हो रही और जब तक यह भावना अपने चरम तक नहीं पहुंच जाती तब तक नशे का समूल नाश नहीं हो सकता।

**-मीनाक्षी, नगरोटा बगवां**

# विश्व की आधी आबादी को संरक्षित, सुरक्षित, सम्मान व बराबरी का मिले दर्जा



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि

आठ मार्च को विश्व के हर देश ने विशेष दिवस मनाया, जिसे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कहते हैं या यूं कहें महिला सम्मान दिवस। इस दिन हर देश में नारा गूंजा कि महिलाओं के बिना संसार अपूर्ण समाज है। घर की महिला ही देवी और लक्ष्मी है। अगर महिलाएं समाज में, घर में हैं, तभी घर और समाज है। इनके बिना जीवन अधूरा है। अगर महिला घर में नहीं है तो घर भूतों का डेरा और आदमी आधा है, वह पूर्ण तभी होगा, जब साथ में नारी होगी । भगवान शिव का भी नाम आएगा। शिव ही शक्ति, शक्ति ही शिव है। बिना शक्ति के शिव नहीं, बिना शिव के शक्ति नहीं है। अर्धनारीश्वर कहे जाएंगे।

महिला सम्मान में तमाम अतिश्योक्ति अलंकार के शब्द गूजेंगे। मंचों से अलंकार की इतने सुंदर शब्द और भाषा बोली गई कि हर कोई यही समझेगा कि विश्व में महिलाओं का बहुत ऊंचा स्थान है और महिलाओं के बिना धरा की सुंदरता सौम्यता सहनशीलता सब अधूरा है, पर बस यह सब कुछ चंद घंटों के शब्द होते हैं और फिर महिलाओं के साथ वही होता है जो हर दिन की दुश्वारी घर की चारदीवारी में या चारदीवारी के बाहर रहने वाली महिलाएं जो सहन करती हैं, वही उस सुख-दुख को जानती हैं। आंखों में एक भय, चेहरे पर उदासी लिए हर रोज जीती हैं। सुबह से रात तक घुट-घुटकर मरती हैं। यही उनके जीवन की असली कहानी है।

वर्ष 1977 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस घोषित किया कि विश्व की महिलाओं का सम्मान हो। महिलाओं के अधिकार समानता और हर क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान दिया जाए। इस लिए हर देश हर साल आठ मार्च को महिला दिवस मनाता आ रहा है। इस दिन महिलाओं के कार्यों पर विशेष बात होती है। गोष्ठियां और महिला सम्मेलन आदि आयोजित किए जाते हैं, पर सिर्फ एक दिन ही है महिलाओं के लिए, उसके बाद वही दूरदशा जो हर सुबह होते ही शुरू हो जाती है परंतु अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किसी देश की सरकार यह नहीं स्वीकार करती है कि महिलाओं के साथ जो भी अत्याचार बलात्कार हिंसा होती है, वह पूर्ण रूप से बंद हो और विश्व की इस आधी आवादी को संरक्षित, सुरक्षित, सम्मान व बराबरी का दर्जा दिया जाए, वह चाहे कोई भी क्षेत्र राजनीति का हो, उद्योग का हो, नौकरी या फिर जुडिशियरी का हो, पर आज तक किसी भी देश की राजनीति में पचास प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी नहीं हो पाई है, न ही उद्योगों में, नौकरियों में, ज्यूडिशियरी में, सेना में। कहीं नहीं बस एक दिखावे की भागीदारी है। यही महिला दिवस की सच्चाई भी है।



भारत में भी आठ मार्च को हर जिले में यह दिवस मनाया गया। सरकारी विज्ञापन भी हुआ, मंच सजा। कुछ विशेष विशिष्ट महिलाओं को मंच पर बैठा कर महिला गुणगान हुआ। तालियां भी बजीं, पर कहीं भी महिलाओं पर भारत में यदि यूं कहें दुनिया में बढ़ रहे बलात्कार, अत्याचार, घरेलू हिंसा तथा तलाक पर बात नहीं होगी। न ही यह चर्चा होगी कि किस कारण से दुनिया के संसद में पच्चास फीसदी महिलाओं को आज तक स्थान नहीं दिया गया, न ही विधानसभाओं में। बस यह कहा जाएगा महिला परिवार की धूरी है समाज में वह सम्मान के योग्य है, पर यह नहीं बताया जाएगा कि हर रोज कितनी महिलाओं और लड़कियों से बलात्कार होता है, सड़क पर, घर में, कार्यस्थल में या कहीं भी। यही हर मंच की विशेषता होती है। मंच पर कोई नारीवाद पर बोला, कोई महिलाओं के सशक्तिकरण पर, वहीं किसी ने ऐसा बोला कि महिलाएं मंच पर ही लज्ला से भर गईं। अधिकांश भारत के लोग यह नहीं जानते हैं कि सरोजिनी नायडू स्वर कोकिला का जन्मदिन राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है, खैर चलिए मनाया जाता होगा।

वैसे तो महिलाओं की भागीदारी धीरे-धीरे हर क्षेत्र में बढ़ रही है, पर अवसर उतना नहीं जितना मिलना चाहिए। अब हमारी बेटियां सेना में स्थल सेना से लेकर लड़ाकू विमान उड़ाने लगी हैं, तो वहीं टैक्सी, टैम्पो से लेकर बस-ट्रक की स्टेयरिंग भी पकड़ ली तो अंतरिक्ष में उड़ान भर रही भारतीय मूल की कल्पना चावला को कैसे दुनिया भूला देगी। अंतरराट्रीय महिला दिवस अब एक दिन का समारोह बन कर रह गया है। दुनिया भर के देश बस एक दिन महिलाओं के लिए बहुत सम्मान की बात करते हैं। भारत मे मणिपुर में निर्वस्त्र घूमाती भीड़ के साथ महिलाओं को दुनिया के देशों ने देखा, नारीवादी संगठनों ने देखा, पर सब देखकर आंखें बंद और मौन थे और कहां थे। वह महिला समाजवादी संगठन आजतक उस कृत्य करने वालों को सजा नहीं। सेना के जवान की पत्नी निर्वस्त्र थी, पर शासन प्रशासन मौन क्यों। शायद आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मंच से भी कहीं से आवाज नहीं आई। फिर मेरे मन में यह शब्द भ्रम पैदा करता है कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता घूमते हैं, यह गलत शब्द लगता है। नारी की इज्जत लूटी जाती है। देवता रूपी नेता देखकर अनदेखा करते हैं, तब सवाल उठता फिर कैसा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस।

किस महिला के सम्मान में इसका आयोजन हो रहा है उसके लिए जो बलात्कार के बाद बिना घर के लोगों की सहमति के पुलिस जला देती है या प्रेम में पड़कर 36 टुकड़ों में काटी गई श्रद्धा के सम्मान में या जो पत्रकार बेटी ऑफिस से अपनी गाड़ी से घर जा रही थी और आतंकियों ने मार डाला। कितनी बेटियां छेड़खानी से परेशान होकर मौत को गले लगा लेती हैं। उनके सम्मान में आखिर कोई बताए इस आठ मार्च को 'अंतराष्ट्रीय महिला दिवस' आखिर कैसा दिवस।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मां ही हमारी पहली गुरु, सिखाती जीवन का पहला पाठ



लेखक : रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु

भारतीय संस्कृति में महिलाओं के सशक्तिकरण के सिद्धांत को लाखों वर्षों से अपनाया गया है। हमारी पौराणिक कथाओं को देखें, तो सभी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां महिलाओं को दी गई हैं। देवी पुराण और देवी भागवतम में कई निदर्शन मिलते हैं-रक्षा मंत्रालय दुर्गा, वित्त मंत्रालय लक्ष्मी और शिक्षा मंत्रालय सरस्वती को सौंपा गया है।

हम अपने देश को 'भारत माता' कहते हैं -दुनिया में कोई अन्य राष्ट्र अपने देश को 'माता' नहीं कहता। महिलाएं हमें इस संसार में लाती हैं और हमें जीने की शिक्षा देती हैं। एक मां ही हमारी पहली गुरु होती है, जो हमें जीवन का पहला पाठ सिखाती है। महिला समाज में कई रूपों में अपनी भूमिका निभाती है- एक पिता के लिए बेटी, भाई के लिए बहन, पुत्र के लिए माता होती है।

**माताओं के लिए सुझाव :** जब माताएं अपने बच्चों को डांटती हैं, तो वे अक्सर ग्लानि महसूस करती करती हैं। आप सोचती हैं, 'मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए' लेकिन यह समझने की आवश्यकता है कि बच्चों को डांटना गलत नहीं है। यह लगभग टीकाकरण की तरह है, जो कि आपके बच्चों को मजबूत बनाता है। यदि वे घर में कोई डांट नहीं सुनते हैं तो बाहर थोड़ा भी विरोध होने पर बिखर जाते हैं।

**महिलाएं जन्मजात शिक्षक :** आपकी मां आपकी पहली गुरु होती हैं। महिलाएं अपने भाइयों, बेटों, पिताओं को सिखाती हैं। इस अर्थ में हर महिला एक शिक्षक है। आज कई महिलाएं स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षक के रूप में काम कर रही हैं क्योंकि उन्हें स्वाभाविक रूप से बच्चों से प्रेम होता है और वे उन्हें संभालना जानती हैं। यदि हम महिलाओं की भूमिका को देखें, तो यह कहना कठिन होगा कि वे क्या-क्या करती हैं, बल्कि यह कहना अधिक उचित होगा कि वे क्या नहीं करतीं। महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं।



**स्वयं की देखभाल भी आवश्यक :** आज महिलाएं घर, समाज और राष्ट्र की विभिन्न भूमिकाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं, लेकिन इन सब के बीच उन्हें अपने स्वास्थ्य और मानसिक शांति का भी ध्यान रखना चाहिए। अक्सर महिलाएं अपनी भलाई की उपेक्षा कर देती हैं और अपनी जिम्मेदारियों में इतना खो जाती हैं कि वे स्वयं को ही भूल जाती हैं। इसका सीधा प्रभाव उनकी भावनात्मक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे तनाव, अवसाद का शिकार हो सकती हैं। इसलिए, हर महिला को चाहिए कि वह अपने लिए भी समय निकाले, अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखे, और स्वयं को केवल एक जिम्मेदारी निभाने वाली नहीं, बल्कि एक सशक्त, आत्मनिर्भर और खुशहाल व्यक्ति के रूप में देखे।

**स्वयं को समझें सशक्त :** महिलाओं को स्वयं में सशक्त महसूस करना चाहिए और कभी भी स्वयं को पीड़ित नहीं समझना चाहिए। जब आप स्वयं को पीड़ित महसूस करती हैं, तो आप अपनी ऊर्जा, उत्साह और शक्ति खो देती हैं।

**समाज में बदलाव के लिए आगे बढ़ें:** समाज में महिलाओं के हित में कुछ बदलाव लाने की आवश्यकता है लेकिन यह मत सोचें कि मैं एक महिला हूं, इसलिए मेरे साथ भेदभाव हो रहा है। आप इसे बिना स्वयं को पीड़ित महसूस किए भी कर सकती हैं। यदि आपको ऐसा कहीं अन्याय लगता है और आप खड़ी होती हैं, तो कोई भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। आपके पास इतनी शक्ति है कि आप अपने अधिकारों को स्थापित कर सकती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के प्रसिद्ध तबला वादक

**जाकिर** हुसैन भारत के प्रसिद्ध तबला वादक हैं। वह मशहूर तबला वादक कुरैशी अल्ला रक्खा खान के पुत्र हैं। जाकिर हुसैन जब अपनी अंगुलियों और हाथ की थाप से तबला बजाते हैं तो संसार को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। उनके तबले के सुर को सुन लोग मदहोश हो जाते हैं और कहते हैं 'वाह उस्ताद'। जाकिर हुसैन ने देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में अपनी कला का परचम लहराया है। जीवन में इतनी प्रसिद्धि पाने के बाद भी उस्ताद को सादगी से रहना पसंद है और वह अक्सर जमीन से जुड़े रहते हैं। उन्होंने अपने जीवन में कई संघर्षों के बाद यह मुकाम पाया है। भारत सरकार द्वारा उन्हें पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। जाकिर हुसैन का बचपन मुंबई में ही बीता। 12 साल की उम्र से ही जाकिर हुसैन ने संगीत की दुनिया में अपने तबले की आवाज को बिखेरना शुरू कर दिया था। 1973 में उनका पहला एलबम 'लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड' आया था। उसके बाद तो जैसे जाकिर हुसैन ने ठान लिया कि अपने तबले की आवाज को दुनिया भर में बिखेरेंगे। 1973 से लेकर 2007 तक जाकिर हुसैन विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समारोहों और एलबमों में अपने तबले का दम दिखाते रहे। शायद ऐसा कोई ही देश बचा हो, जहां जाकिर हुसैन ने अपना शो नहीं किया और जनता को अपनी कला का दीवाना न बनाया हो। ■



**जाकिर हुसैन**
**जन्म :** 9 मार्च, 1951
**मृत्यु :** 15 दिसंबर, 2024



कविता

# गाय

राकेश डोगरा, गांव कौना हल्दरा, तहसील पालमपुर

*घर-घर में है पाली जाए लाल, सफेद और काली गाय।*
*इसका दूध बड़े गुण वाला, जैसे हो अमृत का प्याला।*
*बच्चे बड़े शौक से पीते, बूढ़े इसको पीकर जीते।*
*दूध इसका दहीं बनाए, दहीं से ही लस्सी बन जाए।*
*मक्खन और घी सेहत बनाएं।*
*क्या-क्या न दे हमको गाय।*
*दो हैं इसके लंबे कान, सब बातों का रखते ध्यान।*
*दो सींगों का बड़ा ही चाव, जिनसे अपना करे बचाव।*
*दो आंखें हैं बड़ी प्यारी, जिनसे देखें दुनिया सारी।*
*इसकी लंबी टांगें चार, जाती है नदिया के पार।*
*जब भी लंबी पूंछ हिलाए, मच्छर कोसों दूर भगाए।*
*गोबर से बनती है खाद, चमड़े से बनते उत्पाद।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कांगर गांव में बनने वाला पुल अधर में लटका

**भीम बसेड़ू, महादेव।** पिछले कई वर्षों से चली आ रही मांग का असर होने से नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चांबी में पिछले वर्ष मनरेगा के तहत गांव कांगर से सटी खड्ड में पुल को लेकर पिल्लरों का काम हुआ तो जरुर मगर अभी तक अगला काम ठप्प पड़ा है। विद्यार्थियों सहित कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों की सुविधा के लिए लाखों रुपए खर्च कर पुल के नाम पर मात्र पिल्लरों का ही काम हो पाया है जबकि अगले काम को लेकर संबंधित विभाग का उदासीन रवैया सामने आ रहा है क्योंकि पिछले साल के बाद नए साल के भी तीन महीने बीतने जा रहे हैं लेकिन अभी तक कठोर जीवन यापन कर रहे लोगों की समस्या का हल करने के लिए किसी किस्म की गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से गुहार लगाते हुए कहा कि शीघ्र ही उक्त पुल का निर्माण कार्य पूरा कर पुल लोगों को समर्पित किया जाए।

### बीबीएमबी सुंदरनगर ने मनाया महिला दिवस



**अनंत ज्ञान, महादेव।** बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) सुंदरनगर द्वारा मनाए गए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर इंजीनियर कश्मीर सिंह ठाकुर उप मुख्य अभियंता मुख्यालय ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। परियोजना में कार्यरत महिलाओं की उपस्थिति में जन संपर्क अधिकारी एसटी कटोच ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महिलाओं को प्राप्त विधिक अधिकारों को लेकर चर्चा की वहीं बीबीएमबी अस्पताल में कार्यरत डॉ. एकता व स्टाफ नर्स संतोष घोष ने महिला दिवस एवं महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला इसके साथ ही मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में खासतौर पर कहा कि समाज में आदिकाल से महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है और महिला और पुरुष द्वारा अपने कर्तव्यों के उचित निर्वहन के साथ -साथ आपसी सम्मान से श्रेष्ठ समाज का निर्माण संभव है।

### सब्जी मंडी धनोटू को पॉलीथिन से मुक्त करवाने की मांग

**अनंत ज्ञान, महादेव।** हिमाचल प्रदेश के एक बड़े भाग में पॉलीथिन के दुष्प्रभावों से आंख मूंद कर उनका बेखौफ प्रयोग करने का काम धड़ल्ले से जारी है। पॉलीथिन एवं अन्य बास मारते कूड़े-कचरे से घिरे नाचन क्षेत्र का जंक्शन प्वाइंट एवं नाचन क्षेत्र का मुख्य द्वार कहलाने वाले ग्रामीण क्षेत्र धनोटू जो अब कस्बे का बड़ा रूप धारण करता जा रहा है के यहां कुछ हद तक पोलीथिन प्रयोग में लाया जा रहा है वहीं क्षेत्र भर की मुख्य सब्जी मंडी धनोटू में फूल गोभी इत्यादि सब्जियां पॉलीथिन की गिरफ्त में देखी जा सकती हैं। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग द्वारा पॉलीथिन प्रयोग की अनदेखी किए जाने से स्वास्थ्य पर कुठाराघात किया जा रहा है जो बड़ी ही चिंता की बात है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि सब्जी मंडी धनोटू में सब्जी-फल आदि की पॉलीथिन पैकिंग पर बैन लगाया जाए।

### पटड़ीघाट में महिलाओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत पटड़ीघाट में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुर्सी दौड़, एक गान, समूह गान, फोक डांस आदि प्रतियोगिताएं शामिल थी ग्रामीणों में भी इस अवसर पर पंचायत के सदस्यों ने मिलकर पंचायत के महिला मंडलो को सम्मानित किया और उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया। पटड़ीघाट पंचायत से सम्बंध रखने वाली आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी चेतना कुमारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व कार्यक्रम में अपने विचार और अनुभव साझा किए। पंचायत के प्रधान विधि चंद ने कहा, महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं। वहीं प्रधान व मुख्यातिथि ने सभी विजेता महिलाओं को सम्मानित किया।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्वाति प्रथम

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में समाजशास्त्र विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्वाति ने प्रथम, सेजल ने द्वितीय और दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में स्वाति ने पहला, फरहान ने दूसरा और रजनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में दीपिका व उनकी टीम ने प्रथम, सेजल व उनकी टीम ने द्वितीय और रोहित व उनके सहयोगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में राखी ने प्रथम, बवीता ने द्वितीय और शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम संयोजिका प्रो. संगीता कुमारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी रचनात्मकता की सराहना की।

### बच्चों ने किया जवाहर नवोदय विद्यालय कुल्लू का भ्रमण



**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** शिक्षा के सुदृढ़ीकरण को लेकर सरकार द्वारा प्रायोजित पीए श्री स्कूल योजना के अंतर्गत चयनित विभिन्न पाठशालाओं में आजकल स्कूल ट्विनिंग (पाठशाला जुड़वाकरण) कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसका मुख्य उदेश्य शिक्षा कि उच्च गुणवता को परस्पर सहयोग से सुनिश्चित करना है। इसी ट्विनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत आज पीएम श्री राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला पन्जाई सराज-बालीचौकी जिला मंडी ने जवाहर नवोदय विद्यालय कुल्लू स्थित बन्दरोल जिला कुल्लू का दौरा किया। इस ट्विनिंग कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र कि इस पाठशाला के बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों के साथ विभिन्न शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधिओं से न केवल रू-ब-रू हुए बल्कि उनमे हर्षोल्लास के साथ भाग लिया वहीं अध्यापकों ने भी शिक्षण कि विभिन्न नवीनतम विधिओं एवं प्रविधिओं को सीखा और आपस में अपने अनुभव साझा किए जिससे पठन पाठन कि प्रकिया सरल, सुगम एवं आकर्षक होगी तथा उसमे निखार आएगा। इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण एवं परस्पर स्कूल ट्विनिंग से अध्यापकों विशेषकर बच्चों को जहां एक्सपोज़र मिलेगा जिससे उनमे नयी चेतना नई ऊर्जा का संचार होगा जो उनके विश्वास के स्तर को स्वतः बढ़ाएगी जिसके बल पर वांछित लक्ष्य शिक्षा में उच्च कोटि कि गुणवता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## मंडी की खुशबू शर्मा बनी एक सफल उद्यमी

**अनिल शर्मा, मंडी**



मंडी की खुशबू शर्मा एक सफल उद्यमी होने के साथ-साथ बेस्टसेलिंग लेखिका और भावनात्मक बुद्धिमत्ता प्रशिक्षक भी है। जो महिला सशक्तिकरण का एक जीवंत उदाहरण है। खुशबू शर्मा ने महाराजा अग्रसेन प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली में अपने टीइडीएक्स टॉक में दर्शकों से संवाद कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी वार्ता का केंद्र परिवार और सामाजिक संरचनाओं को संरक्षित करने में भावनात्मक बुद्धिमत्ता की महत्वपूर्ण भूमिका पर आधारित था, जिसमें भारत में महिलाओं की मनोसामाजिक स्थिति, महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य और लैंगिक समानता के आसपास के लगातार मिथकों पर उनके व्यापक शोध का पता लगाया गया। प्रमुख सरकारी नीति निर्माताओं, शीर्ष एशियाई उद्यमियों और संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों के साथ मंच साझा करते हुए, खुशबू शर्मा की उपस्थिति ने उनके काम के महत्व को रेखांकित किया।

खुशबू ने बताया कि अपने विविध अनुभवों से प्रेरणा लेते हुए, उन्होंने एक शोध यात्रा शुरू की उनके सर्वेक्षण में प्रकाश डाला गया कि वित्तीय स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन यह महिलाओं के लिए भावनात्मक स्थिरता और समानता में पूरी तरह से परिवर्तित नहीं हुई है। शोध से प्रेरित होकर कि महिलाएं विश्वस्तर पर पुरुषों की तुलना में मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति तीन गुणा अधिक संवेदनशील हैं। (अनंत ज्ञान)

### महिला सशक्तिकरण का उदाहरण

खुशबू ने अपने विषय द आर्ट ऑफ फ्लोरिशिंग एम्ब्रेसिंग इमोशनल इंटेलिजेंस एंड ह्यूमन राइट्स में इस बात पर जोर दिया कि भावनात्मक बुद्धिमत्ता भारत के खुशी सूचकांक को बढ़ाने में कैसे योगदान कर सकती है, एक ऐसा क्षेत्र जहां राष्ट्र लगातार संघर्ष करता रहा है। नई अवधारणा पेश करते हुए भावनात्मक स्वास्थ्य और कल्याण को मौलिक मानव अधिकार के रूप में स्थापित किया। वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए दोहरे स्वर्ण पदक विजेता खुशबू सिडनी और येल विश्वविद्यालयों से सकारात्मक मनोचिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक भलाई में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित हैं। वह स्कूलों और कॉलेजों में व्याख्यान देती रहती है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता और पाठ्य पुस्तकों से परे पढ़ने के महत्व को बढ़ावा देती हैं। वे अपने आप में महिला सशक्तिकरण का आदर्श उदाहरण है।



## महिलाओं ने मेहनत से समाज में बनाई नई पहचान

**अनंत ज्ञान, मंडी**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की 10वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अलंकार समारोह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति सदन मंडी में किया गया।

कार्यक्रम में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए, जबकि उनकी धर्मपत्नी एवं अध्यक्ष रेडक्रॉस स्वेता देवगन भी उनके साथ उपस्थित रहीं। अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर व उनकी धर्मपत्नी सोनिया भारद्वाज गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित हुए।

**जिला स्तरीय अलंकार समारोह आयोजित**

अपूर्व देवगन ने अपने संबोधन में समस्त नारी शक्ति को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा आज का यह दिन उन सभी महिलाओं को समर्पित है जिन्होंने अपने संघर्ष, मेहनत और आत्मविश्वास से समाज में नई पहचान बनाई है। महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल महिलाओं को अधिकार देना नहीं, बल्कि उन्हें वह सम्मान, सुरक्षा और अवसर प्रदान करना है, जिसके वे योग्य हैं।

# सरकाघाट में सड़क पर किया अवैध कब्जा

## छुट्टी के दिन बना डाला पक्का शेड, अस्पताल और कुणालग सड़क हुई अवरुद्ध

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



नगर परिषद सरकाघाट में पुराने अवैध कब्जे हटाना तो दूर रहा अब छुट्टी का दिन देखकर अतिक्रमण करने वालों द्वारा लगातार सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। शनिवार को नगर परिषद सरकाघाट की कुणालग वार्ड नंबर 5 को जाने वाली सड़क पर अस्पताल के ओपीडी भवन के पास सरकारी जमीन पर पक्के शेड का निर्माण कर दिया गया।

यह अवैध निर्माण पूरा दिन भर चलता रहा परंतु नगर परिषद के किसी भी नुमाइंदों और न ही किसी सरकारी अधिकारी ने इसे रोकने की कोशिश की। जिस कारण स्थानीय जनता में नगर परिषद के प्रति खासा रोष व्याप्त हो गया है।

लोगों का कहना है कि इन्हीं की मिलीभक्त के कारण पहले सरकारी जमीन पर टीन का ढारा बनाया जाता है और बाद में इसे लोहे के एंग्लो से निर्माण कर दिया जाता है कुछ समय बीत जाने के बाद यहां पर पक्का मकान बना दिया जाता हैं और सालों साल यह केस कोर्ट में चलते रहते हैं। अब अस्पताल में आने वाले लोगों को पार्किंग की परेशानी होगी साथ ही अप्पर कुणालग वार्ड को आने जाने के साथ-साथ वाहनों की क्रॉसिंग के लिए भी परेशानी होगी। कुणालग वार्ड की जनता ने इस अवैध निर्माण को तत्काल हटाने के लिए प्रशासन से मांग की है। (अनंत ज्ञान)

### अदालतों में उलझे कई केस

**गौरतलब** है कि सरकाघाट नगर परिषद में हुए अवैध अतिक्रमण के दर्जनों मामले अभी तक कोर्ट में उलझे हुए हैं अब तक किसी भी मामले में किसी भी अवैध अतिक्रमण करने वाले को सजा नहीं हो पाई है जिसके चलते लोगों के हौसले बुलंद है।

### पपलोग सड़क भी हो चुकी है अवरुद्ध

**शहर** के बीचों-बीच गुजरने वाली नगर परिषद की सरकाघाट पपलोग भी इसी प्रकार के अतिक्रमण के चलते अवरुद्ध हो चुकी है। इस सड़क पर पहले अवैध अतिक्रमण होते रहे लेकिन किसी ने नहीं हटाए। अब जबकि यह सड़क सबसे ज्यादा लाइफ लाइन बन चुकी है तो मामला गले की फांस बन चुका है। इसके साथ अब लोगों को भी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### हर हाल में हटाया जाएगा अतिक्रमण : एसडीएम

**एसडीएम** सरकाघाट स्वाति डोगरा ने कहा कि अवैध अतिक्रमण करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। वह तत्काल मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष और कर्मचारियों को भेज रही है।

### 2 दिन में हटाया जाएगा अतिक्रमण : कश्मीर

**नगर** परिषद अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने कहा कि उन्हें सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण करने की एसडीएम से सूचना मिली है वह नगर परिषद के कर्मचारियों सहित मौके पर पहुंच चुके हैं। इसे बनाने वाले मालिक को शेड बनाने से रोक दिया है और दो दिनों के भीतर इसे रिमूव करने का नोटिस दे दिया गया है।

## बच्चों को नशे से दूर रखने को माताएं संभालें कमान : एनआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरास्ट्रीय महिला दिवस पर जिला बाल संरक्षण ईकाई मंडी द्वारा जंजैहली व थुनाग में जागरूकता शिविर आयोजित किये गये। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा कि अब माताएं करें एक बात जरूर, अपने बच्चों को रखें नशे से दूर। ठाकुर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा बच्चों का नाश और समाज का विनाश कर रहा है।

चिट्टा हर दिन किसी न किसी युवा की जान ले रहा है। नशे के चलते कुछ बच्चे पढ़ाई से विमुख हो रहे है। वे स्कूल छोड़कर कम उम्र में ही होटलों, ढाबों और हानिकारक जगहों पर काम करने के लिए मजबूर है। नशा उन्हें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक या आर्थिक तौर पर कमजोर कर रहा है।

नशे की पूर्ति के लिए वे कई गलत काम करने या भीख मांगने से भी नहीं हिचकिचाते। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध एक युद्ध लड़ने के लिए तैयार होना होगा ताकि अपने बच्चों को बेवक्त मौत के मुंह में जाने से बचा सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं और माताओं के सहयोग से ही नशा रूपी राक्षस का अंत होगा अन्यथा ये सुरसा के मुंह की समाज में फैलता चला जाएगा। ठाकुर ने इस मौके पर बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल यौन उत्पीड़न और बाल भिक्षावृत्ति जैसी सामाजिक बुराइयों पर भी चोट की तथा जनमानस से इसे खत्म करने के लिए सहयोग का आह्वान किया।

**महिलाएं सामाजिक बुराइयों के खिलाफ दिखाएं एकजुटता**

संरक्षण अधिकारी शैलजा अवस्थी ने प्रतिभागियों के समक्ष मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना और मिशन वात्सलय के अंतर्गत बच्चों को मिलने वाली वित्तीय सहायता की विस्तृत जानकारी रखी। इस अवसर पर सभी योजनाओं पर तैयार प्रचार प्रसार सामग्री को भी बांटा गया। मंडी जन विकास एवं साक्षरता समिति के महासचिव भीम सिंह, जिला परिषद सदस्य खेम दासी और सराज खंड समन्वयक खूबराम ने भी प्रतिभागियों के समक्ष नशे के कारणों और बचाव की जानकारी रखी तथा महिलाओं से इन सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुटता से लड़ने को कहा।

### एएसआई रुक्मणि बनीं एक दिन की एसएचओ



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** महिला दिवस के अवसर पर जोगिंद्रनगर पुलिस थाना में महिला सशक्तिकरण की अनूठी पहल देखने को मिली। इस मौके पर एएसआई रुक्मणि (नं. 536) को एक दिन के लिए थाना प्रभारी (एसएचओ) बनाया गया, जबकि एलसी रंजीता (नं. 212) ने मुख्य हेड कांस्टेबल (एमएचसी) का कार्यभार संभाला। यह पहल महिलाओं को सम्मान देने के उद्देश्य से की गई।

## जोगिंद्रनगर में मनाई त्रिमूर्ति शिवजयंती

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र बलोटु में 89वीं त्रिमूर्ति शिवजयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव ध्वजारोहण से हुआ, जिसमें जोगिंदरनगर केंद्र की प्रभारी सावित्री बहन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी केंद्र बलोटु द्वारा नई मार्केट से लेकर अपने केंद्र तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

इस दौरान ब्रह्माकुमारी अंजना बहन, शोभा बहन, सीमा बहन, वरिष्ठ भ्राता शमशेर सिंह ठाकुर, तेजराम राणा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुमन बहन, डोलमा बहन, शिव सिंह, दलीप और अन्य भक्तों ने भाग लिया और आयोजन की शोभा बढ़ाई।



## धर्मपुर को नशा मुक्त करने के लिए मातृशक्ति का शंखनाद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मंडी साक्षरता एवं हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति तथा धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति द्वारा आज राजकीय महाविद्यालय परिसर धर्मपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को नशा मुक्तिदिवस के रूप में मनाया और शहर में नशे के खिलाफ रैली निकाली जिसमें महिलाओं ने भाग लिया और धर्मपुर को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पुलिस उप अधीक्षक धर्मपुर संजीव सूद ने बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए और अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच भूपिंद्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह भी शामिल हुए। मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति की सचिव सुनीता बिष्ट व हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की खंड सचिव कंचना देवी के नेतृत्व व समन्वयन में आज का कार्यक्रम व रैली आयोजित की गई जिसमें समिति कार्यकर्ताओं, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों सहित अदि ने धर्मपुर में नशे को रोकने का संकल्प लिया।

**नशे के खिलाफ निकाली जाएंगी जागरूकता रैलियां**

समिति की सचिव सुनीता विष्ट ने कहा कि आज निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में धर्मपुर उपमंडल के संधोल, टिहरा, मंडप, सजाओ क्षेत्रों में भी जागरूकता रैलियां की जाएंगी।

## यश और कर्म सिंह बने महामंत्री

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

भारतीय जनता पार्टी के जिला और मंडल स्तर के चुनावों के उपरांत भाजपा मंडल टिहरा के अध्यक्ष विनोद ठाकुर ने धर्मपुर चुनाव क्षेत्र के मंडल टिहरा की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया है।

पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को पद का दायित्व देकर पदाधिकारी बनाया जिसमें युद्धवीर सिंह ठाकुर, राजेश ठाकुर, रणजीत सिंह, सरीता ठाकुर, कशमीर सिंह, राज कुमार चौहान, नरंद्र पठानिया, रविंद्र बीटू और प्रवीण को उपाध्यक्ष बनाया। यश पठानिया गांव कोट टिहरा और कर्म सिंह गांव भेडी जोढन को महामंत्री का जिम्मा सौंपा। संजीव कुमार को कोषाध्यक्ष, जगपाल, प्रेम सिंह अत्री, मधु पठानिया, दिनेश नेगी, सुरेंद्र कुमार, तारा सिंह, बसंत सिंह, बबली देवी, ममता देवी और राकेश को सचिव तथा राजेश वर्मा, जितेंद्र, शीला देवी, सरला जस्वाल और अन्तिम ठाकुर को सह सचिव तथा रीना कुमारी को कार्यालय सचिव बनाया। विरेंद्र को मिडिया प्रभारी और राजीव को प्रवक्ता बनाया। रजत चन्देल संयोजक आईटी, निश्चला को सह संयोजक आईटी तथा बलवीर को संयोजक सोशल मिडिया और नीता को सह संयोजक सोशल मिडिया की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं कार्यकारिणी के सदस्य भी नियुक्त किए।

### राम कला मंच और सनातन धर्म संगठनों की बैठक 9 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** राम कला मंच एवं सभी सनातन धर्म संगठनों के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक 9 मार्च को सुबह 10 बजे सनातन धर्म मंदिर, जोगिंदरनगर में आयोजित की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी होली उत्सव की तैयारियों पर चर्चा करना है। इस बैठक की अध्यक्षता श्रीराम कृष्ण आश्रम अन्नपूर्णा मंदिर, लदरूही के पूज्य श्री अविचल दास जी महाराज करेंगे। श्री महाराज जी ने सभी सदस्यों से इस बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया है। बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

## युवा कांग्रेस ने करवाया महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के दिशा निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ज़िला मंडी युवा कांग्रेस द्वारा महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन सुंदरनगर विधानसभा में युवा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस निखिल ठाकुर ने कार्यक्रम की शुरुआत की और निखिल ठाकुर ने महिला सशक्तिकरण के ऊपर महिलाओं को जागरूक किया और देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साहस और उनके द्वारा किए गए कार्यों से अवगत कराया और राजीव गांधी द्वारा महिलाओं को पंचायती राज में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाया था।

युवा कांग्रेस यह महिला सम्मान समारोह पूरे देश में आयोजित कर रही है और कार्यक्रम में उपस्थित सभी मात्र शक्ति को युवा कांग्रेस की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी मातृशक्ति को सम्मानित किया गया और सभी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और इस महिला सम्मान समारोह में गणमान्य उपस्थित रहे।

### करसोग न्यायालय परिसर में लगाई लोक अदालत

**लक्की, करसोग।** करसोग न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह जानकारी खंड विधिक सेवा प्राधिकरण करसोग के अध्यक्ष स्वेता नरूला ने दी। लोक अदालत के लिए बेंचों का गठन किया गया था।

लोक अदालत के लिए प्री लोक अदालत सेटिंग्स भी करवाई गई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सैंकड़ों मामलों को सुनवाई के लिए प्री लोक अदालत सेटिंग्स एवं लोक अदालत की विभिन्न बैंचों के समक्ष रखा गया, जिसमें से सैकड़ों मामलों का निपटारा विभिन्न पक्षों की आपसी सहमति से किया गया।

## महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता कर रही हासिल : आशुतोष





**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

अप्पर भांबला स्थित लार्ड बुद्धा कालेज ऑफ एजुकेशन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कालेज प्रिंसिपल डॉ. आशुतोष दुबे ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं चाहे वह शिक्षा हो, विज्ञान हो, राजनीति हो या फिर खेल का क्षेत्र हो महिलाएं हर क्षेत्र में आगे है।

भाषण प्रतियोगिता में हर्षिता ने प्रथम, शुभम ने द्वितीय और अंजली ने तृतीय स्थान हासिल किया। कविता पाठ में अर्चना ने पहला, ज्योति ने दूसरा और अंजली चंदेल ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्लोगन लेखन में रियांशु ने पहला, अनन्या ने दूसरा और संतोष ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दिनेश, अंशुल और रामलाल ने प्रथम, रोबिन, अभिषेक और सुमित ने दूसरा तथा सिमरन ने तीसरा स्थान हासिल किया।

**आयोजन** भाजपा मंडी जिला ने महिला दिवस पर करवाया कार्यक्रम, विनोद बोले-

## भाजपा ने हमेशा महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए कदम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

भाजपा मंडी जिला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिला पर बल्ह मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा सीमा शर्मा ने कहा कि आज इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि नाचन के विधायक विनोद कुमार एवं मुख्य वक्ता भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री मांचली ठाकुर ने भाग लिया।



भाजपा महिला मोर्चा मंडी जिला अध्यक्षा सीमा शर्मा ने मुख्य अतिथि विधायक विनोद कुमार, मुख्य वक्ता महिला मोर्चा महामंत्री मांचली ठाकुर, बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी, भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा का विशेष रूप से इस कार्यक्रम मे आने पर उनका स्वागत एवं अभिनदंन किया।

विद्यायक विनोद कुमार ने कहा कि आज के समय में महिलाओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है। नारीशक्ति को आज के समय मे सभी क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। भाजपा की केंद्र मे सरकार बनने के बाद ही केंद्र सरकार ने महिला उत्थान हेतु ऐतिहासिक योजनाएं शुरू की हैं, आज नारीशक्ति को इन योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है।

महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मांचली ठाकुर ने कहा कि हमारी पूर्व जय राम ठाकुर की भाजपा सरकार ने भी महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से गृहिणी सुविधा योजना, स्वावलंबन योजना, शगुन योजना जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से देवभूमि की बहन-बेटियों को लाभान्वित करने का प्रयास किया, लेकिन आज कांग्रेस सरकार ने इन योजनाओं को बंद करने का काम किया है। आज महिला हर क्षेत्र मे आगे बड़ने का प्रयास कर रही है।

बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी और भाजपा जिला अध्यक्ष ने भी संबोधित किया तथा महिला मंडल, स्वयं सहायता समुह को चलाने बाली महिलाओं और अन्य बहन-बेटियों को सम्मानित किया गया।

## तिलक राज को मिली हिमाचल राज्य गुर्जर कल्याण परिषद की कमान

**आदर्श, नेरचौक**

हिमाचल राज्य गुर्जर कल्याण परिषद की एक जिला स्तरीय बैठक नेर चौक में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के मुख्य सलाहकार कन्हैया लाल राव ने की जबकि इस बैठक में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव विशेष तौर पर मौजूद रहे।

बैठक में समस्याओं पर मंथन किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि भविष्य में प्रदेश में हिंदू गुर्जर समाज हिमाचल राज्य गुर्जर कल्याण परिषद के बैनर तले एक मंच पर इकट्ठा होकर समाज के कल्याण के लिए कार्य करेगा। बैठक के दौरान जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें तिलक राज राव को सर्व सम्मति से प्रधान चुना गया।

वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप राव, उपाध्यक्ष चंपा देवी व गांधी राम, महासचिव नागेश कुमार, सचिव राहुल, कोषाध्यक्ष नरेश राव मुख्य सुरक्षक जीवन यादव मुख्य सलाहकार राजेश गोर्सी व सलाहकार सुंदरलाल को चुना गया। लेखराम, संजय व हंसराज को कार्यकारी सदस्य चुना गया। इस दौरान नवनियुक्त प्रधान तिलक राज राव ने प्रधान पद का दायित्व सौंपने के लिए बैठक में मौजूद सभी सदस्यों व राज्य कार्यकारिणी का आभार प्रकट किया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सिलाई अध्यापिका संघ ने मांगों को लेकर सौंप मांग पत्र



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राज्य सिलाई अध्यापिका संघ ने अपनी मांगों को लेकर विधायक विवेक शर्मा को एक मांग पत्र सौंपा। संघ की अध्यापिकाओं ने पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग में स्थायी नियुक्ति, सेवानिवृत्ति आयु 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष करने और सेवानिवृत्ति के बाद दस हजार रुपए पेंशन देने की मांग उठाई। राज्य सिलाई अध्यापिका संघ की सचिव सुषमा कुमारी का कहना है कि संघ में वर्ष 1996 से अपनी सेवाएं दे रही हैं, लेकिन अब तक स्थायी नियुक्ति नहीं मिली है। सुषमा कुमार ने कहा कि राज्य में हर सिपाई अध्यापिका दो पंचायतों में पिछले 28 वर्षों से सिलाई अध्यापिका के रूप में सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय से संघ को इस उम्मीद में सेवाएं दे रही हैं कि सरकार उन्हें स्थायी करेगी, लेकिन अब तक उनकी यह मांग पूरी नहीं हुई है, जिससे उनका भविष्य असुरक्षित बना हुआ है। सिलाई संघ का कहना है उनके द्वारा सिखाई गई सिलाई-कढ़ाई से कई महिलाओं को रोजगार मिला है और वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। बावजूद इसके, उन्हें सरकार की ओर से कोई वित्तीय सुरक्षा नहीं मिली है। इसी कारण उन्होंने स्थायीकरण और सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन देने की मांग की है, ताकि उनके जीवन यापन में कठिनाई न हो। विधायक विवेक शर्मा ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा।

### महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमोत्कर्ष अमोदिनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के अंतर्गत पात्र विधवाओं को फ्री राशन योजना में वर्ष 2025-26 हेतू मेहनतकश विधवाओं के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। यह जानकारी हिमोत्कर्ष परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने दी। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाएं 20 माच तक अपने आवेदन पत्र रोटरी गली ऊना स्थित हिमोत्कर्ष कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जमा करवा सकती हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए 45 वर्ष आयु तक की विधवा महिलाएं पात्र होंगी। आवेदनकर्ता को प्रदेश सरकार से विधवा पेंशन या कोई अन्य पेंशन नही मिल रही हो, वहीं उनकी पारिवारिक आय भी 50 हजार रुपए वार्षिक से कम हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवेदन पत्र परिषद के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र के साथ पति का मृत्यु प्रमाण पत्र,आवेदनकर्ता की दो पासपोर्ट साइज फोटो व आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बैंक खाते की प्रति जमा करवानी होगी। उन्होंने कहा कि चयनित महिलाओं को वर्ष 2025-26 के तहत अप्रैल, 2025 से मार्च, 2026 तक हर माह 750 रुपए राशि का राशन उपलब्ध करवाया जाएगा। हिमोत्कर्ष परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने बताया कि 2013-14 वर्ष से शुरू इस प्रकल्प के तहत परिषद ने अभी तक 700 के करीब विधवाओं को करीब 50 लाख रूपए से अधिक राशि का राशन व अन्य मदद उपलब्ध करवाई है।

### बंगाणा कॉलेज में धूमधाम से मनाया महिला दिवस



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में एनएसएस, रोवर रेंजर और एनसीसी इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपप्राचार्य प्रो. रेखा शर्मा और गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. अनु लखनपाल एवं प्रो. किरण कुमारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी और रेंजर प्रमुख प्रो. निकिता ने की। मंच का संचालन दिवांशु शर्मा ने किया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, कविता पठन प्रतियोगिता और सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी महिला कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की उपस्थिति रहीं।

### ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र अंब में मनाया महिला दिवस

**अनंत ज्ञान, अंब।** ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र अंब में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और आध्यात्मिक जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू की पत्नी किरण दीप कौर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और शांति प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद प्रमुख वक्ताओं ने महिलाओं की भूमिका, अधिकारों और समाज में उनके योगदान पर विचार साझा किए। ब्रह्मकुमारीज की वरिष्ठ बहनों ने सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और आध्यात्मिक बल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी बीके आशा दीदी, बीके किरन अंब केंद्र प्रभारी रितु, समाजसेवी सीमा पटियाल, एडवोकेट सरिता शर्मा, रजनी बरोटिया, परमजीत कौर नीतू, वार्ड पंच मधु बाला, राधा रानी, अनु शर्मा व मोनिका कुमारी मौजूद रहीं।



# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

## शिक्षा और जागरूकता से मिलेगा आत्मनिर्भरता का मार्ग : रेणु शेरावत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को लाला जगत प्रकाश नारायण कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल की पत्नी रेणु शेरावत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने की।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ऊना की पत्नी निधि और अतिरिक्त उपायुक्त ऊना की पत्नी लक्ष्मी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं इस वर्ष महिला दिवस की थीम 'समावेशी समाज के लिए महिला सशक्तिकरण' पर केंद्रित रही, जिसमें महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयासों पर चर्चा की गई। मुख्यातिथि रेणु शेरावत ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित होंगी और अपने अधिकारों को पहचानेंगी, तभी वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी और समाज में मजबूती के साथ अपनी भूमिका निभा सकेंगी।



**महिला सशक्तिकरण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक : एसडीएम**

एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने कहा कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज तभी सशक्त बनेगा जब महिलाओं को समान अवसर और अधिकार मिलेंगे। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे महिला उत्थान और लैंगिक समानता के लिए अपना सक्रिय योगदान दें।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा, चार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी पूरी करवाई गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सरकार की महिला कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता फैलाई गई। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सीडीपीओ श्री शिव वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**नेहरू युवा केंद्र ने भी मनाया महिला दिवस :** इसी कड़ी में नेहरू युवा केंद्र ऊना द्वारा डीआरडीए हाल में भी अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना की धर्मपत्नी रेणु शेरावत ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज के समावेशी विकास के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर और जागरूक होना आवश्यक है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ऊना की पत्नी निधि ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर समाज में नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी (एनआरएलएम) ज्योति शर्मा, अधिवक्ता एवं प्रवक्ता शाम दुलारी, ब्लॉक एलवीडीसी के अमित शर्मा, एनएफसीआई ऊना के प्रबंधक अभिनव कालिया, होशियारपुर से मास्टर ट्रेनर रणजीत कौर सहित प्रत्येक ब्लॉक से दो-दो महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## श्रद्धा का सैलाब : मैड़ी मेले में 20 हजार श्रद्धालुओं ने नवाया शीश



चरण गंगा में पवित्र धूने पर माथा टेकने पहुंचे श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, अंब**

डेरा बाबा बड़भाग सिंह जी के 10 दिवसीय होला मोहल्ला मैड़ी के दूसरे दिन लगभग 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने स्थानीय धार्मिक स्थलों में शीश नवाया। कल रविवार होने के चलते बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी के धार्मिक स्थलों बेरी साहिब, मंजी साहिब, कुजासर, दमदमा साहिब, चरण गंगा आदि में काफी भीड़ उमड़ी।

धार्मिक आस्था से वशीभूत श्रद्धालुओं के जत्थे मेला क्षेत्र में बाबा जी का गुणगान कर रहे हैं। उधर, मेला प्रशासन ने माल वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने का दावा किया था, जो कि पूरा नहीं हो पा रहा है। बाहरी राज्यों से लोग माल वाहक गाड़ियों में सफर करके नेहरियां पहुंच रहे हैं, जहां से इनको छोटी गाड़ियों के माध्यम से मैड़ी भेजा जा रहा है, जबकि कई श्रद्धालु पैदल ही रास्ता तय करके मैड़ी पहुंच रहे हैं।

पुलिस मेला अधिकारी एवं एएसपी ऊना संजीव भाटिया का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंजाब सीमा से सटे नाकों पर दिन रात पर्याप्त पुलिस बल ड्यूटी पर तैनात है। उन्होंने कहा कि मालवाहक वाहनों में सफर करना खतरे से खाली नहीं है। इसके लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन न हो। एएसपी ने पंजाब से आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे किसी कीमत पर भी मालवाहक वाहनों में मेले में न आएं अन्यथा नाकों पर उन्हें परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

## जिले में खेती मिशन पर खर्च होंगे 5.60 करोड़ : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत ऊना जिले में दो वर्षों में 5 करोड़ 60 लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। यह राशि इस वर्ष और अगले वर्ष में प्राकृतिक खेती किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और कृषि के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में इस्तेमाल होगी। उपायुक्त जतिन लाल ने जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का उद्देश्य जैविक और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित कर लोगों को स्वास्थ्यवर्धक और पौष्टिक खाद्य उपलब्ध कराना है। इस मिशन के तहत जिले में 80 क्लस्टर बनाए जाएंगे, जिसमें हर समूह को प्रशिक्षित करने के लिए दो कृषि सखियों (सीआरपी) को तैनात किया जाएगा। इस दिशा में खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, किसानों की सहायता के लिए जैव-इनपुट संसाधन केंद्र (बीआरसी) स्थापित किए जाएंगे।



**बोले-खाद्य उत्पादों का ऊना का अपना ब्रांड होगा लॉन्च**

बैठक के उपरांत उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऊना जिले का अपना खाद्य उत्पाद ब्रांड जल्द ही लांच किया जाएगा। इसे लेकर प्रक्रिया लगभग अंतिम चरण में है। इस ब्रांड के तहत कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा, जिससे किसानों को व्यापक स्तर पर आर्थिक लाभ मिल सके। इसके लिए एक प्रतिष्ठित संस्थान के साथ एमओयू जल्द ही साइन किया जाएगा। साथ ही, इस पहल के प्रभावी संचालन के लिए एक जिला स्तरीय सोसायटी का गठन किया जा रहा है, जिसमें किसान उत्पादक संगठन, क्लस्टर स्तरीय फेडरेशन और अन्य हितधारकों की भागीदारी होगी।

बैठक में आत्मा परियोजना के निदेशक वीरेंद्र बग्गा, उपनिदेशक संतोष शर्मा, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. कुलभूषण, एआरसीएस राकेश वर्मा, डीआरडीए परियोजना अधिकारी केएल वर्मा, एपीएमसी सचिव भूपेंद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा, प्राकृतिक खेती से जुड़े प्रगतिशील किसान कृष्णा देवी, सविता देवी, सुरेखा रानी, स्वर्ण सिंह ढिल्लन, विजय कुमार, बलजीत सिंह, प्रवीण शर्मा, सुशीला, पंकज संधु और मितेश शर्मा व अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रकाश ने किया सिविल अस्पताल गगरेट का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

सिविल अस्पताल गगरेट में स्वास्थ्य सुविधाओं की सुध लेने के लिए शनिवार को निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रकाश दड़ोच ने अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके वर्मा भी उनके साथ रहे।

निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं ने अस्पताल में दवाओं के रिकॉर्ड का निरीक्षण करने के साथ, ऑपरेशन थियेटर, रोगी वार्डों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को मरीजों को स्तरीय सेवाएं देने की हिदायत दी और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा। निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डा. प्रकाश दड़ोच शनिवार को जिला ऊना के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने सिविल अस्पताल गगरेट को निरीक्षण के लिए चुना। उनके आने की खबर मिलते ही तमाम अस्पताल स्टाफ मुस्तैद दिखा। डॉ. प्रकाश दड़ोच ने अस्पताल की फार्मेसी में पहुंच कर वहां मौजूद दवाओं का निरीक्षण किया और दवाओं से संबंधित रिकॉर्ड की भी जांच की। उन्होंने कहा कि जो जरूरी दवाएं सरकार द्वारा मुहैया करवाई जा रही हैं उन्हें मरीजों में जरूर वितरित किया जाए। उन्होंने अस्पताल में क्रसना द्वारा संचालित लैबोरेटरी की भी जांच की और क्रसन के स्टाफ को लैबोरेटरी में चौबीस घंटे सेवाएं देने की हिदायत दी। डा. प्रकाश दड़ोच ने रोगी वार्डों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का भी दौरा किया और वहां दाखिल मरीजों से यह जानने का प्रयास किया कि उन्हें अस्पताल में कैसी सेवाएं दी जा रही हैं। डॉ. प्रकाश दड़ोच ने इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके वर्मा की मौजूदगी में अस्पताल स्टाफ से बैठक भी की और उनकी समस्याओं को जानने का भी प्रयास किया। स्टाफ के कुछ सदस्यों ने निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं से अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने की मांग की।

## ओयल पंचायत में नशा तस्करों को नहीं मिलेगी कोई सुविधा

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को ग्राम पंचायत ओयल में ग्राम पंचायत प्रधान किरण जसवाल की अध्यक्षता में हुई महिला ग्राम सभा में वार्ड पंच शशि बाला, रेखा रानी, कांता देवी, मीना कुमारी, सुखविंदर कौर व गांव की अन्य महिलाओं ने अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने और आत्मनिर्भर बनाने की भी शपथ ग्रहण की।

इसके साथ ही ग्राम पंचायत को नशामुक्त पंचायत बनाने की मुहिम भी शुरू की गई। महिला ग्राम सभा में बकायदा प्रस्ताव पारित किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति ग्राम पंचायत ओयल की हद में चिट्टे का सेवन या तस्करी करते हुए पकड़ा गया तो ग्राम पंचायत ओयल से उस पर परिवार को मिलने वाली सारी मूलभूत सुविधाओं से वंचित किया जाएगा।

## महिला दिवस पर नेशनल खिलाड़ी मानसी राणा का किया सम्मान



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की दी रौणखर कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का साधारण अधिवेशन आयोजित किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में समिति के कोषाध्यक्ष सुखदेव ठाकुर ने शिरकत की। इस दौरान लगभग 650के करीब उपभोक्ताओं ने भाग लिया।

इस मौके पर सभा समिति के सचिव प्रवीण शर्मा ने वर्ष 2023-24 का ऑडिट प्रस्तुत किया। इसमें 31 मार्च 2024 तक 75,98,000 रुपए भागधन, वहीं पर अमानत जमा सदस्य 30,10,00,000, सभा के कोष में 2,04,70,000, सभा का कांगड़ा बैंक में 29,43,00,000, सभा का वर्ष 2023-24 में लगभग 27,00,000 रुपए लाभ कमाया है। इस समय सभा का 35 करोड़ सेऊपर कार्य शील पूंजी है। साधारण अधिवेशन में सभा के सचिव ने सदस्यों को 10 लाभांश देने की घोषणा की।

वहीं, सचिव प्रवीण शर्मा ने बताया कि जल्द ही सभा समिति द्वारा जन औषधिय केंद्र चलाएगी जिसमें जन औषधीय केंद्र में गरीब परिवार सदस्यों को सस्ते दामों पर दवाइयां उपलब्ध करवाई जाएंगी। वहीं, पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर क्षेत्र के समाजसेवी रोहित शर्मा द्वारा खरयालता पंचायत की बेटी मानसी राणा को नेशनल स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करने पर नकद राशि व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## चीफ इंजीनियर करें रैड़ा-पैड़ा सड़क की फाइल को जल्द अप्रूव

**अनंत ज्ञान, अंब।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद शर्मा ने शहीद कैप्टन अमोल कालिया रैड़ा-पैड़ा सड़क मार्ग का काम जल्दी शुरू करने के लिए लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों से गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड द्वारा इस लिंक रोड के लिए छह से सात महीने हो गए।

उन्होंने कहा कि इस मार्ग को बरसात से पहले बना देना चाहिए, ताकि यहां के लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने चीफ इंजीनियर हमीरपुर व लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों से भी बात की है ि इस सड़क मार्ग को जल्द शुरू किया जाए। शर्मा ने कहा कि पैसा सैंक्शन होने के बाद भी इतना समय नहीं लगना चाहिए।

## चौकीमन्यार में महिलाओं को बताए उनके अधिकार

**हीना पठानिया, बड़ूही**

राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में वुमन रिड्रेसल सैल द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों उनके सशक्तिकरण को प्रोत्साहन करना था। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अत्यधिक उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ भाग लिया और अपने सशक्त व विचारशील प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को सफल बनाया।

महिला दिवस का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था, जैसे कि शिक्षा, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान। इस अवसर पर डॉक्टर शगुन डोगरा ने महिलाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा के योगदान पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज में समानता और बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम बताया। डॉ. शगुन डोगरा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि हमें प्रेरणा लेनी चाहिए कि बदलते परिवेश में महिलाओं ने पूरे विश्व में उन्नति व कामयाबी की एक नई मिसाल कायम की है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्य एवं वुमन रिड्रेसल सेल की चेयरपर्सन प्रोफेसर कविता कौशल ने कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है क्योंकि आत्मनिर्भरता से आत्मविश्वास आता है और आत्मविश्वास से जीवन संवरता है।



**चौकीमन्यार कॉलेज में महिला दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन**

कार्यक्रम के समापन पर कार्यकारी प्राचार्य एवं वुमन रिड्रेसेल सैल की चेयरपर्सन प्रोफेसर कविता कौशल ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। महाविद्यालय के इको क्लब, ऊर्जा क्लब, एनएसएस इकाई, रेड रिबन क्लब, आपदा प्रबंधन, रेडक्रॉस और स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉलेज कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर कविता कौशल ने डॉ. सगुन डोगरा को बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रामकुमार नेगी, डॉ. रामकुमार, डॉ. सगुन डोगरा, प्रोफेसर नवीन शर्मा और सुपरिंटेंडेंट राकेश सहित गैर शिक्षक वर्ग के सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। (अनंत ज्ञान)

## पीर गौंस पाक मंदिर ग्यारहवीं वाले का विधायक विवेक ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में सात करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हो रहे बड़ी आस्था का केंद्र पीर गौस पाक मंदिर ग्यारहवीं वाले का शनिवार को विधायक विवेक शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उनका उद्देश्य श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करना है, ताकि मंदिर में अधिक से अधिक श्रद्धालु आ सकें।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पीर गौस पाक मंदिर ग्यारहवीं वाले का निर्माण कुटलैहड़ क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह मंदिर स्थानीय एवं बाहरी राज्यों के लिए आस्था का केंद्र है और इसके निर्माण से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सात करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस मंदिर में आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस मौके पर मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार अमित कुमार स्थानीय प्रधान दर्शन सिंह, कुटलैहड़ कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा एवं मंदिर कमेटी और गणमान्य मौजूद रहे।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पीर गौस पाक मंदिर के सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मंदिर में एक भव्य मुख्य द्वार का निर्माण किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। इस परियोजना के तहत मुख्य द्वार के अलावा, परिसर का विस्तार, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया जाएगा।

**शुरुआत** विधायक बबलू ने 1.14 करोड़ के पंचायत भवन की रखी आधारशिला , बोले-

## लोगों को सरकारी योजनाओं का एक स्थान पर मिलेगा लाभ

**विवेक शर्मा, अंब**

चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने शनिवार को पल्लियां गांव में 1.14 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पंचायत भवन की आधारशिला रखी। विधायक ने कहा कि यह पंचायत भवन निर्माण से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और प्रशासनिक कार्यों को निपटाने में सुविधा होगी। बबलू अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए प्रयासरत हैं।

उन्होंने दो वर्षों में ही पल्लियां सहित घंघरेट, घेबट-बेहड़, सरड़ा, नैहरियां, धंधड़ी, धुसाड़ा, कठोह में पंचायत भवनों के निर्माण के लिए करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत करवाई है और इन सभी पंचायत भवनों का कार्य प्रगति पर है। अंबेहड़ा धीरज पंचायत भवन के लिए भी बजट स्वीकृति के लिए भेजा गया है। बबलू ने कहा कि पंचायत भवनों के बनने से स्थानीय लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलेगा।



उन्होंने बताया कि यह भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे और पंचायत की बैठकें, जनसुनवाई और अन्य प्रशासनिक कार्य आसानी से संपन्न हो सकेंगे। इस मौके पर विधायक ने स्थानीय निवासियों की समस्याएं भी सुनीं। ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, सिंचाई और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न मांगें रखीं। विधायक ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिंतपूर्णी क्षेत्र की जनता की सेवा करना और उनके हितों की रक्षा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में स्थानीय जनता सहयोग दे और सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाए। इस दौरान विधायक ने पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 16 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

इस मौके पर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, बीडीओ बंगाणा सुशील धीमान, नायब तहसीलदार जोल अश्वनी धीमान, एसडीओ नीरज धीमान, प्रधान सीमा देवी, उपप्रधान रत्तन चंद, महेश भाटिया, मास्टर बलदेव नंबरदार, जसवीर सिंह, हरदीप सिंह धुसाड़ा, एससी सैल प्रधान सतीश कुमार, रमेश चंद, तरसेम लाल, सुरिंद्र कुमार, आज्ञा राम, केसर सिंह, अजय कुमार, जगतार सिंह, सुभाष चंद, प्रधान जगदीश, धर्म चंद, उपप्रधान रश्ताक उपप्रधान जीवन बाली, शुकलांबर, रवि पाल, सोनू व आदित्य शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## गगरेट अस्पताल के भवन के लिए बजट जारी नहीं हुआ तो करेंगे सीएम का घेराव : राजेश



**अनंत ज्ञान, गगरेट**

सिविल अस्पताल गगरेट के आधे-अधूरे पड़े भवन के निर्माण को मकम्मल करने के लिए पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने प्रदेश सरकार से एकमुश्त बजट जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में सिविल अस्पताल गगरेट के भवन निर्माण के लिए 11.70 करोड़ रुपऐ का बजट स्वीकृत करवाया गया था, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार इसका निर्माण कार्य पूरा करने के लिए बजट जारी नहीं कर सकी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गगरेट की जनता के सब्र का इम्तिहान न ले और अगर अस्पताल भवन का रोका गया बजट जारी नहीं किया तो इसके विरुद्ध जनांदोलन शुरू किया जाएगा और जनता मुख्यमंत्री का घेराव करने से भी गुरेज नहीं करेगी।

शनिवार को पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने सिविल अस्पताल गगरेट के निर्माणाधीन भवन का दौरा कर तय समयसीमा में इस भवन का निर्माण कार्य पूरा करवाकर इसे जनता को समर्पित न करने पर अफसोस जाहिर किया। उन्होंने कहा कि राजनीति मुद्दों पर आधारित होनी चाहिए न कि जनता की सुविधा से जुड़ी चीजों में भी राजनीति की जानी चाहिए।

# अतिक्रमण से सिकुड़े नदी व नाले

## कुल्लू जिले में बारिश के दौरान रास्तों व सड़कों पर बह रहा पानी

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

**प्रदेश** सहित कुल्लू जिला में नदी-नालों के ऊपर व आसपास बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे होते जा रहे हैं। जिसकी वजह से नदी-नालों का आकार लगातार सिकुड़ता जा रहा है। बारिश और बरसात के मौसम में अवैध कब्जों के कारण सिकुड़ चुके नदी-नालों के उफान पर होने के दौरान उनका पानी रास्तों व सड़कों में बेतरतीब ढंग से बहता हुआ भारी नुकसान करता आ रहा है। एक तरह से अवैध कब्जों के कारण तमाम नदी नाले लगातार आपदा का कारक बनते जा रहे हैं।

इसकी वजह से जहां लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है, वहीं जिला प्रशासन के साथ-साथ सरकार को भी आपदा में हुए नुकसान की भरपाई के तौर पर होता है। लेकिन अभी तक न तो सरकार ने और न ही जिला प्रशासन द्वारा इस तरह के अवैध कब्जों को हटाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई की गई है। हालांकि प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा लगातार प्रदेश सरकार को आदेश व निर्देश दिए जाते रहे हैं कि तमाम तरह के अवैध कब्जों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए। मगर हाई कोर्ट के आदेशों पर भी सरकार के अधिकतर अधिकारी महाज लीपापोती ही करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। लेकिन जिस तरह से हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ कुल्लू जिला में बीते सालों में बरसात व बारिश के मौसम में भारी नुकसान हुआ है। उसको मद्देनजर रखते हुए सरकार व जिला प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे हटाए जाने के लिए सख्त कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है।



**बन रहे आपदा का कारण, लोगों का हर साल हो रहा लाखों का नुकसान**

हालांकि पिछले दिनों कुल्लू की उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने इस संबंध में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि नदी नालों के ऊपर व आसपास किए गए अवैध कब्जों को सख्ती के साथ हटाया जाए। ऐसे में देखना यह भी है कि उपायुक्त के इन आदेशों को जिला के अधिकारी कितनी गंभीरता से लेते हैं और इस पर क्या कार्रवाई करते हैं।

हालांकि कुल्लू के एसडीएम विकास शुक्ला ने इस संदर्भ में ठोस कदम उठाते हुए भुंतर के खोखन नाला के ऊपर व आसपास हुए अवैध कब्जों को हटाने की कवायद शुरू कर दी है। चूंकि भुंतर का खोखन नाला अवैध कब्जों के कारण पूरी तरह से सिकुड़ कर महज तीन चार फीट के आकार का रह गया है। जबकि राजस्व विभाग के मुताबिक नल का आकार 40 से 60 फीट का था।

### सख्ती से हटाए जाएंगे अवैध कब्जे: एसडीएम

**एसडीएम** विकास शुक्ला ने जब कहा है कि कुल्लू उपमंडल के तहत आने वाले सभी नदी-नालों पर हुए अवैध कब्जों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और उन्हें सख्ती के साथ हटाया जाएगा। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन के साथ-साथ एसडीएम कुल्लू की यह कवायद क्या रंग लाती है। ऐसे में सब की निगाहें कुल्लू जिला प्रशासन के साथ-साथ एसडीएम विकास शुक्ला के अगले कदम की तरफ लगी हुई है कि वह अवैध कब्जों को हटाने के लिए कितनी तत्परता व कड़ाई के साथ कार्रवाई करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** भुट्टिको के सभागार में महिला दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर मुख्यातिथि के रूप में प्रेमलता ठाकुर निदेशिका कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक व पूर्व जिला परिषद सदस्य, पूर्व अध्यक्ष हिप्र समाज कल्याण बोर्ड उपस्थित रही। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर व समाज में पुरूषों के साथ कदम से कदम मिला कर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर अपनी ने भी विशेष रूप से उपस्थिती दर्ज की। उन्होंने महिलाओं को समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उपस्थित महिला फूला देवी, निर्मला देवी, शकुंतला देवी, रक्षा देवी ने गाने गाए व पारंपरिक नाटी डाली। महिला बुनकर कर्मचारी डाली देवी, शांति देवी तथा शशी ठाकुर को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

### बंजार कॉलेज में मनाया महिला दिवस



**अनंत ज्ञान, बंजार।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ और जेंडर चैंपियंस के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। सर्वप्रथम डॉ. लीना वैद्य, समन्वयक (महिला प्रकोष्ठ ) द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बंजार क्षेत्र की प्रसिद्ध जैविक कृषक अनीता नेगी उपस्थिति रही। उन्होंने जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे प्राकृतिक विधियों का उपयोग कर उन्होंने सेब, आलू, टमाटर, मिर्च और मोटे अनाज जैसी फसलों की खेती में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के संघर्ष, त्याग और उपलब्धियां को उजागर करना था कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल थे। कविता प्रतियोगिता में भारतीय इतिहास की महान महिलाओं की उपलब्धियां और समाज में उनके योगदान पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से लेंसी, अंजलि, भानुप्रिया और कुलजीत द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### हरिपुर में आपदा बचाव कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, मनाली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महाविद्यालय हरिपुर में आपदा में बचाव कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. रोमेश व वूमेन सेल की कन्वीनर डॉ. साक्षी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डीडीएमए कुल्लू से राकेश प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक और वर्षा ठाकुर दस्तावेज़ीकरण समन्वयक, डीडीएमए कुल्लू ने प्राकृतिक आपदा क्या होती है, कितने प्रकार की होती है और उनसे किस प्रकार बचाव किया जाए के बारे में बताया। उन्होंने विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाएं बताई जिनके माध्यम से विद्यार्थी डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी का हिस्सा और आपदा मित्र बन सकते है। इसके साथ ही आपदा के समय हेल्पलाइन न. 1077 पर संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रो. दूनी चंद, प्रो. मोनिका, प्रो. ज्योति, प्रो. सन्नी, प्रो. अभिषेक, प्रो. शिवम् , असिस्टेंट लाइब्रेरियन तेनज़ीन डोलमा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### जाइका ने 66 स्वयं सहायता समूह किए गठित

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जाइका वानिकी परियोजना द्वारा कल्लू के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के संग अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसका शुभारंभ वन मंडल अधिकारी कुल्लू एंजल चौहान द्वारा किया गया। इस मौके पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए एंजल चौहान ने कहा कि जाइका परियोजना द्वारा वन मंडल कुल्लू में 33 ग्राम वन विकास समितियों व 66 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। जबकि स्वयं सहायता समूह को भी व्यवसाय योजना बनाकर 75 फ़ीसदी अनुदान पर अपनी आर्थिकी को मजबूत करने के लिए खड्डियां, सिलाई और बुनाई मशीनें व 1 लाख रुपये रिवाल्विंग फंड के रूप में दिया जा रहा है।

## महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों व सशक्तिकरण का जश्न: भुवनेश्वर गौड़



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों, उनकी उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। यह बात मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने पतलीकूहल अंबेडकर भवन में कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने अपने संबोधन में बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ पर जोर दिया और कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए शिक्षित होना आवश्यक है, जिससे वे किसी भी कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं। इस दिन का उद्देश्य महिलाओं के संघर्षों और उपलब्धियों को पहचानना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और उत्कृष्ट कार्य के लिए महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान महिला दिवस के उपलक्ष में बीडीसी चेयरमैन खेख राम ठाकुर, अरुणा ठाकुर, देवेंद्र नेगी, कमल कांत और अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## बीआरओ के बाद अब पीडब्ल्यूडी भी बहाल कर रहा संपर्क मार्ग

**अनंत ज्ञान, केलांग**

**बीआरओ** द्वारा लाहुल-स्पीति के मुख्य मार्गों को बहाल करने के बाद पीडब्ल्यूडी भी अपनी सड़कों को बहाल करने में जुट गया है। गत दिनों हुए भारी हिमपात से जिला में जन जीवन प्रभावित हुआ था। समस्त जिला में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई थी तथा सड़कों में भी बर्फ के ढेर लग गए। विद्युत विभाग समस्त जिला में आपूर्ति सुचारु करने में जुटा हुआ है। सर्दियों में हिमपात के चलते लाहुल मंडल उदयपुर की 134 सड़कें बंद हुई हैं।

**बिजली कर्मी भी बिजली आपूर्ति सुचारु करने को लगातार जुटे**

पीडब्ल्यूडी उदयपुर के अधिशाषी अभियंता पवन राणा ने बताया कि भारी हिमपात के बाद जगह-जगह हिमस्खलन व भूस्खलन हुए हैं। उन्होंने बताया कि सड़कों में बर्फ के ढेर लगे हैं। राणा ने बताया कि मौसम साफ होते ही विभाग ने अपनी सड़कों की बहाली युद्धस्तर पर शुरु कर दी है और 10 सड़कों को बहाल भी कर लिया है।

> **तिन्दी** एवं सलग्रां क्षेत्र में बिजली बहाल कर दी गई है। मयाड़ घाटी के लिए बहाली का कार्य लगातार प्रगति में है। बिजली कर्मचारियों का विपरीत परिस्थितियों में लगातार कार्य करने के लिए हार्दिक आभार। उनकी कड़ी मेहनत के चलते अधिकतर गावों में बिजली बहाल हो चुकी है। स्पीति घाटी के दूरदराज गांव में भी विद्युत आपूर्ति की बहाली का कार्य जारी है। पीडब्ल्यूडी भी जिला की सड़कों से बर्फ हटाने में जुटा हुआ है।
>
> **-अनुराधा राणा**
> **विधायक लाहुल-स्पीति।**

### देव सदन में कुल्लू सहित्य उत्सव 2025 शुरू

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** हिमतरु प्रकाशन समिति व भाषा-संस्कृति विभाग के संयुक्त आयोजन 'कुल्लू साहित्य उत्सव-2025' का शुभारंभ ढालपुर स्थित देवसदन के सभागार में भाषा एवं संस्कृति विभाग के सचिव राकेश कंवर ने वर्चुअल माध्यम से किया। इस तीन दिवसीय उत्सव पर राकेश कंवर ने कहा कि हिमतरु का यह प्रयास सराहनीय है, जिसके माध्यम से स्थापित लेखकों तथा नवोदित लेखकों व विद्यार्थियों के बीच बेहतरीन सामंजस्य स्थापित होगा, जिसके सुखद परिणाम आएंगे। उत्सव के प्रथम सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ लेखिका डॉ. रेखा वशिष्ठ ने की जबकि कुल्लू साहित्य उत्सव कोर कमेटी के प्रमुख डॉ. निरंजन देव शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में सभागार में उपस्थित समस्तजनों का अभिवादन किया।

### मेहंदी प्रतियोगिता में भावना शर्मा प्रथम

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी कॉलेज के हरिपुर परिसर में महिला प्रकोष्ठ की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कंवर दिनेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड कॉलेज नोगली की प्राचार्या डॉ. सीमा भारद्वाज ने रिसोर्स पर्सन के रूप में महिला सशक्तिकरण और मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. संगीता नेगी ने स्वागत भाषण दिया। मुख्यातिथि ने भारतीय समाज में नारियों के योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मेहंदी प्रतियोगिता में भावना शर्मा प्रथम और यामिनी शर्मा व अमिशा द्वितीय स्थान पर रहीं। रंगोली में रानिका ने प्रथम और सपना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बीएड कॉलेज नोगली की असिस्टेंट प्रोफेसर मोनिका रैना सहित महाविद्यालय के शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

### नग्गर में कला प्रदर्शनी का उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर जिला कुल्लू में शनिवार को महिला दिवस के उपलक्ष्य में देश के लगभग 22 विख्यात कलाकारों की इनसाइट आर्ट ग्रुप की ओर से दिल्ली के सिकंदर जांगड़ा की क्यूरेटरशिप में कला प्रदर्शनी का उद्घाटन रौरिक ट्रस्ट की रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने किया। प्रदर्शनी में शाइला, मधुसूदन खांडेकर, आशु शर्मा, अखिलेश कुमार, अयान बसक, गीतांजली वर्मा, कमल किशोर, लक्ष्मी रेखा, मौसमी भट्टाचार्य, मीनाक्षी वर्मा, मो. अब्बास, मुग्धा खंडेलवाल, नित्यम कपूर, राजेश्वर, सतरूपा, तनवी, याशमीन सुल्ताना, शिल्पी, निलाक्क्ष, पार्थ, लक्ष्य, पूजा हालदार इत्यादि विभिन्न प्रतिभा संपन्न कलाकारों के चित्र प्रदर्शन पर हैं। सभी चित्रकारों ने महिलाओं के ऊपर चित्र बनाकर प्रदर्शनी में लगाये हैं। इसमें कोई कलाकार चित्र के माध्यम से महिलाओं की घर के अंदर कैद प्रवृति को दिखा रहा है तो कोई महिला के हर क्षेत्र में योगदान को दिखा रहा है। इस अवसर पर रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन, अमरजीत, झाबे राम, खेम करण, नरेंद्र कुमार, नीरत राम, तवे राम, मालतू देवी, चंदी देवी, राधा देवी, सभी चित्रकार और कुल्लू घाटी के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मातृवंदना मासिक पत्रिका के विशेषांक एवं दिनदर्शिका का विमोचन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश मातृवंदना संस्थान शिमला व जिला कुल्लू प्रचार विभाग द्वारा मातृवंदना मासिक जागरण पत्रिका के विशेषांक एवं दिनदर्शिका का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित व्यक्तियों, युवा शक्ति, बुद्धि जीवियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गोपी मंडी विभाग प्रचारक ने हिस्सा लिया। उन्होंने पत्रिका मातृवंदना के प्रकाशन व प्रसार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव, जिला संघ चालक नरेंद्र, रोहित राणा प्रचारक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिरकत की।

अनंत Classifieds

विज्ञापन के लिए संपर्क करें 9015226376

Rainbow INTERNATIONAL SCHOOL
(Nur-XII) Affiliated to C.B.S.E.
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-2026
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
Nagrota Bagwan, (H.P.), Tel.: 01892-251592, 249222, 7807849222
Email:rainbowinternationalschool@rediffmail.com
Website: www.risnagrota.com

रतन ज्वेलर्स के मालिक राजू गढ़ वाले
सुनार राजू गढ़ वाले रतन ज्वेलर्स लोअर बाजार भवारना
हमारे यहां गोल्ड ज्वेलरी (HUID) हॉलमार्क 22 कैरेट में तैयार की जाती है।
RATTAN JEWELLERS
Lower Bazar Bhawarna 9882749027 9418787712

ज्योत्सना
आई.टी.आई लोहारी हमीरपुर (हि.प्र.) 177020
1. मकैनिक मोटर व्हीकल
2. इलैक्ट्रीशियन
3. फिटर, 4. बैल्डर
5. पलम्बर
मो. 9418083232, 9418583232 9418683232
Email: jyotsnaiti@ymail.com
Website: www.jyotsnaitihamirpur.com

NEERAJ AGENCIES PRIVATE LIMITED
Near Old Bus Stand, Nagrota Bagwan 176047 Distt. Kangra
Ph. 01892-252088
Mob. 98160-72088

GAYAN JYOTI PUBLIC HIGH SCHOOL PATHIAR
(Affiliated to H.P.B.O.S.E. Dharamshala)
ADMISSION OPEN
Pre-Nursery to 10th
Mob. 86288-03434, 94188-34317

Mill Approved Retail Counter of Mayur
Mob. 98164-43466 (Abhinav)
Mob. 97366-62924 (Raju Dhawan)
Prop. Girish Kumar
Parminder Kumar
J.R.D.
Jagat Ram Dhawan
Suiting Shirting & Dress Material
Main Bazar, Nagrota Bagwan Distt. Kangra (H.P.)

NEW BRIGHT SUN SEN. SEC. SCHOOL
ADMISSION OPEN SESSION: 2025-26
+1/+2, Medical & Non-Medical
NEAR PETROL PUMP MEHRE BARSAR
CONTACT :- 82194-42097

MOTHERKRAFT HOSPITAL
Crafting Women's Health at Every Step
Complete Women's Healthcare Destination
• Obstetrics • Gynecology • Pathology
• Ultrasound • Pediatrics • Neonatology
• Laproscopy • Infertility
Dr. Vani Sharma
MBBS, DGO
Laproscopic Surgeon & Infertility Specialist
Motherkraft, Matour Palampur Road
Near Utsav Palace, Ghurkari, Kangra
CALL US:- 01892-299088
80914-11099, 80914-11088

HIMALYAN'S HOLYFAITH SR. SEC. SCHOOL, PATHIAR
GEMS OF HOLYFAITH
ADMISSION OPEN SESSION: 2025-26

D.D.U. B.E.d. COLLEGE
अध्यक्ष दीनदयाल उपाध्याक्ष स्मारक समिति एवं दीन दयाल उपाध्यक्ष बी.एड. कॉलेज मैहरे (बड़सर) जिला हमीरपुर (हि.प्र.) 174305
फोनः- 01972-288072, 288010, मो. 09816688072
मो. 8261954956, 8894915086, 9805047309

DDM SAI COLLEGE
Affiliated to HPU Shimla & Approved by BCI, NCTE
B.A.LL.B., LL.B.
B.Ed., D.El.Ed.
Kalar (Nadaun) P.O. Jalari, Distt. Hamirpur (H.P.)
Tel. 01972-233720, Mob. 9418042219
Email : contactddmsai@gmail.com

SRI SAI GROUP OF INSTITUTES PATHANKOT
ADMISSION OPEN
84271-84271, 94170-50602
ENGINEERING | POLYTECHNIC DIPLOMA | PHARMACY | HOTEL MANAGEMENT | MANAGEMENT | EDUCATION | COMPUTER APPLICATION
www.srisaigroup.in
B.TECH | CSE | ECE | EE | BBA IN COLLABORATION WITH IBM

GREEN FIELD SR. SEC. SCHOOL, NAGROTA BAGWAN
ADMISSION OPEN SESSION: 2025-26
Contact us: 01892-252979, greenfieldnagrota@rediffmail.com

AJAY HEALTHCARE
दवाइयाँ
○ लाइफ सेविंग दवाइयाँ
○ मधुमेह/कैंसर की दवाइयाँ
○ शल्य चिकित्सा उपकरण
○ सभी तरह के चिकित्सा उपकरण
SHOP NOW
यहाँ PGI, IGMC, TANDA हॉस्पिटल की दवाइयाँ मिलती है
Lower Ground Floor, Kamla Complex, Hamirpur Road Una (H.P.) 174303
7087432364, 8699005364 ajayhealthcare@gmail.com

Nanda Institute of Nursing and Nanda Multi specialty Hospital
Hamirpur Road Una HP

Affiliation No. 16175
GREEN VIEW PUBLIC SCHOOL
Affiliated H.P.B.O.S.E., Dharamshala
ADMISSION OPEN Nursery to 10th
V.P.O. DADH, TEH. PALAMPUR, DISTT KANGRA, HIMACHAL PRADESH
OFFICE.: 01892252115. MOB.: 9816521168

PT. RAGHWANAND MEMORIAL PUBLIC SR. SEC. SCHOOL
AFFILIATED TO H.P.B.O.S.E. DHARAMSHALA (H.P.)
USTERHAR, (RADH), TEH & DISTT. KANGRA, (H.P.)
God "Make child.... We Frame Their Future"
ADMISSION OPEN
FOR NURSERY TO 10+2
Call us :- 9816434628, 9418134628, 8278785028, 01892252198
Website: www.ptraghwanandschool.com, Email: panditraghwanand2007@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को पोषण पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी ने महिलाओं के स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती में पोषण के महत्व को उजागर करने के लिए 'एम्पावर हर वेलनेस बाय न्यूट्रिशन' पर एक ज्ञानवर्धक वार्ता का आयोजन किया। इसमें महिला संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्राओं ने भाग लिया। कुलाधिपति शूलिनी विवि प्रोफेसर पीके खोसला ने सत्र का उद्घाटन किया, जिसमें भारत में प्राचीन काल से एक स्वस्थ समाज को आकार देने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। उन्होंने किशोरावस्था से लेकर रजोनिवृत्ति तक जीवन के विभिन्न चरणों में महिलाओं की बदलती आहार संबंधी जरूरतों पर भी चर्चा की और समग्र स्वास्थ्य के लिए हाइड्रेशन और शारीरिक गतिविधि के महत्व पर जोर दिया।

### युवा पीढ़ी नशा छोड़ खेलों पर करे फोकस

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिवा जी स्पोर्ट्स एंड कल्चर क्लब पांवटा साहिब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को समापन हुआ। इस दौरान समापन समारोह में पांवटा साहिब के विधायक, पूर्व ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित रहे। मुख्यातिथि द्वारा क्लब के सदस्यों को सुंदर आयोजन के लिए बधाई दी और साथ ही उनके द्वारा क्लब को 31 हजार बतौर सहयोग राशि क्लब को प्रदान की गई। चौधरी द्वारा भारत को चैंपियन ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी। इस दौरान उनके साथ राहुल चौधरी, तरनजीत गिल, सुखविंद्र चौधरी, संयम गुप्ता, हर्ष चौधरी, विजय और हितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### जेनरिक दवाइयां सस्ती व अच्छी : डॉ. अमित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सौजन्य से जन औषधि दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अमित रंजन तलवार ने की। डॉ. अमित रंजन तलवार ने कहा कि जेनरिक दवाइयां सस्ती व अच्छी गुणवत्ता वाली होती है। उन्होंने कहा कि रक्तचाप, मधुमेह, थायराइड जैसी गंभीर व दीर्घकालिक रोगों में जेनरिक दवाइयां रोगियों के लिए बेहतर सिद्ध होती हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### एनटीपीसी प्रबंधन ने 39 बच्चों को बांटे स्वेटर

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल अर्की के दूरदराज क्षेत्र बैरल में एनटीपीसी कोलडैम द्वारा जनहित में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किये जाते रहे हैं। इसी कड़ी में असामयिक ठंड के प्रकोप को देखते हुए एनटीपीसी कोलडैम सीएसआर प्रबंधक पूर्ण सिंह द्वारा 39 बच्चों को ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। समाजसेवी हुक्म चंद ने बताया कि एनटीपीसी कोलडैम समय-समय पर प्रभावितों के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। उन्होंने एनटीपीसी प्रशासन का इस तरह प्रभावितों के लिए कार्य करने पर आभार जताया है।

### होनहार छात्रों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सोलन।** जयनगर कॉलेज ने 8 मार्च को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया, जिसमें छात्रों की शैक्षणिक उत्कृष्टता और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. अंजना सूद प्राचार्य जीडीसी जैनगर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अर्धशास्त्र के सेवानिवृत्त प्रोफेसर सत्यविंदर सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए, जबकि पीटीए प्रधान राज कुमार, वरिष्ठ सलाहकार निक्का राम और संयुक्त सचिव बीना देवी भी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित रहे। इस अवसर पर वर्ष 2021 से 2024 तक की अंतिम तीन शैक्षणिक सत्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### रत्न लाल को चुना धुंदन खंड का प्रधान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय क्लासिकल एवं वर्नाक्युलर सीएंडवी अध्यापक संघ खंड धुंदन के चुनाव शनिवार को हुए। यह चुनाव संघ के जिला अध्यक्ष जीत राम रघुवंशी और चुनाव प्रभारी हेमंत पाठक की अध्यक्षता में करवाए गए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से रत्न लाल को खंड प्रधान चुना गया। महिला विंग प्रधान के रूप में भीमा देवी का चयन हुआ। महासचिव पद के लिए रमेश कुमार को चुना गया, जबकि सचिव पद पर चमन लाल को नियुक्त किया गया। वरिष्ठ प्रधान नरेश कुमार को बनाया गया और प्रेस सचिव के रूप में शशिपाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अध्यापकों के हितों की रक्षा और पदोन्नति के अधिकार के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत किए विभिन्न शोध

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय में प्रो. डॉ. अनु मेहरा रहीं। संगोष्ठी में दो तकनीकी सत्र में ऑफलाइन व ऑफलाइन मोड पर शोधकर्ताओं द्वारा विभिन्न शोध प्रपत्र प्रस्तुत किए गए। संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं के रूप में अजमेर से कवियत्री व दार्शनिक डॉ. शोभा बरात, इसराइल से डॉ. असफ शरबी, इंदौर से नो नेशन फॉर वूमन की लेखिका प्रियंका दुबे, शारदा यूनिवर्सिटी से डॉ भूमिका शर्मा, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला से डॉ. अंबालिका, भोपाल से डॉ. रविंदर जुगाड़े, हिमाचल विश्वविद्यालय से डॉ. दीपाली धौल, हिंदी साहित्य से जुड़ी डॉ. विद्यानिधि छाबड़ा व जुखाला कॉलेज से डॉ. ध्रुपाल सिंह शामिल रहे।

### महिलाओं की बदलती स्थिति पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर सोलन में वूमेन सेल के द्वारा इंटरनेशनल वूमेन डे के अवसर पर छात्रों और अध्यापकों के मध्य एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस आयोजन की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र कश्यप ने हमारे समाज में महिलाओं की बदलती स्थिति एवं योगदान की ओर प्रकाश डालते हुए की। इस परिचर्चा में छात्राओं की तरफ से बीकॉम तृतीय वर्ष की सृष्टि नेगी व बीए तृतीय वर्ष की दिव्या ने अपने जीवन से उदाहरण देते हुए यह बताया कि उनके माता-पिता ने उन्हें आगे बढ़ाने के लिए किस तरह प्रोत्साहित किया। परिचर्चा में डॉक्टर जब जगदेव चंद शर्मा ने छात्र-छात्राओं को अपने समाज के हर व्यक्ति की भावनाओं की तरफ सजग होने तथा उन भावनाओं का आदर करते हुए व्यवहार करने का सुझाव दिया।

### चौरंटू में 50 यूनिट रक्त किया एकत्रित



**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल की कुंहर पंचायत के चौरंटू में आहान एनजीओ द्वारा सर्वोदय रक्तदान शिविर-2 में 50 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में आईजीएमसी शिमला की चिकित्सीय टीम ने अपनी सेवाएं दी। इस रक्तदान शिविर में 46 पुरुषों व 4 महिलाओं को मिलाकर कुल 50 लोगों ने रक्तदान किया। सर्वोदय रक्तदान शिविर का यह दूसरा रक्तदान शिविर है। इससे पहले सर्वोदय रक्तदान शिविर का पहला सफल रक्तदान शिविर जयनगर में आयोजित किया जा चुका है जिसमें 50 लोगों ने रक्तदान किया था। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक, आहान एनजीओ उपाध्यक्ष शशिकांत शर्मा ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान होता है। इस दौरान चिकित्सीय टीम के डॉ. नवीन ने कहा कि कई बार किया हुआ रक्तदान आपकी जिंदगी बचा सकता है। इस शिविर में नवीन कुमार, विनोद कुमार, जगदीश ठाकुर, दिनेश कुमार, कली राम, जयदेव ठाकुर, पवन चौधरी, ज्ञान चंद, भुवनेश ठाकुर, विनोद ठाकुर, धर्मदत्त ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, हुकम चंद ने भाग लिया।

# शहर का चिल्ड्रन पार्क बनेगा बैरियर फ्री

## नगर निगम जीर्णोद्धार पर खर्च कर रहा लाखों, फव्वारे की मरम्मत बाकी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**माल** रोड स्थित चिल्ड्रन पार्क को बैरियर फ्री किया जाएगा ताकि दिव्यांगों को व्हीलचेयर से पार्क सैर करने का अवसर मिल सके। इससे सीढ़िया उतरने चढ़ने में असमर्थ बुजुर्गों को भी पार्क आने जाने की सुविधा मिल सकेगी। नगर निगम ने पार्क को बैरियर फ्री करने के लिए जगह जगह बैरियर फ्री किया है। शहर में तीन प्रमुख पार्क है लेकिन इसमें चिल्ड्रन पार्क सबसे महत्वपूर्ण पार्क है। माल रोड पर स्थित होने की वजह से यहां लोगों की काफी चहल पहल रहती है। पार्क के जीर्णोद्धार पर लाखों रुपए खर्च हो चुके हैं पर अभी यह कार्य अधूरा है। नगर निगम पार्क को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर रहा है।

इसके तहत पार्क का जीर्णोद्धार, सुरक्षा दीवार का निर्माण और नए झूले लगाए गए हैं। पार्क के सौंदर्यीकरण के फूलों की क्यारियां और सजावटी पौधे लगाने का कार्य भी किया गया। पर्यटकों के आकर्षण के लिए निगम अब पार्क की दीवारों पर हिमाचल की कला और संस्कृति की चित्रकारी करने जा रहा है।



*सोलन के चिल्ड्रन पार्क को बैरियर फ्री किए जाने का कार्य प्रगति पर।*

> **शहर** के पार्कों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। इस कड़ी में दिव्यांगों और बुजुर्गों की सुविधा के लिए पार्क को बैरियर फ्री किया जा रहा है। पार्क में नए झूले लगाए जा चुके हैं और रिपेयर कार्य भी चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है। पार्कों को शरारती तत्व और नशेड़ियों से मुक्त करने के लिए भी पुलिस की मदद ली जाएगी।
>
> **-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### बेंच टूटी-फूटी हालत में

**पार्क** में रिटेनिंग वॉल का निर्माण तो किया पर मौके से अभी मलबा पूरी तरह नहीं उठाया गया है। पार्क में अभी फवारे की मरम्मत बाकी है। जबकि बैठने के लिए लगे बैंच भी टूटी-फूटी हालत में है। जो निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। पार्क की रौनक बढ़ाने के लिए रंग रोगन किया जाना है। इसी तरह झूले और स्लाइड ग्राउंड ऊबड़खाबड़ है। इससे यहां पर खेल कूद करने वाले बच्चों के चोटिल होने का खतरा रहता है। इसी तरह चिल्ड्रन पार्क का टुटा फव्वारा, टूटा-फूटा बेंच आते जाते राहगीरों को अपनी दुर्दशा की दास्तां सुनाता नजर आता है। इसी तरह पार्क के इर्द गिर्द गिराई गई निर्माण सामग्री से उड़ती धूल फांकते लोग निगम की कार्यप्रणाली को कोसते दिखाई देते हैं।

### सभी पार्कों का होगा जीर्णोद्धार

**शहर** में बने तीन प्रमुख पार्कों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जवाहर पार्क और चिल्ड्रन पार्क में नए झूले लगाए जा चुके हैं और रिपेयर कार्य भी चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है। पार्कों को शरारती तत्व और नशेड़ियों से मुक्त करने के लिए भी पुलिस प्रशासन से सहयोग लिया जाएगा। पार्कों की फैंसिंग कर सीसीटीवी लगाए जाएंगे ताकि आम जन और बच्चे यहां पर आजादी से आ जा सके।

# हिंदी कविता वाचन स्पर्धा में ओक सदन के राजवीर चौहान अव्वल



*हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागी शिक्षकों के साथ।*

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**पाइनग्रोव** स्कूल धर्मपुर में अंतर्सदनीय हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से बारहवीं के लिए तीन श्रेणियों में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता की प्रथम श्रेणी में ओक सदन के राजवीर सिंह चौहान ने प्रथम, देवदार सदन के जीवेश ने द्वितीय व चिनार सदन की जस्मायरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**देवदार सदन के जीवेश ने हासिल किया द्वितीय स्थान**

द्वितीय श्रेणी में देवदार सदन की शिवांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी तो वहीं बराबरी के मुकाबले के साथ ओक सदन की जानवी वशिष्ठ, चिनार सदन की आध्या शर्मा तथा टीक सदन की अश्विका ने सम्मिलित रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की वरिष्ठ श्रेणी में ओक सदन की त्विषा शर्मा प्रथम स्थान पर रहीं जबकि चिनार सदन के आराध्या रतन भारद्वाज द्वितीय स्थान तथा देवदार सदन की रेवा कश्यप तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी तथा प्रशासक विशाल गौरी द्वारा विजेताओं की घोषणा की गई तथा मुख्य अध्यापकों डॉक्टर किरण अत्री तथा संजय चौहान द्वारा विजेताओं को बधाई देते हुए पुरस्कृत किया गया।

# महिलाओं के शिक्षित, स्वस्थ व सशक्त होने से देश होगा उन्नत : डॉ. प्रियंका चंद्रा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर जिला सिरमौर के डाईट नाहन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, इसमें एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा ने बतौर मुख्यअतिथि भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, खेलकूद व प्रशासन सहित हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही है और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज को विकसित करने में अपना योगदान दे रही है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम 'एक्सेलरेट एक्शन' रखी गई है यह थीम महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए तेजी से प्रगति करने की अपील करती है। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न स्वयं सहायता समूहों ने स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई। इस अवसर पर

**डाईट नाहन में मनाया जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा म्यूजिकल चेयर, मटका फोड, मेहंदी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। डॉ. प्रियंका चंद्रा ने सभी प्रतिभागियों व स्वयं सहायता समूह ददाहू, आंगनबाड़ी केंद्र मोगिनंद-2 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दया देवी व आंगनबाड़ी केंद्र चिल्लावाड़ी की आंगनबाड़ी सहायिका प्रिया देवी को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी रमा रेकटा, बाल कल्याण समिति चेयरपर्सन राजनीशा,बाल विकास परियोजना अधिकारी ईशाक मोहम्मद सहित स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया।

### सीमेंट कंपनी से प्रभावित किसानों की समस्याओं पर कल होगी चर्चा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट में अंबुजा सीमेंट कंपनी से प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को एसडीएम अर्की और प्रभावित किसानों के बीच दूसरे दौर की बातचीत होगी। यह बातचीत प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद हो रही है। प्रभावित किसान सभा दाड़लाघाट के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने बताया कि प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेशों की 2 महीने की अवधि की समय सीमा 15 फरवरी को समाप्त हो गई है, लेकिन अभी तक प्रभावित किसानों को पूरा रिकॉर्ड मुहैया नहीं करवाया गया है। उन्होंने कहा कि अगर प्रभावित किसानों को पूरा रिकॉर्ड मुहैया नहीं करवाया जाता है और सरकार जल्द इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं करती है, तो प्रभावित किसान सरकार पर उच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना का मामला दर्ज करा सकते हैं।

# विधायक ने की कोयल सनोग में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 2 लाख देने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**अर्की** के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सहित अर्की विधानसभा क्षेत्र का विकास सरकार की प्राथमिकता है जो अभी भी विकास की दृष्टि से पिछड़े हैं। संजय अवस्थी शनिवार को अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सारमा के गांव कोयल सनोग में 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुलझाने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कोयल सनोग में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कोयल नाला से धार का डोरा मार्ग के संयुक्त निरीक्षण के निर्देश भी दिए।

उन्होंने बाड़ीधार से कोयल सनोग पेयजल योजना के लिए प्राकलन अनुसार 15 लाख रुपए उपलब्ध करने की घोषणा की।



**अर्की की सारमा पंचायत से 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ**

उन्होंने खेल मैदान निर्माण के लिए 1 लाख रुपए तथा ग्राम सुधार सभा बाण को सड़क मरम्मत के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भयाली से कोयल सनोग मार्ग पर शीघ्र ही पुलिया का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा।

उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि सारमा में शीघ्र ही नया पटवार वृत्त आरम्भ करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

उन्होंने स्वयं सहायता समूह सनोग को 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने शिमला से शीलघाट बस को कोयल सनोग तक चलाने की घोषणा भी की। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य केन्द्र कोयल सनोग में सप्ताह में दो दिन स्वास्थ्य कर्मी सेवाएं देंगे और रिक्त पदों को भरने की दिशा में समुचित कार्रवाई की जाएगी।

### पांगी की आंचल बनी एयर होस्टेस

**अनिल कुमार नेगी, रिकांगपिओ।** किन्नौर जिला के पांगी गांव की बेटी का एयर होस्टेस में चयन हुआ है। अब आंचल नेगी आसमान में बादल के बीच अपने सपनो को पूरा करेंगी।



आंचल नेगी ने बताया कि उनका चयन इंडिगो एयरलाइंस में बतौर एयरहोस्टेस के रूप में चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि 7 मार्च 2025 को कंपनी में शामिल हुई है। आंचल नेगी ने अपनी प्राथमिक शिक्षा डीएवी स्कूल रिकांगपिओ से पूरी की और माध्यमिक शिक्षा के लिए डीपीएस झाकड़ी से की है। आंचल नेगी जल्द चेन्नई बेस से इंडिगो में अपनी सेवाएं देंगी। बता दे कि आंचल नेगी पांगी गांव की पहली एयर होस्टेस है जिनके इस पदोन्नति से सम्पूर्ण किन्नौर व पांगी गांव में खुशी की लहर है। **अनंत ज्ञान**

# 10 हजार मामलों में से 3,209 मामले निपटाए

## सोलन जिले के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने कहा कि सोलन जिला के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि उपमंडल नालागढ़, कसौली, अर्की व सोलन मुख्यालय में 13 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया। इन लोक अदालतों का माननीय न्यायाधीश हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला तरलोक सिंह चौहान द्वारा अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा



कि मार्च माह में प्री लोक अदालत सीटिंगस भी करवाई गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 10 हजार मामलों को सुनवाई के लिए प्री लोक अदालत सीटिंगस एवं लोक अदालत की विभिन्न बैंचों के समक्ष रखा गया, इसमें से 3,209 मामलों का निपटारा विभिन्न पक्षों की आपसी सहमती से किया गया। उन्होंने कहा कि इन मामलों में कुल समझौता राशि 13 करोड़ 69 लाख 11 हजार 642 रुपए रही। उन्होंने कहा कि 8707 मोटर व्हीकल चलानों को भी विभिन्न बैंचों के समक्ष रखा गया जिनमें से 2709 मामलों का निपटारा किया गया।

### फिल्म सोच-ए परसेप्शन में रवि व राहुल ने मनाया प्रतिभा का लोहा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** जागरण फिल्म फेस्टिवल की ओर से ट्रैवलिंग फिल्म फेस्टिवल प्रीमियर के फिल्म सोच-ए परसेप्शन में अर्की के रवि गौतम और राहुल शर्मा ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कला के क्षेत्र में कुछ वर्षों में अर्की क्षेत्र के कई होनहार युवाओं ने कामयाबी हासिल की है। जागरण फेस्टिवल की ओर से आयोजित सौ मिनट की इस फिल्म के रिलीज होते ही सिनेपोलिस मॉल अंधेरी मुंबई में पीवीआर सिनेमा में प्रीमियर के दौरान हाउसफूल रहा और दर्शकों ने पूरी फिल्म देखी। फिल्म का निर्देशन रवि गौतम ने किया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत दभोटा मार्ग पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत हो गई। मृतक की पहचान तपेश चंद निवासी झंडूता जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के चौकीवाला से दभोटा रोड़ पर ओयल पट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे पैदल चल रहे तपेश चंद को टक्कर मार दी, जिसे स्थानीय लोगों ने तुरंत नालागढ़ अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने गंभीर हालत के चलते उसे पीजीआई रैफर किया लेकिन उसकी रस्ते में ही मौत हो गई।

### बजरंग दल की कबड्डी टीम ने ऊना को हराया

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** खेल मैदान कंडाघाट में चल रहे प्रो एचपीसीएल कबड्डी ओपन टूर्नामेंट के दूसरे दिन बजरंग दल हरियाणा की टीम ने ऊना की टीम को हराया। अन्य लीग मैच में कंडाघाट की टीम ने कल्होग और एडीसी बड़ोग की टीम ने राजगढ़ को हराया। इस टूर्नामेंट में हिमाचल, पंजाब और हरियाणा की 26 टीमें हिस्सा ले रही हैं।



टूर्नामेंट के आयोजक नीरज ठाकुर, कुलदीप वर्मा नमन मेहता और अर्जुन ठाकुर और आयोजन सहयोगी विजेश्वर देव मेला कमेटी जदारी के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थित में दूसरे दिन के मुख्यातिथि स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त पर्यवेक्षक देविंद्र शर्मा ने खेलों को जीवन और स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सभी युवाओं को किसी न किसी खेल में भाग लेने का आह्वान किया और आयोजकों को अपनी तरफ से 11 हजार की राशि भेंट की।

# नगर परिषद परवाणू में एक ही दिन में बदल गए सरकार के ऑर्डर : डेजी ठाकुर

**अनंत ज्ञान, परवाणू**

**परवाणू** नगर परिषद में लंबे समय से सरकार द्वारा कोई कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गयी है। जिसके चलते कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त भार तत्कालीन सहायक आयुक्त महेंद्र प्रताप सिंह को दे दिया गया। अतिरिक्त कार्यभार संभालते ही उन्हें साथ ही उन्हें उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कसौली का पदभार भी दे दिया गया जिस से उन पर तीन पदों का अतिरिक्त भार आ गया। परन्तु परवाणु में सहायक आयुक्त शेफाली शर्मा की नियुक्ति के बाद भी नगर परिषद का चार्ज उन्ही के पास रहा जिस से कसौली व परवाणू नगर परिषद दोनों के कार्यों पर प्रभाव पड़ने लगा तथा लोगों ने सहायक आयुक्त को नगर परिषद का अतिरिक्त भार देने की मांग की। परन्तु लोगों की परेशानी पर सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया। जिसे देखते हुए विपक्ष के नेता पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजीव सेहजल ने प्रेसवार्ता कर सरकार पर सवाल उठाए कि आखिर सरकार व् उपमंडल अधिकारी का नगर परिषद में इतना लगाव क्यों है। 5 मार्च को सरकार द्वारा सहायक आयुक्त शेफाली शर्मा को नगर परिषद परवाणू की कार्यकारी अधिकारी के पद संभालने के निर्देश जारी किये गए परंतु राजनितिक दबाव के चलते शाम निर्देश वापस ले लिए गए। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश सचिव डेजी ठाकुर ने प्रेस बयान जारी कर मौजूदा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा नगर परिषद परवाणू में जिस प्रकार से कार्यकारी अधिकारी की नियुक्तियां की जा रही है उससे वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्न चिह्न उठना है।

**भाजपा प्रदेश सचिव ने उठाया सवाल**

लगातार जनता ने सरकार से गुहार लगाई की एसडीएम कसौली अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर पा रहा है, क्योंकि उनको कसौली का कार्यभार भी देखना है तथा उनके कार्यालय में स्टाफ की भी कमी है। उसी के साथ-साथ नगर परिषद परमाणु का कार्यभार भी देखना है। इससे वह दोनों पदों का कार्य समय पर नहीं कर पा रहे थे, जिससे जनता को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा था।

**कार्यक्रम** दयानंद आदर्श विद्यालय सोलन में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# महिला मोर्चा ने महिलाओं को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सोलन**

**भारतीय** जनता पार्टी महिला मोर्चा सोलन शहरी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस दयानंद आदर्श विद्यालय सोलन में मनाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा अध्यक्ष विशाखा ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश की उपाध्यक्ष रश्मिधर व विशिष्ट अतिथि फूला धर रही।

कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में ऊषा मित्तल को साहित्य पत्रकारिता के क्षेत्र में अंबिका शर्मा जी को स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉक्टर स्वाति बिंदल को विकलांगता के क्षेत्र में राधिका कपूर, पशु पक्षी जीव जंतु के क्षेत्र में श्वेता डोभाल, खेल जगत के लिए शीला कौशल, युवा लेखक, साहित्यकार और उद्यमी के तौर पर नीतिका गुप्ता, बाल कल्याण के क्षेत्र में दीक्षा, विकलांगता उत्थान के क्षेत्र में निर्मला ठाकुर और शिक्षा के क्षेत्र में कौमुदी ढल को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व पार्षद मधु कौशिक, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, महामंत्री धर्मेंद्र ठाकुर महामंत्री संजय मलिक, उपाध्यक्ष करमचंद, उपाध्यक्ष अनिल, उपाध्यक्ष दिनेश शुक्ला, सचिन लाविका, सचिव कृष्ण ठाकुर, सुषमा कंसल, जगदीश कारक, शकुंतला शर्मा, प्रियंका अग्रवाल, राज कौशल, पूजा, मंजुल ठाकुर, पूजा हांडा, नेहा ठाकुर, मधु भारती,नेहा ठाकुर मौजूद रही।

### दाड़लाघाट में महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अंबुजा फाउंडेशन प्राइवेट आईटीआई दाड़लाघाट और नाबार्ड के सहयोग से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समाजिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा की गई, जिसमें नशे की आदत, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी और सोशल मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के समाज में योगदान, उनके अधिकारों और उनके सशक्तिकरण पर जोर दिया गया।



सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने विचार साझा करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं के योगदान और उनके सशक्तिकरण के लिए काम करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एआरसीएस सोलन गिरिश नड्डा, डीडीएम नाबार्ड अशोक चौहान, जिला लेखा अधिकारी बुद्धी राम, जोगिंद्रा बैंक शाखा प्रमुख विकास चड्डा, भूपेंद्र गांधी, राजेश शर्मा, सोनू देवी, दलीप शर्मा, चंदरकांता, विनोद वर्मा, संदीप अरोड़ा, स्वाति गौतम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### महिलाओं ने सीखा जैम, अचार व चटनी बनाना

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** उद्यान विभाग राजगढ़ के फ्रूट केनिन यूनिट राजगढ़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में राजगढ़ क्षेत्र की विभिन्न पंचायत की महिलाओं ने भाग लिया और उन्हें जैम, अचार, चटनी, मुरब्बा, जूस, स्क्वैश आदि बनाने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। फ्रूट केनिन यूनिट के जूनियर असिस्टेंट जगदीश ने बताया कि डॉ. विनोद ढोलटा विषय विशेषज्ञ उद्यान विभाग राजगढ़ की अध्यक्षता में इस शिविर का आयोजन किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्ट्रीट लाइट्स में गड़बड़ की शिकायत, हरकत में विभाग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** बरवाला शहर के एनएच-52 इंटरनल रोड पर लोक निर्माण विभाग (बीएंडआर) द्वारा लाखों की लागत से लगाई जा रही स्ट्रीट लाइट्स में अनियमितता की शिकायत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक्स पर पोस्ट करते ही विभाग तुरंत हरकत में आ गया। एक्स पर शिकायत मिलने के बाद विभाग के इलेक्ट्रिकल विंग के उपमंडल अभियंता सुमेर सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सामने आया कि ठेकेदार द्वारा केबल को अंडरग्राउंड डालने की बजाय ऊपर से पोल टू पोल जोड़ा जा रहा था, जिससे हादसे की आशंका थी। इस पर अभियंता ने ठेकेदार की फर्म को लिखित नोटिस जारी कर चेतावनी दी और निर्देश दिए कि केबल को प्रॉपर तरीके से अंडरग्राउंड फिक्स किया जाए।

### डॉक्टरों को जीवन रक्षक चिकित्सा का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में आयोजित एक विशेष कार्यशाला में डॉक्टरों को 'आभासी शिशुओं' पर जीवन रक्षक चिकित्सा प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया। इस अनूठे अनुभव ने न केवल डॉक्टरों का आत्मविश्वास बढ़ाया, बल्कि उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में त्वरित और सटीक निर्णय लेने के लिए तैयार किया। कार्यशाला का सबसे रोमांचक पल तब आया, जब डॉक्टरों ने इन सिमुलेशन मॉडल्स पर काम किया, जो असली नवजातों की तरह सांस लेते, रोते और हलचल करते हैं। ये हाई-टेक डमी शिशु इलाज के हर कदम पर प्रतिक्रिया देते हैं, जिससे डॉक्टरों को यह आभास हुआ कि वे असली नवजात का उपचार कर रहे हैं। इस दौरान डॉक्टरों ने नवजात की रीढ़ से फ्लुइड निकालने, छाती में ट्यूब डालने और गर्भनाल में कैथेटर लगाने जैसी जटिल प्रक्रियाओं का अभ्यास किया।




### हिमाचल सरकार और क्रैक अकादमी में साझेदारी



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शिक्षा प्रगति की नींव है, जो लोगों को ज्ञान और अवसर देकर उनका भविष्य संवारने में मदद करती है, लेकिन ऐसा छोटे शहरों और गांवों में रहने वाले छात्रों के लिए अच्छी कोचिंग तक पहुंच हमेशा एक बड़ी चुनौती रही है। छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों के छात्रों को अब प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतरीन कोचिंग के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश सरकार ने क्रैक अकादमी के साथ साझेदारी कर एक नई पहल शुरू की है, जिससे छात्रों को उनके ही शहर में उच्च स्तरीय कोचिंग और मार्गदर्शन मिलेगा। इस पहल के तहत क्रैक अकादमी अपने विशेष कार्यक्रम 'मेरे शहर के 100 रत्न' के ज़रिए छात्रों को अनुभवी शिक्षकों की देख-रेख में परीक्षा की तैयारी करने का मौका दे रही है। इस योजना में शामिल छात्रों को न केवल टॉप फैकल्टी से मार्ग-दर्शन मिलेगा, बल्कि उन्हें परीक्षा से जुड़ी विशेष अध्ययन सामग्री और संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

# ऐसा रक्तदान शिविर पहली बार देखा जहां केवल महिलाएं ही रक्तदाता : सीएम सैनी

## महिलाएं अपने घर-परिवार के साथ दूसरों के जीवन को भी बचाने का कर रही हैं काम

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का दिन महिलाओं द्वारा अपने अधिकारों के लिए किए संघर्षों और उपलब्धियों की याद दिलाता है। रक्तदान महादान है और मानवता की सच्ची सेवा है। इस रक्तदान शिविर का संदेश पूरे देश में जाएगा और अन्य महिलाओं को भी समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगा। सैनी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महिला पीजी महाविद्यालय पंचकूला में आयोजित नारी शक्ति रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं और उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रक्तदान करने वाली महिलाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। रक्तदान शिविर में 138 से अधिक महिलाओं ने रक्तदान किया।

उन्होंने कहा कि मैं कई बार अनेक रक्तदान शिविरों में गया हूं, लेकिन ऐसा रक्तदान शिविर पहली बार देखा है, जिसमें केवल महिलाएं ही रक्तदान कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने का इससे अच्छा और कोई तरीका नहीं हो सकता। इस रक्तदान शिविर में केवल महिलाएं ही रक्तदाता हैं। इसमें विभिन्न वर्गों की महिलाएं रक्तदान कर रही हैं। इन सबकी भागीदारी यह दर्शाती है कि मानव सेवा के लिए इनकी गहरी भावना है। उन्होंने कहा कि यह शिविर प्रमाणित करता है कि महिलाएं केवल अपने घर-परिवार को ही संवारने का काम नहीं करती, बल्कि दूसरों के जीवन को भी बचाने का काम कर रही हैं। इस रक्तदान शिविर में महिलाएं, बेटियां रक्तदान कर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही हैं। (अनंत ज्ञान)




### मुख्यमंत्री ने 'श्रेष्ठ ग्राम की श्रेष्ठ बेटियों' को किया सम्मानित

**सैनी** ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंचकूला जिले के 'श्रेष्ठ ग्राम' बरवाला की तीन सर्वाधिक प्रतिभाशाली बेटियों को सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री ने इन्हें 'श्रेष्ठ ग्राम की श्रेष्ठ बेटियां' कहा। उन्होंने बताया कि श्रेष्ठ ग्राम की उपाधि उस गांव को देते हैं, जिसमें लिंगानुपात श्रेष्ठ है। बरवाला गांव के निवासियों की बेटियों के प्रति अच्छी सोच के चलते बरवाला में एक हजार बेटों के पीछे 1059 बेटियां हैं। मुख्यमंत्री ने श्रेष्ठ ग्राम की श्रेष्ठ बेटियों, जिनमें महक को 75 हजार रुपए, आरजू को 45 हजार रुपये और लतिका भटी को 30 हजार रुपए का चैक देकर सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए पीसी-पीएनडीटी कार्यक्रम चलाया हुआ है। इसके तहत 5 हजार या इससे अधिक की आबादी वाले उस गांव को हर वर्ष 'श्रेष्ठ ग्राम' पुरस्कार प्रदान किया जाता है, जिसका लिंगानुपात 1,000 या उससे अधिक होता है।

# हरियाणा ने हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस को नए संशोधन के साथ किया सशक्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने राज्य में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस विनियम, 2023 में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया है। यह संशोधन तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और इसका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों तक पहुंच को सरल और व्यापक बनाना है, जिससे एक अधिक सतत और कुशल विद्युत आपूर्ति प्रणाली सुनिश्चित की जा सके।

संशोधन के तहत, अब 100 किलोवाट या उससे अधिक स्वीकृत भार वाले उपभोक्ता, चाहे वे एकल कनेक्शन या एक ही विद्युत प्रभाग में स्थित बहु-कनेक्शनों के माध्यम से हों, हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस के लिए पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त, कैप्टिव उपभोक्ताओं, जो अपनी आवश्यकताओं के लिए स्वयं नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करते हैं, को अब ऊर्जा आपूर्ति पर किसी भी प्रकार की सीमा का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह संशोधन उद्योगों और व्यवसायों को हरित ऊर्जा को अपनाने में अधिक स्वतंत्रता और सुविधा प्रदान करेगा।

संशोधित विनियमों में गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित कचरे से ऊर्जा संयंत्रों से उत्पादित बिजली को भी अंतरराज्यीय पारेषण और वितरण प्रणाली से जोड़ने का प्रावधान किया गया है। यह कदम सतत कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के साथ-साथ हरियाणा के विद्युत ग्रिड में योगदान को भी सुनिश्चित करेगा। प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने के लिए, अब उपभोक्ता कनेक्टिविटी और ओपन एक्सेस के लिए एक साथ आवेदन कर सकते हैं, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने की प्रक्रिया में देरी कम होगी और उद्योगों व व्यवसायों के लिए इसे अधिक सुविधाजनक बनाया जा सकेगा।

एक अन्य महत्वपूर्ण संशोधन उन उपभोक्ताओं के लिए है जो स्वतंत्र फीडर से नहीं जुड़े हैं। अब ऐसे उपभोक्ता भी ओपन एनर्जी मार्केट का लाभ उठा सकते हैं, बशर्ते कि वे वितरण लाइसेंसधारी द्वारा लगाए गए सिस्टम बाधाओं और विद्युत कटौती प्रतिबंधों को स्वीकार करें। इसके अतिरिक्त, अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए, संशोधित नियमों में यह स्पष्ट किया गया है कि दिसंबर 2032 तक कमीशन की गई अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं से ओपन एक्सेस उपभोक्ताओं को आपूर्ति की गई बिजली पर कोई अतिरिक्त अधिभार लागू नहीं होगा।

ये संशोधन हरियाणा की स्वच्छ ऊर्जा ट्रांजिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं। हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस में व्यापक भागीदारी की सुविधा देकर, राज्य कार्बन उत्सर्जन को कम करने, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और एक सतत भविष्य के निर्माण की दिशा में अग्रसर हो रहा है।

# नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाया 'ऑपरेशन सील'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**युद्ध** नशों के विरुद्ध अभियान के तहत मोहाली जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन सील चलाया गया। एसएसपी दीपक पारीक ने खुद इसकी कमान संभाली। ऑपरेशन सील के दौरान जिला पुलिस ने हिमाचल, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की सीमा से सटे जिले की सभी अंतरराज्यीय सीमाओं पर विभिन्न नाके लगाकर विशेष जांच की। मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक पारीक ने जगतपुरा के निकट यूटी सीमा पर लगाए गए पुलिस नाके का निरीक्षण किया। उन्होंने खुद जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की गहन जांच की।

एसएसपी ने कहा कि डीजीपी गौरव यादव के निर्देशों पर पुलिस ने जिले की अंतरराज्यीय सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी की है। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ युद्ध अभियान के तहत ऑपरेशन कासो और सील साथ-साथ चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा जिले में नशे की आपूर्ति और बिक्री को रोकने के लिए नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई, संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी अभियान, मेडिकल दुकानों की जांच भी की जा रही है।



# एसबीआई ने महिला कर्मियों के लिए वॉकथॉन का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक स्थानीय प्रधान कार्यालय, चंडीगढ़ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, देश भर में रेडियो के सहयोग से शनिवार को अपनी महिला कर्मचारियों के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया। वॉकथॉन को उपमहाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी, काजल कुमार भौमिक, निदेशक मीडिया विभाग सुश्री सुरजीत पठेजा और भारतीय स्टेट बैंक के अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाई। 250 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति से इस वॉकथॉन की शोभा बढ़ाई।

एक संगठन के रूप में भारतीय स्टेट बैंक अपनी महिला कर्मचारियों के कल्याण के लिए कई कदम उठा रहा है। वहीं, शुक्रवार को महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, पात्र महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण किया गया और महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए चिकित्सकों द्वारा सत्र संचालित किए गए।

# 72 यूनिट रक्त किया एकत्रित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर कमेटी फेस-11 और स्वराज इंजन लिमिटेड फेस-9 के संयुक्त सहयोग से 11वां स्वच्छ रक्तदान शिविर एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन स्वराज इंजन लिमिटेड फेस-9 के मुकेश बंसल, एचआर हैड ध्रुव प्रताप सिंह द्वारा किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में डॉ. खनीत कौर के नेतृत्व में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, सेक्टर-32, चंडीगढ़ की टीम ने 72 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर सोसायटी के प्रधान पदम देव ने अपना 53वां जन्मदिन मनाते हुए 51वीं बार रक्तदान किया,, जबकि भरत सिंगला ने 50वीं बार रक्तदान कर समाज में एक मिसाल पेश की।

स्वराज इंजन लिमिटेड और रेडक्रॉस मोहाली के सचिव सरदार हरबंस सिंह ने रक्तदान करने वाले दाताओं को बैच एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

## देश-विदेश

### ईरान ने किया ब्रिटिश राजदूत को तलब

**तेहरान।** ईरान ने ब्रिटेन के सीनियर अधिकारियों की ओर से हाल ही में अपनाए गए 'तेहरान विरोधी' रुख के खिलाफ ब्रिटिश राजदूत ह्यूगो शॉर्टर को तलब किया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा कि ब्रिटिश दूत को ब्रिटिश अधिकारियों के ईरान के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों पर विरोध जताने के लिए बुलाया गया। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि 'ब्रिटिश दूत को सीनियर ब्रिटिश अधिकारियों के ईरान के बारे में निराधार दावों और उनके इस इल्जाम के खिलाफ विरोध जताने के लिए बुलाया गया था कि तेहरान ब्रिटेन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना चाहता है।'

### स्पाइसजेट के खिलाफ दीवाला याचिका दायर

**नई दिल्ली।** एयरलाइन स्पाइसजेट को नई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आयरलैंड के तीन विमान पट्टेदारों और एक पूर्व पायलट ने उसके खिलाफ एनसीएलटी में दिवाला याचिका दायर की है, जिसमें चूक का दावा किया है। तीन विमान पट्टा कंपनियों एनजीएफ अल्फा, एनजीएफ जेनेसिस और एनजीएफ चार्ली ने आईबीसी की धारा 9 के तहत याचिका दायर की है, जिसमें स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला कार्रवाई शुरू करने की मांग की है। याचिका में कुल 1.26 करोड़ डॉलर (लगभग 110 करोड़ रुपए) का बकाया होने का दावा किया गया है।

### तेलंगाना सुरंग हादसा: रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**नगरकुरनूल (तेलंगाना)।** तेलंगाना में 'श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी)' सुरंग के अंदर शनिवार को बचाव अभियान तेजी से जारी रहा और वहां खोजी कुत्तों ने ऐसे दो स्थानों की पहचान की है, जहां किसी मजदूर के फंसे होने के आसार हैं। कुत्तों की ओर से पहचाने गए स्थानों से बचाव कर्मी गाद हटाने का कार्य कर रहे हैं। सुरंग के भीतर 22 फरवरी को उस समय से आठ लोग फंसे हुए हैं, जब इसका एक हिस्सा ढह गया था।



### कनाडा में पब में गोलीबारी में 12 लोग घायल

**टोरंटो।** कनाडा में पूर्वी टोरंटो के एक पब में गोलीबारी में 12 लोग घायल हो गए। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि स्कारबोरो टाउन सेंटर मॉल के निकट शुक्रवार रात हुई गोलीबारी में 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध अब भी फरार है।

# मैं सबसे धनवान व्यक्ति हूं, क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद है : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गुजरात के नवसारी जिले में लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि आज इस दिन गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे।

आज पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और यह आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में आप सभी माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिला। आज महिला दिवस का दिन है और मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं। मोदी ने कहा कि गुजरात की इस धरती से मैं सभी देशवासियों को, देश की सभी माताओं-बहनों को महिला दिवस की शुभकामनाएं भी देता हूं।



# गुजरात कांग्रेस के आधे नेता भाजपा से मिले: राहुल

**एजेंसी, अहमदाबाद**

राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस की लीडरशिप में दो तरह के लोग हैं, उनमें बंटवारा है। एक हैं, जो जनता के साथ खड़े हैं, जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे हैं, जो जनता से कटे हुए हैं और दूर बैठते हैं और उसमें से आधे बीजेपी से मिले हैं।



राहुल ने कहा कि मेरी जिम्मेदारी है कि जो यह दो ग्रुप हैं, इनको छांटना है। कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं है। बब्बर शेर हैं, लेकिन पीछे से चेन लगी हुई है, तो वे चेन से बंधे हैं। यहां रेस के घोड़ों को बारात में बांध दिया जाता है। राहुल दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। शनिवार को दौरे का दूसरा दिन है। उन्होंने अहमदाबाद के जेड हॉल में प्रदेश के करीब 2 हजार कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। महिला दिवस के मौके पर राहुल गांधी ने महिला कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि गुजरात फंसा हुआ है, यह आगे बढ़ना चाहता है। गुजरात की कांग्रेस पार्टी उसको रास्ता नहीं दिखा पा रही है। मैं ये बातें डरकर नहीं बोल रहा हूं और न शरमाकर बोल रहा हूं।

**बोले- हमारे बब्बर शेर चेन से बंधे, यहां पार्टी नाकाम, यह कहने में शर्म नहीं**

# सीबीआई ने की देश में सोना तस्करी करने वाले गैंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विभिन्न हवाई अड्डों के जरिए विदेश से भारत में सोना लाने वाले तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अधिकारियों बताया कि सीबीआई राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के साथ निकट समन्वय में काम कर रही है, जिसने हाल में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर उनके पास से 12.56 करोड़ रुपए मूल्य का 14.2 किलोग्राम सोना बरामद किया था। सीबीआई की दो टीम आवश्यक जानकारी जुटाने के लिए मुंबई और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर पहुंच चुकी हैं।

# मणिपुर में आईईडी, ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** में सुरक्षाबलों ने व्यापक अभियान चलाकर 114 हथियार, परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी), ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद किए हैं।

यह अभियान दो सप्ताह की उस अवधि के समाप्त होने के बाद चलाया गया, जिसमें लोगों को लूटे और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को स्वेच्छा से जमा करने का मौका दिया था। सुरक्षाबलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों बिष्णुपुर, सेनापति, थौबल, जिरीबाम, चंदेल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम में अभियान चलाये। अभियान के दौरान कुल हथियार, आईईडी, ग्रेनेड, गोला-बारूद बरामद किए किए

## प्रतिबंधित संगठनों के 7 सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में अलग-अलग अभियानों में चार प्रतिबंधित संगठनों के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांग्लेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के दो सदस्यों को इंफाल पश्चिम जिले के लम्फेल इलाके से पकड़ा गया, जबकि इसी संगठन के एक अन्य सदस्य को बीर टिकेंद्रजीत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के गेट के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान मोइरंगथेम जीवन सिंह (27), लैशराम टिकेन सिंह (40) और थौदम प्रेमकुमार सिंह (38) के रूप में हुई है। लम्फेल से गिरफ्तार किए आरोपियों के पास से 50,000 रुपए भी बरामद किए हैं। वहीं, कांगलेई यावोल कानबा लुप (केवाईकेएल) संगठन के दो सदस्यों को तेंगनौपाल जिले में भारत-म्यांमा सीमा पर स्थित लोकचाओ नदी के पास से पकड़ा गया।

# विकास लगरपुरिया गिरोह का सदस्य रोहित पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने विकास लगरपुरिया गिरोह के कुख्यात सदस्य रोहित गहलोत को दो देसी पिस्तौल और 3 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपि रोहित पहले से पांच मामलों में शामिल है। वह हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि रोहित गहलोत को गोलीबारी और हत्या के प्रयास के एक मामले में गिरफ्तार किया है। 30 अक्टूबर को रोहित अपने 4 साथियों के साथ आया और गोली चलाई। गोली पीड़ित के भाई रोहित भारद्वाज के कमर में लगी।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की कोशिश नाकाम

# एक तस्कर की मौत बीएसएफ जवान जख्मी

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में भारत-बांग्लादेश सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने तस्करी की एक कोशिश को नाकाम कर दिया है। इस घटना में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि बीएसएफ का एक जवान घायल हुआ है। यह घटना दार्जिलिंग जिले के खालपारा गांव के पास हुई है।

बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि 15-20 बांग्लादेशी बदमाशों का एक समूह अवैध रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय इलाके में काफी अंदर घुस गया था। मवेशियों और प्रतिबंधित सामान की तस्करी करने के लिए इन लोगों के साथ कुछ भारतीय बदमाश भी शामिल हो गए। भारतीय सीमा सुरक्षा बल के जवानों की नजर इस गिरोह पर पड़ी तो उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। बदमाशों ने जवानों की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए दरांती जैसे धारदार हथियार दाह और लाठियों से उन पर हमला कर दिया। इसके साथ ही अपराधियों ने सैनिकों पर पत्थर भी फेंके। बीएसएफ के जवानों ने हमलावरों को खदेड़ने के लिए गैर-घातक गोला-बारूद का इस्तेमाल किया, लेकिन हमलावर शांत नहीं हुए।

# मारुति सुजुकी का वाहन ऋण के लिए हीरो फिनकॉर्प से समझौता

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने शनिवार को हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी में मारुति सुजुकी इंडिया के व्यापक नेटवर्क और हीरो फिनकॉर्प के नए और पुराने कार लोन के लिए अनुकूलित वित्तीय समाधानों का लाभ उठाया जाएगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस एमओयू को दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में औपचारिक रूप दिया गया, जिनमें मारुति सुजुकी इंडिया की ओर से मार्केटिंग और बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी, एलाइड बिजनेस के उपाध्यक्ष कमल महत्ता मौजूद रहे।

# पाकिस्तान ने अफगान नागरिकता से 31 मार्च तक देश छोड़ने को कहा

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** सरकार ने सभी अवैध विदेशियों को उनके देश वापस भेजने की योजना के तहत अफगान नागरिकता कार्ड (एसीसी) धारकों के लिए स्वेच्छा से पाकिस्तान से जाने की अंतिम तिथि 31 मार्च तय की है। एक आधिकारिक दस्तावेज में यह जानकारी दी गई।

मीडिया में कथित रूप से लीक हुए इस दस्तावेज में संकेत दिया है कि इस्लामाबाद और रावलपिंडी में रह रहे एसीसी धारकों को अफगानिस्तान वापस भेजा जाएगा।

यह अफगान प्रवासियों के लिए बहुचरणीय पुनर्वास योजना का हिस्सा होगा। आतंकवाद के मुद्दे पर इस्लामाबाद और काबुल के बीच बिगड़ते संबंधों के मद्देनजर यह निर्णय लिया है और इसका असर उन आठ लाख से अधिक अफगान शरणार्थियों पर पड़ सकता है, जिनके पास एसीसी होने से वे दस्तावेज वाले शरणार्थियों की श्रेणी में शामिल हैं, जबकि सैकड़ों और हजारों लोग बिना दस्तावेज के यहां शरण लिए हुए हैं।

इसमें कहा गया है कि अवैध विदेशी प्रत्यावर्तन कार्यक्रम (आईएफआरपी) को एक नवंबर 2023 से लागू किया गया है।

**आतंकवाद के मुद्दे पर हालात बिगड़ने पर लिया निर्णय**

# दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति जेल से रिहा

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल को शनिवार को जेल से रिहा कर दिया गया। जेल से बाहर आने के बाद येओल ने अपने समर्थकों का हाथ हिलाकर और सिर झुकाकर अभिवादन किया।

इससे एक दिन पहले, देश की एक अदालत ने राष्ट्रपति येओल की गिरफ्तारी को रद्द करते हुए, उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दिया था। अदालत के इस फैसले से यून को अपने ऊपर लगे आरोपों के लिए मुकदमा चलाने की अनुमति मिल गई। यून को पिछले वर्ष के अंत में 'मार्शल लॉ' लागू करने के लिए जनवरी में गिरफ्तार किया गया था और उन पर महाभियोग लगाया गया था।

# आरबीआई कर सकता है ब्याज दरों में कटौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** की मुद्रास्फीति जनवरी में 5.22 प्रतिशत से घटकर 4.31 प्रतिशत हो गई। लगातार चार महीने तक मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से ऊपर रहने के बाद यह आरबीआई के 4 प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुंच गई।




यह ट्रेंड संभावित दरों में कटौती की संभावना को मजबूत करता है, जिसमें रेपो रेट 6.25 प्रतिशत पर है। मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड की रिपोर्ट के अनुसार, बाजार की स्थिति निवेशकों के बीच सतर्कता की भावना को दर्शाती है, जो आर्थिक स्थितियों, सेक्टर-स्पेसिफिक विकास और ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट के रुझानों से जुड़ी है। फरवरी में निफ्टी 500 इंडेक्स में 7.88 प्रतिशत की गिरावट आई। फैक्टर-बेस्ड रणनीतियों ने बाजार मूवमेंट को दर्शाया, जबकि निफ्टी 5 ईयर बेंचमार्क जी-सेक (+0.53 प्रतिशत) सहित निश्चित आय वाले साधनों ने स्थिरता प्रदर्शित की। रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर विकसित बाजारों में मिश्रित गतिविधियां देखने को मिलीं, जहां स्विट्जरलैंड ने 3.47 प्रतिशत और यूनाइटेड किंगडम ने 3.08 प्रतिशत बढ़त दर्ज की, जबकि जापान ने 1.38 प्रतिशत गिरावट दर्ज की।

## स्पोर्ट्स विंडो

### कई मसलों के बावजूद चैंपियंस ट्रॉफी को सफल मानते हैं पाक विशेषज्ञ

**एजेंसी, कराची।** बारिश के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के तीन मैच रद्द होने, टीम के बाहर होने के बाद स्थानीय दर्शकों की दिलचस्पी खत्म होने, स्टेडियम तैयार करने पर पानी की तरह पैसा बहाने, हाइब्रिड मॉडल, सुरक्षा के कड़े उपायों के बावजूद पाकिस्तान में विशेषज्ञों का मानना है कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन सफल रहा और भविष्य में यहां और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट हो सकेंगे। सुरक्षा कारणों से भारत के पाकिस्तान में खेलने से इनकार के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल पर हुआ, जिसमें भारत ने सारे मैच दुबई में खेले। पाकिस्तान की टीम नॉकआउट चरण में भी नहीं पहुंच सकी। क्रिकेट विश्लेषक ओमेर अलावी ने कहा,''लाहौर में सेमीफाइनल से एक दिन पहले बन्नू में आतंकी हमले की घटना हुई जिसे देखते हुए हमें शुक्र मनाना चाहिये कि इतने बड़े टूर्नामेंट में एक भी अप्रिय घटना नहीं हुई।'' पाकिस्तान ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी में 16000 के करीब पुलिस और अर्द्धसैनिक बल तैनात कर रखे थे। आस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ, दक्षिण अफ्रीका के तेम्बा बावुमा और न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनेर बोल ही चुके हैं कि पाकिस्तान में कड़े सुरक्षा उपायों के बाद दुबई में खेलकर वह कितनी राहत महसूस कर रहे थे।

### फाइनल में बराबरी का मुकाबला: भट्ट

**एजेंसी, दुबई।** यूएई महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान चारवी भट्ट पिछले कुछ साल में मध्य पूर्व में खेल की बढ़ती लोकप्रियता से उत्साहित हैं और उनका मानना है कि चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड की जीत की संभावनायें बराबर हैं। भारत और न्यूजीलैंड रविवार को फाइनल में एक दूसरे के आमने सामने होंगे। मूल रूप से मुंबई की रहने वाली और आठ साल से यूएई की कप्तानी कर रही चारवी ने पीटीआई वीडियो से कहा,''यहां क्रिकेट की लोकप्रियता काफी बढ़ी है। लोग बड़ी संख्या में क्रिकेट देख रहे हैं। हर जगह से प्रशंसक आ रहे हैं जो अभ्यास सत्र में, मैच के दिन दिख रहे हैं।'' एक स्थानीय रेडियो स्टेशन के लिये कमेंट्री कर रही भट्ट ने कहा,''ये खिलाड़ियों से बात करना चाहते हैं, उन्हें देखना चाहते हैं, यह अद्भुत है।'' फाइनल को लेकर पूछने पर उन्होंने कहा,''दोनों टीमें अच्छी हैं। मैने क्रिकेट खेला है और मुझे पता है कि फील्डिंग कितनी अहम है, खासकर 50 ओवरों के प्रारूप में। भारतीय टीम ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन न्यूजीलैंड के पास भी बेहतरीन स्पिनर हैं और उन्हें स्पिन को बखूबी खेलना भी आता है।''

### शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्वेरेव को दूसरे दौर में मिली हार

**एजेंसी, इंडियन वेल्स।** नीदरलैंड के टालोन ग्रीकस्पूर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को बीएनपी परीबस ओपन के दूसरे दौर में 4-6, 7-6 (5), 7-6 (4) से हरा दिया। इससे आठ दिन पहले ज्वेरेव को अमेरिका की लीर्नर टियेन ने मैक्सिको में 6 -3, 6-4 से मात दी थी। ग्रीकस्पूर का सामना अब जियोवान्नी एमपेत्शी से होगा।

### होली फर्लिंग की खूबसूरत अदा

**ऑस्ट्रेलिया।** होली फर्लिंग एक महिला क्रिकेटर हैं, जिन्होंने 2013 में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम के लिए खेलना शुरू किया था। फर्लिंग का करियर बहुत लंबा नहीं रहा, क्योंकि 2013 में डेब्यू के बाद उन्होंने 2016 में अपना अंतिम मैच खेला था।



**चैंपियंस ट्रॉफी : फाइनल** रोहित-विराट को लेकर जज्बात से ऊपर उठकर न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना होगा भारत को

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच महामुकाबला आज

**एजेंसी, दुबई**

अब तक अपने प्रतिद्वंद्वियों और आलोचकों को हाशिये पर रखने में कामयाब रही भारतीय टीम को 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम से तो रविवार को फाइनल में पार पाना ही होगा, लेकिन साथ ही विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को लेकर जज्बाती होने से भी बचना होगा।

भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है और आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूजीलैंड का उसके खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 10-6 का है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ चार में से तीन मुकाबले जीते हैं। क्रिकेट जगत का एक तबका सारे मैच दुबई में खेलने का अनुचित फायदा उठाने के लिए भारत की लगातार आलोचना कर रहा है, लेकिन अब इस तर्क में दम नहीं लगता क्योंकि न्यूजीलैंड टीम भी यहां खेल चुकी है। भारतीय टीम का आत्मविश्वास इसलिये भी बढा हुआ है, क्योंकि उसकी स्पिन चौकड़ी दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सपाट पिच पर काफी कामयाब रही है।



**25 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी में भिड़ेंगी दोनों टीमें**

ऐसा लगता है कि भारतीय टीम चार स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों का संयोजन लेकर ही उतरेगी।

दाएं हाथ के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने विरोधी बल्लेबाजों को पूरे टूर्नामेंट में परेशान रखा है। रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती दी है। उनकी सटीकता ने बल्लेबाजों को गैर जिम्मेदाराना शॉट्स खेलने के लिये मजबूर किया। अगर फाइनल उसी पिच पर खेला जाता है जहां भारत और पाकिस्तान का मैच हुआ था तो ये चारों गेंदबाज फिरकी के जाल में कीवी टीम को बुरी तरह फांस सकते हैं।

न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी उम्मीद केन विलियमसन और रचिन रविंद्र होंगे, जो स्पिन को खेलने में महारत रखते हैं। न्यूजीलैंड के पास भी कप्तान मिचेल सेंटनेर, माइकल ब्रेसवेल, रविंद्र और ग्लेन फिलिप्स के रूप में धुरंधर स्पिनरों की चौकड़ी है जो उनके लिए यही काम कर सकती है।

पिछले साल टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने भारत को काफी परेशान किया था और एक बार फिर वे 2000 के बाद पहली बार आईसीसी वनडे खिताब जीतने की कोशिश में उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। 25 साल पहले नैरोबी में न्यूजीलैंड ने फाइनल में भारत को हराकर नॉकआउट टूर्नामेंट जीता था। विराट कोहली और रोहित शर्मा को बड़ी भूमिका निभानी होगी। उनके कैरियर का आखिरी पड़ाव अब मैच दर मैच निकट आता दिख रहा है। यह कहा नहीं जा सकता कि इतने समय से भारतीय क्रिकेट की सेवा कर रहे दोनों धुरंधरों का यह आखिरी टूर्नामेंट होगा या नहीं। अगर होता है तो दोनों खिताब के साथ विदा लेना चाहेंगे।

पिछले कुछ समय से 20-30 रन बनाकर संतुष्ट दिख रहे रोहित को रवैये में बदलाव करके क्रीज पर लंबे समय तक टिकना होगा। इससे मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर से दबाव कम होगा। मैट हेनरी के चोटिल होने से भी वह राहत महसूस कर रहे होंगे, क्योंकि इस तेज गेंदबाज ने अतीत में उन्हें काफी परेशान किया है।

**मैच : दोपहर 2 : 30 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल , विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल , हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत, रविंद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**न्यूजीलैंड:** मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओरूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी।

### दुबई में तेज गेंदबाजों ने ज्यादा विकेट झटके

**रिकॉर्ड** की बात करें तो अब तक दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में कुल 860 विकेट गिरे हैं। इसमें से तेज गेंदबाजों ने 493 विकेट झटके हैं, जबकि स्पिनर्स को 350 विकेट मिले हैं। अन्य तरह के गेंदबाजों को 17 विकेट मिले हैं। 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में कुल नौ मैच खेले गए हैं और 123 विकेट गिरे हैं। इनमें से तेज गेंदबाजों ने 70 विकेट लिए हैं, जबकि स्पिनर्स ने 50 विकेट लिए हैं। अन्य तरह के गेंदबाजों को तीन विकेट मिले हैं।

### भारत दुबई में अब तक अजेय है

**भारत** ने दुबई अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में अब तक कुल 10 वनडे खेले हैं और नौ में टीम जीत दर्ज करने में कामयाब रही है। एक मैच टाई रहा है। वहीं, कीवियों ने यहां तीन मैच खेले हैं और दो में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच का नतीजा नहीं निकला। भारत और न्यूजीलैंड की टीम इससे पहले साल 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में आमने-सामने आ चुकी है। अब 25 साल बाद टीम इंडिया के सामने उस हार का बदला लेने का मौका है।

### दुबई अंतराष्ट्रीय स्टेडियम के आंकड़े

**सबसे बड़ा स्कोर- 355/5**
इंग्लैंड vs पाकिस्तान, साल 2015
**सबसे कम टोटल 91 रन**
नामीबिया vs यूएई, साल 2023
**सबसे ज्यादा रन**
424 रन (रिची बेरिंग्टन)
**सबसे ज्यादा शतक**
2 (केविन पीटरसन)
**सबसे ज्यादा अर्द्धशतक-4** (जतिंद्र सिंह)
**सबसे ज्यादा विकेट- 25** (शाहिद अफरीदी)

### ग्रुप चरण में भारत से मिली हार से बहुत कुछ सीखा है : यंग

**भारत** के हाथों ग्रुप चरण में मिली हार से अविचलित न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग को उम्मीद है कि उनकी टीम रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में रोहित शर्मा की टीम की कमजोरियों का फायदा उठा सकेगी। यंग ने डेवोन कोंवे और रचिन रविंद्र के साथ टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दी है। उन्होंने आईसीसी से कहा,''हम ग्रुप चरण की हार से काफी कुछ सीखे हैं। खासकर एक बल्लेबाज के तौर पर मैंने, लेकिन गेंदबाजों ने भी भारतीय बल्लेबाजों को और उनके खेलने के तरीके को देखा।'' उन्होंने कहा,''उनके खेलने की शैली को देखा और इन हालात में वह किस तरह खेलेंगे, इसे भी समझा।'' 32 वर्ष के इस क्रिकेटर ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड ने कई रोमांचक मुकाबले खेले हैं और मैच के दिन जो टीम अच्छा खेल जाएगी, वही जीतेगी।



## रोहित की कप्तानी में लगातार चौथा आईसीसी फाइनल खेलेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में 9 मार्च को भारत का सामना दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप के रूप में एक ही खिताब जिता सके, उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार मिली। टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। टीम ने 2013 में खिताब जीता, लेकिन 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली। अब रोहित की कप्तानी में टीम के पास 12 साल बाद इस आईसीसी खिताब को जीतने का मौका है।

### कप्तान रोहित ने जिताए 87 प्रतिशत आईसीसी मैच

**रोहित** शर्मा ने 2 टी-20 वर्ल्ड कप, 1 वनडे वर्ल्ड कप, 1 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और 1 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की कप्तानी की। इन 5 आईसीसी टूर्नामेंट में भारत ने 30 मैच खेले, 26 जीते और महज 4 में टीम को हार मिली। हालांकि, रोहित ने जो 4 मैच गंवाए, उनमें से 3 मुकाबले नॉकआउट स्टेज में रहे। इनमें भी 2 हार फाइनल में मिलीं। केवल एक बार उन्हें एक ही टूर्नामेंट में 2 हार मिली, यह टूर्नामेंट 2022 का टी-20 वर्ल्ड कप था। तब टीम को ग्रुप स्टेज में साउथ अफ्रीका और सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने हरा दिया था। आईसीसी के 4 टूर्नामेंट होते हैं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप, वनडे वर्ल्ड कप, टी-20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी। इनमें भारत के सबसे सफल कप्तान एमएस धोनी हैं। जिन्होंने टीम को 69 प्रतिशत मैच जिताए। उनके नाम आईसीसी के 3 टाइटल भी रहे। रोहित मैच जीतने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। हालांकि, उनकी कप्तानी में टीम एक ही टाइटल जीत सकी है।

## भारत प्रबल दावेदार लेकिन न्यूजीलैंड टीम भी बहुत मजबूत : रवि शास्त्री

**एजेंसी, दुबई**

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को प्रबल दावेदार बताया है लेकिन कहा कि फायदा ज्यादा नहीं होगा क्योंकि न्यूजीलैंड काफी मजबूत टीम है।



भारतीय टीम ने अपने सारे मैच दुबई में खेले और सभी जीतकर फाइनल में पहुंची है। सेमीफाइनल में भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया था। न्यूजीलैंड टीम ग्रुप ए में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रही थी जिसे भारत ने लीग चरण में हराया था। न्यूजीलैंड ने लाहौर में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात दी।

शास्त्री ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा,''अगर भारत को कोई टीम हरा सकती है तो वह न्यूजीलैंड है। भारत प्रबल दावेदार है लेकिन बहुत ज्यादा फायदा नहीं है।'' भारत और न्यूजीलैंड का सामना 2000 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भी हुआ था जिसमें न्यूजीलैंड ने चार विकेट से जीत दर्ज की थी। उन्होंने न्यूजीलैंड के चार खिलाड़ियों का जिक्र किया जो फाइनल का रुख बदल सकते हैं। उन्होंने रचिन रविंद्र को 'बेहद प्रतिभाशाली' करार दिया, जबकि केन विलियमसन की 'स्थिरता और संत जैसे शांत स्वभाव' की तारीफ की। उन्होंने कप्तान मिचेल सेंटनेर को बुद्धिमान कप्तान और ग्लेन फिलिप्स को टीम का 'एक्स फैक्टर' कहा।

शास्त्री ने विराट कोहली के मौजूदा फॉर्म को 'गेम चेंजर' करार दिया जबकि निर्णायक क्षणों में अच्छे प्रदर्शन के लिए विलियमसन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा,''कोहली के मौजूदा फॉर्म की बात करें तो अगर ऐसे खिलाड़ियों को शुरुआती दस रन बना लेने दें तो बाद में वे लंबा खेलते हैं। विलियमसन हों या कोहली। न्यूजीलैंड के लिए मैं कहूंगा विलियमसन। कुछ हद तक रविंद्र भी जो शानदार युवा खिलाड़ी है।'' रविंद्र आईसीसी 50 ओवरों के टूर्नामेंटों में पांच शतक जमा चुके हैं और ऐसा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। शास्त्री ने कहा,''जिस तरह से क्रीज में वह मूव करता है, मुझे बहुत पसंद है। वह प्रवाहमयी बल्लेबाजी करता है और उसके पास कई स्ट्रोक्स हैं।

## भारतीय टीम ने स्पिनर्स के खिलाफ **बहाया पसीना**

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय बल्लेबाजों ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में रविवार को न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनर और माइकल ब्रेसवेल का सामना करने से पहले शुक्रवार को बाएं हाथ और ऑफ स्पिन के खिलाफ अपना कौशल को निखारा। शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों विराट कोहली आदि ने वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा की घरेलू स्पिन चौकड़ी का सामना करने के बाद स्थानीय स्पिनरों का सामना किया। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को कुछ मदद मिलने की उम्मीद है, इसलिए भारतीय बल्लेबाज कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते।



## महिला दिवस पर राजस्थान रॉयल्स ने लांच की '**पिंक प्रॉमिस**' जर्सी

**एजेंसी, जयपुर**

राजस्थान रॉयल्स ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक मई को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए 'पिंक प्रॉमिस' जर्सी लांच की। राजस्थान रॉयल्स फाउंडेशन (आरआरएफ) ने महिलाओं के नेतृत्व वाली पहल को बढ़ावा देने के लिए 'औरत है तो भारत है' नामक अभियान फिल्म लॉन्च की।

राजस्थान रॉयल्स की टीम राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण परिवर्तन के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के लिए खरीदे गए प्रत्येक टिकट के लिए 100 रुपए का योगदान भी करेंगे। इसके अलावा इस विशेष 'ऑल-पिंक रॉयल्स जर्सी' की बिक्री से होने वाली राशि सीधे आरआरएफ को इसके सामाजिक प्रभाव पहल का समर्थन करने के लिए जाएगी। किसी भी टीम द्वारा मैच में हर छक्के के लिए राजस्थान रॉयल्स और आरआरएफ सांभर क्षेत्र में छह घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कहा, ''पिंक प्रॉमिस' के जरिये हम केवल लोगों पर ही नहीं बल्कि उनके परिवारों और समुदायों पर एक स्थायी प्रभाव पैदा करने का प्रयास करते हैं। पिछले साल हमने खुद देखा कि कैसे इस पहल ने जीवन को बदल दिया।''




## अरविंद को आखिरकार मिल रहा है वर्षों के त्याग और कड़ी मेहनत का फल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्राग मास्टर्स में खिताब जीतने वाले अरविंद चिंदबरम वैश्विक शतरंज में डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंद की तुलना में देर से उभरे हैं और 25 साल की उम्र में उन्होंने जिस तरह से जीवन की बाधाओं को पार किया है, उसे देखते हुए लगता है कि वह प्रगति करते रहेंगे। मदुरै में जन्मे अरविंद जब तीन वर्ष के थे, उन्होंने अपने पिता को खो दिया था और उनकी मां एलआईसी एजेंट के रूप में काम करती थीं। उन्होंने मदुरै छोड़कर चेन्नई में बसने का फैसला किया जो भारत की अनौपचारिक शतरंज की राजधानी है।

अब वर्षों के त्याग और कड़ी मेहनत का फल आखिरकार मिल रहा है। विश्व चैंपियन गुकेश वेल्लामल स्कूल में पढ़ते थे और अब वहीं से एक और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिल गया है। अरविंद आखिरकार गुकेश के सीनियर हैं। अरविंद को प्राग में जीत से पोलैंड में प्रतिष्ठित ग्रैंड शतरंज टूर के लिए वाइल्ड कार्ड मिल गया है। उन्होंने कहा, ''टूर्नामेंट के दौरान मुझे निमंत्रण मिल रहे हैं और ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड और ब्लिट्ज (टूर्नामेंट) उनमें से एक है।'' आमतौर पर विश्व रैंकिंग में शीर्ष-20 में जगह बनाने पर शीर्ष टूर्नामेंट में कम से कम कुछ निमंत्रण की गारंटी होती है, लेकिन प्राग से पहले ही अरविंद ने शारजाह मास्टर्स और बील इंटरनेशनल में अपनी भागीदारी की पुष्टि की थी जो क्रमश: मई और जुलाई में होने वाले इवेंट हैं।

अरविंद को अब चोलामंडलम समूह का समर्थन प्राप्त है, लेकिन बहुत कम लोगों को याद है कि जब 2013 में विश्वनाथन आनंद ने चेन्नई में मैग्नस कार्लसन को अपना विश्व खिताब गंवा दिया था, उसी समय स्कूली छात्र अरविंद शहर के दूसरी ओर एक अंतरराष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता में ध्यान आकर्षित कर रहे थे।

**क्रिकेट** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गए थे बुमराह

## बुमराह नहीं खेलेंगे शुरुआती आईपीएल मैच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और लखनऊ सुपर जायंट्स के पेसर मयंक यादव इस सीजन शुरुआती आईपीएल मैच मिस सकते हैं। दोनों तेज गेंदबाज बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार बुमराह की मेडिकल रिपोर्ट ठीक है। उन्होंने सीओई में गेंदबाजी फिर से शुरू कर दी है। हालांकि, आईपीएल की शुरुआत में उनके गेंदबाजी करने पर अभी संदेह है। वह अप्रैल के पहले सप्ताह में वापसी कर सकते हैं। बुमराह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी टेस्ट मैच में चोटिल हो गए थे। लोअर बैक इंजरी के चलते बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से भी वह बाहर हो गए थे। मयंक यादव पिछले आईपीएल में चोटिल हो गए थे। उसके बाद से वह केवल 3 ही घरेलू और इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वे मांसपेशियों के खिंचाव से परेशान हैं।



### बुमराह पर धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा वर्क लोड

**रिपोर्ट** में कहा गया है कि बुमराह मुंबई इंडियंस के लिए शुरुआती 3-4 मैच नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने गेंदबाजी शुरू कर दी है, लेकिन अभी पूरी ताकत से गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। धीरे-धीरे वर्कलोड बढ़ाया जाएगा। जब तक वह बिना किसी परेशानी के पूरी ताकत से गेंदबाजी नहीं करते हैं, तब तक मेडिकल टीम उन्हें खेलने की मंजूरी नहीं देगी।

### इंग्लैंड के लिए युवा पेसर्स पर नजर

**शमी** और बुमराह की फिटनेस समस्या को देखते हुए इंग्लैंड दौरे पर टीम मैनेजमेंट पूरी तरह इन पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। इसलिए अन्य गेंदबाजों पर भी टीम की नजरें हैं। मोहम्मद सिराज के साथ ही हर्षित राणा, आकाशदीप, मुकेश कुमार और अर्शदीप पर भी चयनकर्ताओं की नजरें होंगी। इंग्लैंड में टेस्ट से पहले इंडिया ए का दौरा अहम होगा। जहां युवा तेज गेंदबाजों को अपनी योग्यता साबित करनी होगी।

### मयंक ने डेब्यू मैच में ही सबसे तेज गेंद फेंकी

**पिछले** साल लखनऊ सुपर जायंट्स से आईपीएल में डेब्यू के दौरान मयंक ने 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वह डेब्यू पर प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले पहले पेसर बने। हालांकि, मयंक के नाम की चर्चा इस वजह से नहीं हुई कि उन्होंने 3 विकेट लिए या प्लेयर ऑफ द मैच बने। 155.8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की गेंद ने उनका नाम क्रिकेट प्रेमियों की जुबान पर लाया। उन्होंने पंजाब किंग्स खिलाफ अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद 155.8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपनी 24 में से 6 गेंदें 150 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ऊपर की फेंकी।

### जोबर्ग ओपन में शर्मा तीसरे स्थान पर, अहलावत ने कट में किया प्रवेश



**जोहानिसबर्ग।** शुभंकर शर्मा ने जोबर्ग ओपन गोल्फ के दूसरे दौर में छह अंडर 65 स्कोर करके संयुक्त तीसरा स्थान हासिल कर लिया, जबकि पहले दौर में वह संयुक्त 17वें स्थान पर थे। शॉन नौरिस कान के संक्रमण से जूझने के बावजूद शीर्ष पर हैं, जबकि फ्रांस के एड्रियन सेडियेर उनसे एक शॉट पीछे हैं। शर्मा और कोनोर साइमी तीसरे स्थान पर है। भारत के वीर अहलावत ने दूसरे दौर में सात अंडर 63 का शानदार स्कोर करके संयुक्त 30वां स्थान हासिल कर लिया जबकि पहले दौर के बाद वह संयुक्त 127वें स्थान पर थे।